वर्ष 72 अंक 300 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 28 जुलाई, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

यह बेहतर होता है कि आप पीछे से नेतृत्व करें और दूसरों को आगे बढ़ने का मौका दें, खासकर जब सफलता मिलती है या अच्छे काम होते हैं। लेकिन जब कोई खतरा आता है, तो सबसे आगे आप खड़े हों। तब लोग आपके नेतृत्व की सच्ची सराहना करेंगे। -नेल्सन मंडेला

AKS University Satna
Agriculture
ICAR Accredited
भाकृअनुप ICAR
B.Sc. (Hons.) Agriculture
REWA 8889717776 8889647776
SIDHI 8889587776
AMANGANJ 7692807776
CAMPUS 8889207776

### हरिद्वारः अचानक भीड़ बढ़ने से धक्का-मुक्की, सीढ़ियों पर करंट की अफवाह फैलने से हुआ हादसा

# मनसा देवी मंदिर में अफरा-तफरी के बाद भदगड़, 6 लोगों की मौत

**हरिद्वार, जेएनएन।** सावन का पवित्र दिन और भक्ति से भरी सुबह। सिर पर चुनरी और हाथों में प्रसाद फूल लिए हजारों श्रद्धालु मनसा देवी मंदिर की सीढ़ियों पर उमड़े थे, लेकिन कुछ ही पलों में वह आस्था चीखपुकार में बदल गई और सीढ़ियों पर बिखरी रह गई, तो वहीं चप्पलें और टूटी चूड़ियां। इस खौफनाक मंजर की वजह थी वो एक आवाज जिसने लोगों में सीढ़ियों पर करंट वाले तार की अफवाह फैला दी और इसी अफवाह ने श्रद्धा को मातम में बदल दिया। मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह मची भगदड़ में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिसमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। वहीं २३ लोगों के घायल होने की खबर है। इन घायलों में 8 महिलाएं और 7 बच्चे शामिल होने की भी खबर है। मंदिर तक पहुंचने का रास्ता केवल एक ही है, जहां सिर्फ पैदल ही पहुंचा जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि घटना बिजली का तार टूटने की अफवाह से हुई। हालांकि, विस्तृत जांच की जा रही है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति बिजली का करंट लगने से झुलस गया, जबकि अन्य की मौत भगदड़ के दौरान लगी चोटों से हुई। वहीं नगर थाना प्रभारी रितेश साहा ने बिजली तार गिरने की बात कही है। उन्होंने कहा, जिस समय बिजली का तार टूटा, उस समय मार्ग पर भीड़भाड़ थी।



### चश्मदीदों ने बयां किया मंजर

घायल हुए लोगों ने आपबीती बताई। एक घायल ने बताया कि वह भगदड़ के दौरान नीचे गिर गया। कुछ लोगों ने बताया कि लड़ाई हो रही थी और हादसे के दौरान मंदिर में बहुत भीड़ थी। एक अन्य घायल ने कहा, वहां बहुत भीड़ थी। किसी ने चिल्लाकर कहा शॉर्ट-सर्किट हो गई है। कुछ लोगों ने कहा, मंदिर में दर्शन संभव नहीं होगा। इसके बाद भगदड़ मच गई।

**मरने वाले:** आरुष (12) बरेली उप्र, विक्की (18) रामपुर, बाराबंकी निवासी वकील और बदायूं निवासी शांति की मौत हुई है। बिहार के अररिया निवासी शकल देव (18) और उत्तराखंड के काशीपुर निवासी विपिन सैनी (18 वर्षीय) भी मृतकों में शामिल हैं।

### 23 घायल

हादसे में 23 लोग घायल हैं, जिनमें इंद्र पानीपत, दुर्गा देवी दिल्ली, शीतल रामपुर, भूपेंद्र बदायूं, अर्जुन मुरादाबाद, कृति, राज कुमार मोतीहारी, अजय बडियारपुर, रोहित शर्मा मैनपुरी, विकास बरेली, काजल मुरादाबाद, अराधना कुमारी भागलपुर, विनोद शाह भागलपुर, निर्मला बरेली, विशाल रामपुर, अनुज मुरादाबाद, एकांक्षी धामपुर, संदीप मुरादाबाद, रोशन लाल, दीक्षा रामपुर, अजय कुमार मुंगेर, मनोज शरण बरेली आदि शामिल है। 23 घायल जिला चिकित्सालय में भर्ती हैं।

### पहले भी हुई हैं ऐसी घटनाएं

- **4 जून 2025:** बेंगलुरु में भगदड़ , 11 लोगों की मौत
- **3 मई 2025 :** गोवा के मंदिर में भगदड़, 6 लोगों की मौत
- **16 फरवरी 2025:** नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़, 18 की मौत
- **29 जनवरी 2025:** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़, 30 की मौत
- **2 जुलाई, 2024:** हाथरस में भगदड़ से 121 लोगों की चली गई थी जान

### शिवपुरी में थाने के सामने लगी पंचायत

# सरे बाजार जूता सिर पर रखवाकर मंगवाई माफी

- कांग्रेस बोली-भाजपा नेता के इशारे पर दी तालिबानी सजा

**जागरण, शिवपुरी।** थाने के सामने युवक से सिर पर जूता रखकर माफी मंगवाने का वीडियो सामने आया है। कांग्रेस का कहना है कि इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा, मंडल महामंत्री पवन गुप्ता समेत भाजपा नेता मौजूद थे। उनके इशारे पर ही युवक को तालिबानी सजा दी गई। हालांकि, संबंधित नेताओं व टीआई ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है। वहीं, पीड़ित का कहना है कि उसे इस बारे में कुछ नहीं कहना है। मामला बैराड़ कस्बे में शनिवार दोपहर का है। बैराड़ निवासी व्यापारी के बेटे अनुराग (बदला नाम) और जिलाबदर अपराधी सुल्तान रावत के बेटे कुलदीप के बीच 25 दिन पहले विवाद हुआ था। कुलदीप का घर माता रोड पर तालाब के पास है। अनुराग और उसके साथी तालाब की ओर जा रहे थे, तभी एक-दूसरे पर कंकड़ फेंक रहे थे। इनमें से एक कंकड़ कुलदीप के दरवाजे पर लग गया था। कुलदीप ने उलाहना दिया तो दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। अनुराग ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कुलदीप को पीट दिया था। उस समय कुलदीप ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई, लेकिन दोनों पक्षों के बीच तनातनी चली आ रही थी।



### दो में से एक गिरफ्तार

एएसपी संजीव मुले ने बताया कि आरोपी कुलदीप रावत और छोटू रावत के खिलाफ थाना बैराड़ में सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक, मूलवंशीय व जातियों के बीच सौहार्द पर प्रतिकूल प्रभाव डालकर लोक शांति भंग की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी छोटू को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे की तलाश है। शनिवार को विवाद सुलझाने के लिए पूर्व मंत्री राठखेड़ा समेत कई नेताओं और समाजसेवियों की पंचायत बुलाई गई। इसमें निर्णय लिया गया कि अनुराग को कुलदीप और उसके साथी छोटू का जूता अपने सिर पर रखकर माफी मांगनी होगी। इसके बाद ही विवाद खत्म माना जाएगा।

**सियासत तेज:** पोहरी से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह ने मामले में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इसे शर्मनाक घटना और तालिबानी सजा करार दिया।

### ऑफ बीट

## लाबूबू गुड़िया ने कर दिया मालमाल

*इन दिनों सभी की जबान पर लाबूबू गुड़िया का ही नाम है, जो थोड़ा प्यारा और डरावना खिलौना है। भारत समेत कई देशों के लोग इसे शौक से खरीद रहे हैं। ये गुड़िया असल में विचित्र राक्षस होती हैं, जिन्हें एक दशक पहले हांगकांग के कलाकार कासिंग लुंग ने बनाया था। अब इस गुड़िया ने एक व्यक्ति को मालामाल कर दिया है। वह खिलौनों को मरम्मत करते हैं और लाबूबू गुड़िया भी उसमे शामिल है। एक साधारण लाबूबू खिलौने की कीमत 99 युआन यानि 1,197 रुपए होती है। हार्ट मैन ने बताया कि मरम्मत का खर्च लाबूबू की कीमत का 10 प्रतिशत होता है। इस गुड़िया को महिलाएं अपने पर्स आदि पर लटकाकर बाहर ले जाना पसंद करती हैं। इस वजह से यह खिलौना गंदा हो जाता है या टूट जाता है।*

## 16वीं विधानसभा का मानसून सत्र आज से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की १६वीं विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। 12 दिवसीय इस सत्र में 10 बैठकें होंगी। रविवार को स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के अनुसार इस १२ दिवसीय सत्र में सदन की कुल 10 बैठकें होंगी। बजट सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में तारांकित प्रश्न 1718 एवं अतारांकित प्रश्न 1659 कुल 3377 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं,जबकि ध्यानाकर्षण की 226, स्थगन प्रस्ताव की 01, अशासकीय संकल्प की 23, शून्यकाल की 65, नियम-139 की 1 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। शासकीय विधेयक भी 3 प्राप्त हुए हैं।

## कांगो में चर्च पर आतंकी हमला, 21 की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी कांगो में रविवार को एक इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोही समूह अलाइड डेमोक्रेटिक फ़ोर्स (एडीएफ) की ओर से किए गए हमले में 21 लोग मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, ये हमले कोमांडा शहर के एक कैथोलिक चर्च परिसर में हुए। हमलावरों ने रात में चर्च और आसपास की कई दुकानों व घरों में आग भी लगा दी। कांगो के कोमांडा शहर के नागरिक समाज समन्वयक डियूडोने डुरानथाबो ने बताया कि हमले में 21 से ज्यादा लोग मारे गए। कुछ शव जले हुए पाए गए और कई घरों में आग लगी है। फिलहाल, तलाशी अभियान जारी है। कांगो सेना ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या को लेकर एक कम आंकड़ा दिया। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जूल्स न्गोंगो ने कहा कि हमला करीब 10 लोगों की मौत का कारण बना, लेकिन इसके साथ-साथ कई दुकानों में भी आग लगाई गई। अलाइड डेमोक्रेटिक फ़ोर्स (एडीएफ), जो इस्लामिक स्टेट से जुड़ा एक प्रमुख विद्रोही समूह है, कांगो और युगांडा के सीमावर्ती इलाकों में लगातार आतंक फैला रहा है। यह समूह एक दशक से अधिक समय से इन क्षेत्रों में नागरिकों पर हमले करता आ रहा है।

# हरदा लाठीचार्जः एसडीएम सहित 3 अफसर हटाए गए

### एसडीओपी पर भी कार्रवाई, दो टीआई अटैच

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** हरदा के राजपूत छात्रावास में हुए लाठीचार्ज की घटना के 13 दिन बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और एसडीओपी सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को हटा दिया गया है। ये कार्रवाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर की गई है।

हरदा में 13 जुलाई को हो रहे प्रदर्शन के दौरान राजपूत छात्रावास में लाठीचार्ज किया गया था,जिस पर सीएम ने नाराजगी जताई थी। रविवार को सीएम ने एक्स पर लिखा, हरदा में 13 जुलाई को राजपूत छात्रावास में घटित प्रकरण की जांच के बाद एएसपी, एसडीएम एवं एसडीओपी को तत्काल प्रभाव से हटा गया है। टीआई कोतवाली एवं टीआई ट्रैफिक को नर्मदापुरम आईजी कार्यालय में अटैच किया गया है। छात्रावास में अनुचित बल प्रयोग एवं निराकरण में लापरवाही को लेकर यह एक्शन लिया गया है।



**सीएम ने दिए थे जांच के निर्देश**

मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा था। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने भी छात्रावास के छात्रों पर लाठीचार्ज पर असंतोष जताया था। घटना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विदेश प्रवास के दौरान जांच के आदेश दिए थे और घटना को लेकर अपनी नाराजगी भी जताई थी। जांच पूरी होने के बाद सीएम के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## नोएडा बीएमडब्ल्यू ने स्कूटी को मारी टक्कर 5 साल की बच्ची की मौत

**नोएडा, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में दर्दनाक हादसे में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे सेक्टर-30 स्थित पीजीआई चाइल्ड अस्पताल के बाहर गेट के कुछ दूरी पर एक बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटी सवार लोगों को टक्कर मार दी। बच्ची के परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, ये हादसा उस समय हुआ जब परिजन बच्ची को पीजीआई अस्पताल में इलाज करवा कर सेक्टर-45 घर लेकर जा रहे थे। इस दौरान ही बीच में तीनों सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में घायल दोनों लोगों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए कार सवार दो लोगों को पकड़ लिया है। जानकारी के मुताबिक, स्कूटी सवार गुल मोहम्मद अपनी 5 वर्षीय बेटी को चाइल्ड पीजीआई अस्पताल इलाज करवा कर सेक्टर-45 घर जा रहे थे।

# गांव तक नहीं पहुंची एम्बुलेंस, खाट से ले गए परिजन, रास्ते में हुई डिलीवरी

### सीधी में गर्भवती महिलाओं के मोर्चा खोलने के बाद भी नहीं किए प्रबंध

**जागरण, सीधी।** सीधी में खराब सड़क के चलते गर्भवती को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। ऐसे में परिजन खाट पर महिला को लेकर निकले, लेकिन रास्ते में भी डिलीवरी हो गई। हालांकि, एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन वह गांव से दो किलोमीटर दूर ही रुक गई। घटना सेमरिया थाना क्षेत्र के बरिगवां नंबर दो गांव में रविवार सुबह 8.30 बजे की है। यहां रहने वाली प्रीति रावत को प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस बुलाई गई। गांव तक पक्की सड़क नहीं होने से एंबुलेंस आगे नहीं जा पाई और दो किमी दूर रुक गई। परिजनों ने प्रीति को खाट पर लिटाया और रस्सी-बल्ली के सहारे लेकर निकल पड़े। एंबुलेंस तक पहुंचने से पहले डिलीवरी हो गई। इसके बाद मां, बच्चे दोनों को एंबुलेंस से सेमरिया अस्पताल ले जाया गया। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।



खाट पर प्रसूता के लेते जाते परिजन।

### बरिगवां गांव में 70 परिवार, बारिश में तीन महीने रास्ता बंद

ग्राम बरिगवां में लगभग 70 लोग रहते हैं। सड़क नहीं होने के कारण बारिश में करीब तीने महीने यहां ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव के बच्चों को स्कूल जाने में नदी पार करना पड़ता है।

### प्रसूता को लेने आई एंबुलेंस कीचड़ में फंसी

**अशोकनगर।** यहां कॉलोनी में सरकारी अस्पताल की एंबुलेंस पक्की सड़क न होने से कीचड़ में फंस गई। काफी प्रयास के बाद भी वह कीचड़ से निकल नहीं सकी, सरकारी एंबुलेंस गरीब रथ कॉलोनी में एक प्रसूता के कॉल पर आई थी। बाद में लोगों ने पथरिया गांव के सरपंच के ट्रैक्टर से एंबुलेंस को बाहर निकाला। हलांकि, निजी अस्पताल की एंबुलेंस इसी रास्ते से आई और दर्द से तड़प रही प्रसूता को लेकर अस्पताल गई। इससे नाराज लोगों ने पहले तो ट्रैक्टर से बांधकर एंबुलेंस को कीचड़ से बाहर निकाला, फिर नाराजगी जताते हुए विदिशा मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर तहसीलदार भारतेंदु यादव, पुलिस और विधायक हरीबाबू राय मौके पर पहुंचे। विधायक ने रास्ते पर मुरम डलवाने का आश्वासन दिया।

# पहलगाम, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आज से संसद में 'संग्राम'

### आज लोकसभा, कल राज्यसभा में होगी चर्चा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मौजूदा मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में एक हफ्ते तक चले हंगामे के बाद सोमवार को संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर गरमागरम बहस होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। एनडीए और विपक्ष इन मुद्दों पर बार-बार आपस में भिड़ते रहे हैं। बहस में एसआईआर व ऑपरेशन सिंदूर सहित कई मुद्दे प्रमुखता से उठने की उम्मीद है।

विपक्ष द्वारा उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर भी सवाल उठाए जाने से यह कदम अटकलों में घिरा है। भाजपा नीत एनडीए और विपक्षी दलों द्वारा दोनों सदनों में होने वाली चर्चाओं के दौरान शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

पीएम मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा पर सरकार के मजबूत रुख को रेखांकित करने के लिए हस्तक्षेप कर सकते हैं। विपक्ष की ओर से दोनों सदनों में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, सपा के अखिलेश यादव और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सरकार के खिलाफ मोर्चा संभालेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि विपक्ष सोमवार को लोकसभा और उसके बाद मंगलवार को राज्यसभा में इन दोनों मुद्दों पर चर्चा शुरू करने पर सहमत हो गया है।

## बैतूल में छात्र डूबा, विदिशा में ट्रैक्टर बहा, राजगढ़ में स्कूलों की छुट्टी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र में बारिश से कई जिले सराबोर हो गए। रविवार को 23 से अधिक जिलों में भारी बारिश रिकार्ड की गई है। अत्यधिक वर्षा के चलते प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति है। मौसम विभाग ने अब नौ जिलों में और बाढ़ की चेतावनी जारी की है। इनमें शिवपुरी, श्योपुर और विदिशा शामिल हैं। रविवार को हुई बारिश से कई हादसे भी घटित हुए हैं। बैतूल में एक छात्र दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था, जहां सेल्फी लेते हुए वह नदी में गिर गया। रेस्क्यू टीम ने उसकी तलाश की पर कहीं पता नहीं चला। विदिशा में एक ट्रैक्टर पुलिया पार करते हुए उसमें बह गया। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। अधिक बारिश से राजगढ़ जिला प्रशासन ने सोमवार को सभी स्कूलों की छुट्टी घोषित की है। बीते चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण सड़क से लेकर रेलवे यातायात तक प्रभावित हो रहा है। प्रदेश की कई नदियां उफान पर हैं, जिससे पुलों पर पानी है।




**इन जिलों में बाढ़ की चेतावनी:** अशोकनगर, गुना, मंदसौर, नीमच, रायसेन, राजगढ़, श्योपुर, शिवपुरी और विदिशा।

## अमेरिका-बोइंग विमान में आग, लैंडिंग गियर फेल

**न्यूयार्क, जेएनएन।** अमेरिका के डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। अमेरिकन एयरलाइंस के 'बोइंग 737 मैक्स 8 विमान' का लैंडिंग गियर फेल होने के कारण टेकऑफ रोकना पड़ा। इस दौरान विमान के पिछले हिस्से में आग लग गई। यह फ्लाइट मियामी जा रही थी। घटना अमेरिकी समयानुसार दोपहर 2.45 बजे (भारतीय समयानुसार रात 2.15 बजे) हुई। विमान में कुल 173 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स सवार थे। सभी को इमरजेंसी स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। हादसे में 6 लोगों को मामूली चोटें आईं, जिनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एफएए (फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन) और एयरलाइंस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी का ही था।

## नतीजे के आधार पर फीस मांगने पर वकील का निलंबन बरकरार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वकीलों द्वारा मामले के नतीजे के आधार पर फीस मांगना कदाचार है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक वकील के मामले में नरमी बरतने से इनकार कर दिया, जिसका लाइसेंस 5 लाख रुपए के मोटर दुर्घटना मुआवजे के दावे वाले एक मुवक्किल को 2.3 लाख रुपए का फीस नोटिस जारी करने पर 3 साल के लिए निलंबित कर दिया गया था। कोर्ट ने मोटर दुर्घटना मुआवजे के दावों की मांग करने वाले गरीब लोगों के वकीलों के 'गिरोह' द्वारा शोषण किए जाने के जोखिम को रेखांकित किया और कहा कि एमएसीटी के नतीजों के आधार पर फीस मांगने का याचिकाकर्ता का आचरण 'घोर कदाचार' है। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ पंजाब और हरियाणा बार काउंसिल द्वारा लगाए गए 5 साल के निलंबन के खिलाफ याचिकाकर्ता-वकील की याचिका पर विचार कर रही थी। एक चुनौती में बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने इस निलंबन अवधि को घटाकर 3 साल कर दिया था। फिर भी व्यथित होकर, याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।



**बदली सोच** | देश में पढ़ी-लिखी हाउस हेल्प की दरकार, टियर-2 और 3 शहरों में सबसे ज्यादा उछाल

# 12वीं पास घरेलू सहायकों की मांग में 255% का इजाफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में घरेलू कामगारों की दुनिया चुपचाप एक बड़े बदलाव से गुजर रही है। अब महज झाड़ू-पोंछा और बर्तन मांजने तक हाउस हेल्प की भूमिका सीमित नहीं रही। इन दिनों पढ़ी-लिखी, प्रशिक्षित व जिम्मेदार घरेलू सहायिकाओं की मांग में जबरदस्त इजाफा देखा जा रहा है।

वर्क इंडिया की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 में 2023 की तुलना में 12वीं पास घरेलू सहायकों की मांग में 255 फीसदी, ग्रेजुएट की मांग में 102 फीसदी, 10वीं पास की 94 फीसदी और 10वीं से नीचे पढ़ी घरेलू सहायिकाओं की मांग में 112 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसके पीछे कई सामाजिक और आर्थिक कारण हैं। दोहरी आमदनी वाले परिवारों में समय की कमी एक बड़ा कारण है। पति-पत्नी दोनों के काम पर जाने की स्थिति में घर, बच्चे, बुजुर्ग और दैनिक कामों के लिए भरोसेमंद, समझदार व शिक्षित मदद की जरूरत बढ़ी है। अब परिवार सिर्फ सफाई या खाना पकाने के लिए ही नहीं, बल्कि बच्चों की पढ़ाई देखने, बुजुर्गों की देखभाल करने और घर संभालने के लिए भी घरेलू सहायिकाओं की तलाश कर रहे हैं। इसके लिए वे शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। अब तक माना जाता था कि घरेलू सहायिकाओं की मांग सिर्फ महानगरों तक सीमित है, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि इस बार सबसे तेज मांग टियर-2 और टियर-3 शहरों से आई है। कहीं-कहीं तो 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। भोपाल, इंदौर, पटना, जयपुर, लखनऊ, कोच्चि, भुवनेश्वर जैसे शहरों में पढ़ी-लिखी हाउस हेल्प एक जरूरत बनती जा रही हैं। टियर-2 शहरों में लोग महज बाई नहीं, 'घरेलू प्रबंधक' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने लगे हैं। यह दर्शाता है कि घरेलू सहायिका की भूमिका सिर्फ श्रम नहीं, बल्कि प्रबंधन व जिम्मेदारी से भी जुड़ गई है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई जैसे मेट्रो शहरों में जीवनयापन की लागत अधिक होने से न्यूनतम वेतन में 10 फीसदी तक का इजाफा हुआ। अब वेतन की बात करते समय भी घरेलू सहायिकाएं अपनी शिक्षा, अनुभव और जिम्मेदारियों के आधार पर मोलभाव कर रही हैं।

**सुविधा नहीं जरूरतः** इसका बड़ा कारण टियर 2 और 3 शहरों में तेजी से बढ़ शहरीकरण की प्रक्रिया और युवाओं की आय में वृद्धि है। महिलाएं कामकाजी बनने लगी हैं और परिवार छोटे हो गए हैं, तो घरेलू काम बाहरी हाथों से करवाने का चलन बढ़ा है। यह महज सुविधा नहीं, बल्कि जरूरत बन गई है। हालांकि, यह उभरता क्षेत्र है,लेकिन कई सामाजिक और कानूनी चुनौतियां भी हैं। भारत में घरेलू कामगारों के लिए कोई श्रम कानून नहीं है। न वेतन की गारंटी है, न पीएफ, न बीमा और न ही कोई अनुबंध प्रणाली।

### वर्क इंडिया की रिपोर्ट

- **2023** की तुलना में 2024 में बढ़ी है अनुभवी और पढ़े-लिखे कामगारों की तनख्वाह
- **102** फीसदी अधिक हुई ग्रेजुएट हाउस हेल्प की मांग
- **94** फीसदी बढ़ी 10वीं पास कामगार की मांग



### 4-5 करोड़ कामगारों के लिए नीति की दरकार

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार भारत में लगभग 4 से 5 करोड़ घरेलू कामगार हो सकते हैं। इनमें से अधिकतर महिलाएं हैं और अधिकतर दलित, पिछड़े या हाशिए पर रहने वाले समुदायों से आते हैं। इनकी स्थिति को मजबूत करने के लिए सरकार को जल्द से जल्द कोई नीति बनानी होगी।

### रोजगार का बदलता चेहरा

### वेतन, सम्मान और असमानताएं

वर्क इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में घरेलू कामगारों की न्यूनतम औसत तनख्वाह में 7.6 फीसदी की वृद्धि हुई। वहीं अनुभवी कर्मचारियों के लिए यह बढ़ोतरी 14 फीसदी तक रही। कुक्स (खाना बनाने वाले) को 11 फीसदी तक वेतनवृद्धि मिली, जबकि ताजा भर्ती हुए श्रमिकों (फ्रेशर्स) की तनख्वाह में 3 फीसदी की गिरावट देखी गई।

# 2 महिला समेत 4 नक्सली ढेर, 17 लाख का था इनाम

### नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर

**बीजापुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से मुक्त ऑपरेशन के तहत जवानों को बड़ी सफलता मिली है। बीजापुर जिले के दक्षिण पश्चिम जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें दो महिला सहित 4 हार्डकोर नक्सली ढेर हो गए। मारे गए नक्सलियों पर 17 लाख रुपए का इनाम घोषित था। फिलहाल सर्चिंग जारी है। यह मुठभेड़ बासागुड़ा और गंगलूर थाना क्षेत्रों के सरहदी इलाकों में हुई। नक्सलियों कैडर की सूचना पर डीआरजी, सुरक्षा बलों ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया। सर्चिंग करने के दौरान सुरक्षाबलों और नक्सली आमने-सामने हो गए। नक्सल विरोधी अभियान के तहत सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान जंगलों में छुपे नक्सलियों फायरिंग कर दी। इसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी क्रॉस फायरिंग की है।

### मारे गए नक्सलियों की हुई पहचान

मारे गए नक्सलियों की पहचान हुंगा (एसीएम, प्लाटून-10), लक्खे (एसीएम, प्लाटून-30), भीमे (एसीएम) और निहाल उर्फ राहुल (पार्टी सदस्य व गार्ड) के रूप में हुई है। तीनों एसीएम पर 5-5 लाख और निहाल पर 2 लाख का इनाम था। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की तलाशी में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। इनमें एसएलआर, इंसास, .303 रायफल, बीजीएल लॉन्चर, सिंगल शॉट, 12 बोर बंदूक और ग्रेनेड शामिल हैं। बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि ऑपरेशन लगातार बारिश और दुर्गम जंगलों के बावजूद अंजाम दिया गया।

इसमें जवानों ने चार नक्सलियों को मार गिया है। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख बाकी नक्सली मौके का फायदा उठाकर भाग गए।

# बम-बम भोले जयघोष के साथ शिव मंदिर से निकली कांवड़ यात्रा

## नाचे धर्मप्रेमी भजन संध्या के साथ नंदी महाराज की स्थापना



**जागरण, मण्डला।** विगत चार वर्षों से आयोजित कांवड़ यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी भव्यता से किया गया। शिव कांवड़ आयोजक समिति के द्वारा आयोजित इस कांवड़ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चें शामिल हुए। कांवड़ यात्रा मुन्नीबाई धर्मशाला के सामने स्थित शिव मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन से की गई। यहां से बलराम चौक, पड़ाव, चिलमन चौक, बस स्टैंड, ज्ञानदीप स्कूल, नगर पालिका, बड चौराहा अंबेडकर चौक, उदय चौक, सराफा, बुधवारी होते हुए किला घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर कांवड़ यात्रा पहुंची जहां पर भगवान भोले नाथ को जल चढ़ाने के साथ पूजन किया गया और कांवड यात्रा का समापन हुआ। कांवड़ यात्रा का नगर के अनेक स्थानों में धर्मप्रेमियों के द्वारा स्वागत किया गया। इसी कड़ी में बुधवारी में समाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल, इंद्रेश बब्बल खरया ने कांवड़िओ में पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। वहीं मंदिर प्रांगण में रात्रिकालीन भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें धर्मप्रेमियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। रविवार को प्रांगण में नंदी महाराज की स्थापना कराई गई जहां पर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया है स्थापना हुई। सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक ने बताया कि कांवड़ यात्रा भगवान शिव के भक्तों द्वारा सावन के महीने में की जाने वाली एक महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा है। इस यात्रा में भक्त गंगाजल या किसी पवित्र नदी से जल भरकर लाते हैं और उसे अपने क्षेत्र के शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। यह यात्रा भगवान शिव के प्रति समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार कांवड़ यात्रा की शुरुआत समुद्र मंथन से जुड़ी है। जब समुद्र मंथन के दौरान हलाहल विष निकला तो भगवान शिव ने उसे ग्रहण किया। विष के प्रभाव से शिवजी को कष्ट होने लगा तब रावण ने कांवड़ में गंगाजल भरकर उन्हें अर्पित किया जिससे उन्हें विष के प्रभाव से मुक्ति मिली। एक अन्य कथा के अनुसार श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता को तीर्थयात्रा कराना चाहते थे। उन्होंने कांवड़ में अपने माता-पिता को बैठाकर हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यह भी माना जाता है कि श्रवण कुमार पहले कांवड़िया थे। कुछ लोगों का मानना है कि भगवान परशुराम ने भी गढ़मुक्तेश्वर से गंगाजल लाकर पुरा महादेव में शिव का जलाभिषेक किया था और यह भी कांवड़ यात्रा की शुरुआत का एक कारण है। अनेक कांवड़िए यात्रा के दौरान उपवास रखते हैं और दिन-रात शिव का स्मरण करते हैं। मार्ग में सेवा शिविरों में रुकते हैं जहां उन्हें भोजन, दवाई, विश्राम आदि की सुविधाएं दी जाती हैं। कांवड़िए अक्सर भगवा रंग के वस्त्र पहनते हैं, जो त्याग, भक्ति और तपस्या का प्रतीक होता है। कांवड़िए अकेले नहीं चलते, वे समूह में यात्रा करते हैं जिससे आपसी सहयोग और एकता की भावना प्रकट होती है। रास्ते में अनेक श्रद्धालु स्वयंसेवक बनकर कांवड़ियों को भोजन, पानी, प्राथमिक चिकित्सा और विश्राम की सुविधा प्रदान करते हैं। ये वे कांवड़िए होते हैं जो बेहद तेज गति से दौड़ते हुए जल लेकर मंदिर तक पहुंचते हैं। इस प्रक्रिया में उनकी पूरी टीम सहयोग करती है। समाज में कांवड़ियों को भक्ति, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यह यात्रा न केवल व्यक्ति को अध्यात्म से जोड़ती है बल्कि एक सामूहिक ऊर्जा और धार्मिक एकजुटता का भी निर्माण करती है। कांवड़ यात्रा से जुड़ी आस्थाएं युवाओं को धार्मिक परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाती हैं। आधुनिक समय में बड़ी संख्या में युवक इस यात्रा में भाग लेते हैं, जो पारंपरिक श्रद्धा को नई पीढ़ी में जीवित बनाए रखने का कार्य करता है। कई युवा बाइक पर या पैदल, ध्वनि प्रणाली के साथ, उत्सव के रूप में इस यात्रा को करते हैं, जिससे यह एक धार्मिक उत्सव और सामाजिक आंदोलन जैसा रूप ले लेता है कांवड़िए सिर्फ तीर्थयात्री नहीं हैं, वे भक्ति, सेवा और अनुशासन का जीवंत उदाहरण हैं। उनकी यात्रा हमें यह सिखाती है कि आस्था में कितनी शक्ति होती है जो न केवल आत्मा को शुद्ध करती है, बल्कि समाज को भी एकजुट करती है। शिव कांवड़ आयोजक समिति के गुड्डू ठाकुर, रानू रजक, नेता नंदा, मुन्ना कोष्टा, राजू नंदा, पप्पू साहू, विश्वकर्मा जी, केसर नंदा, सवीता तिवारी, अमित रजक, तुषार चौरसिया, नरेंद्र लहोरिया सहित अनेक शिवभक्त मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त पुलिया बनी खतरे का सबब, जिम्मेदार कर रहे बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार



**जागरण, मंडला।** नारायणगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत देवहार अंतर्गत सुरंगवानी चौराहा पर स्थित पुलिया बारिश के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे हादसे का अंदेशा बना हुआ है। यह पुलिया करीब 20 गांवों को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग है, जहां से रोजाना सैकड़ों लोग और वाहन गुजरते हैं। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या पर मौन साधे हुए है स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि वह कभी भी पूरी तरह ढह सकती है। इस मार्ग से स्कूल जाने वाले बच्चे, किसानों के ट्रैक्टर और आमजन की गाडियाँ निरंतर आवाजाही करती हैं। ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरा रोष है कि पुलिया की गंभीर स्थिति के बावजूद अभी तक न तो जनपद पंचायत और न ही जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई है स्थानीय निवासियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा लगता है कि प्रशासन किसी बड़ी जानलेवा घटना का इंतजार कर रहा है, जिसके बाद ही इनके नींद खुलेगी। जनता ने शासन-प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने और क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत या पुनर्निर्माण की मांग की है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# मैया अभियान अंतर्गत डेम घाट में स्वच्छता सेवा की गई



**जागरण, डिंडोरी ।** माँ नर्मदा को समर्पित मैया अभियान अंतर्गत रविवार डेम घाट में स्वच्छ्ता सेवा की गई। विदित है कि प्रतिदिन सैकड़ो संख्या में श्रद्धालु डेम घाट में पूजा अर्चना एवं श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं।मैया अभियान के साथ जय गुरुदेव सेवा संस्थान की महिला कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में घाट में फैले कचरे की सफाई की गई। बाढ़ के कारण मुख्य नर्मदा घाट में फैले प्लास्टिक पन्नियों , कपड़े एवं कापू को साफ कर लगभग एक गाड़ी जंगली कचरा नर्मदा जी से प्रदूषक निकाला गया। मैया अभियान लगभग 3 वर्षो से लगातार जारी है इसमें सरकारी कर्मचारी ,विद्यार्थी एवं नगर निवासी स्वेच्छा से प्रत्येक रविवार प्रातः 7 बजे से श्रम दान करते हैं ।मैया अभियान के सभी सदस्यों ने नगर वासियों ,कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि प्रत्येक रविवार प्रातः 7 बजे स्वच्छ्ता सेवा में शामिल होकर माँ नर्मदा को निर्मल बनाए। मैया अभियान डॉ संतोष परस्ते आयुष विभाग , आर पी कुशवाहा नेहरू युवा केंद्र से,वरिष्ठ शिक्षक शाहिद खान, देवदूत रक्तदान परिवार से भागवत यादव , यथार्थ यादव ,महेंद्र उचेहरा ,प्राचार्य राम विशाल मिथलेश , विद्यार्थी माही बोरोतिया, ओमवीर जाट आशीष तिवारी,नर्मदा सेवा में योगदान देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

# मोतीनाला में नशे से दूरी है जरूरी मिनी मैराथन का आयोजन

## एसडीओपी और डीएसपी ने किया विजेताओं को सम्मानित,युवाओं को मिला नशामुक्ति का संदेश



**जागरण, मंडला ।** मोतीनाला थाना परिसर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत एक मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश देना था। इस पहल ने युवाओं और आम जनता को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी और डीएसपी राहुल खरे ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और मैराथन के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया। मैराथन में स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों के साथ नक्सल प्रभावित ग्रामों से भी कई प्रतिभागियों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया।प्रतियोगिता में पुरुषों की श्रेणी में भीमडोंगरी निवासी संजीव पंद्रे और महिलाओं की श्रेणी में मवई निवासी राधा मरकाम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजक थाना प्रभारी मोतीनाला निरीक्षक हेमंत बावरिया व उनकी टीम लगातार सुदूर गांवों और कस्बों में जाकर इस अभियान के संबंध में आमजन को जागरूक कर रहे हैं। नशे के विरुद्ध अभियान को सफल बनाने के लिए युवाओं को अभियान से जोडने़ की मुहिम छेड़ चुके हैं।

# स्मृति प्रेमचंद व्याख्यान एवं सम्मान समारोह 31 को



**छतरपुर ।** हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई छतरपुर द्वारा 31 जुलाई को मुंशी प्रेमचंद एवं गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर स्मृति प्रेमचंद व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन शाम 4ः00 बजे से स्थानीय गांधी आश्रम के सभागार में किया जाएगा। इकाई के अध्यक्ष नीरज खरे ने बताया कि मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रति वर्ष प्रेमचंद जयंती के अवसर पर जनकवि रामजीलाल चतुर्वेदी स्मृति सम्मान किसी रचनाकार की प्रथम प्रकाशित पुस्तक पर प्रदान किया जाता है। चौथा जनकवि रामजीलाल चतुर्वेदी स्मृति सम्मान %स्मृतियां जब हिसाब माँगेंगी% पुस्तक के लिए सत्यम श्रीवास्तव को प्रदान किया जाएगा। आयोजन के मुख्य अतिथि युवा कवि एवं समीक्षक सत्यम सागर होंगे। सम्मान समारोह के साथ ही मुंशी प्रेमचंद, गोस्वामी तुलसीदास एवं जनकवि रामजीलाल चतुर्वेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान आयोजित है। इस आयोजन में शहर के सभी साहित्यकार, बुद्धिजीवी, शोधार्थी एवं साहित्य प्रेमी आमंत्रित हैं।

# भारी बारिश में नवांकुर सखियों ने लिया एक पेड़ मां के नाम का संकल्प



**जागरण, डिंडोरी ।** विकासखंड मेहंदवानी ग्राम पंचायत भोड़ासाज में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना, आर्थिक एवं सांख्यकीय विभाग मध्यप्रदेश शासन से नवांकुर संस्थाओं के द्वारा प्रदेश भर में मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माननीय अध्यक्ष डॉक्टर मोहन यादव जी के मंशानुरूप और परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉक्टर बकुल लाड़ के निर्देशानुसार प्रदेश के 313 विकास खंडों के 1565 सेक्टरों में स्वैच्छिकता और सामूहिकता से पोर्टल पर पंजीकृत नवांकुर सखियों के द्वारा 24 जुलाई से 28 जुलाई तक पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत नवांकुर सखी हरियाली यात्रा शुरू हुई है डिंडोरी जिले के विकासखण्ड मेहंदवानी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा सेक्टर सारसडोली में नवांकुर संस्था प्रमुख सुमेरी यादव मेंटर्स दीपेंद्र साहू ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भोडासाज के अध्यक्ष नयन सिंह, सचिव मनोज धुर्वे ने ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर भारी बारिश होने के बाबजूद भी ग्रामीण महिलाओं के साथ कलश यात्रा निकालकर नवांकुर सखियों ने हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बेलपत्र, आंवला, तुलसी, अशोक, समीपत्र तथा अमरूद, आम, जामुन सहित 11-11 पौधों को रोपित कर सरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया है तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र सिंह चौहान व विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती सुशीला ठाकुर के मार्गदर्शन में घर घर हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए नवांकुर सखियों के द्वारा पौधारोपण कराने का भी संकल्प लिया गया है जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने बताया है कि इस पाँच दिवसीय नवांकुर सखी पौधारोपण, वितरण और संरक्षण अभियान में विकासखण्ड मेहंदवानी अंतर्गत 500 पंजीकृत नवांकुर सखियों के माध्यम से 5500 पौधों का बीजारोपण और पौधारोपण किया जाएगा जो पूर्णतः स्वैच्छिकता और सामूहिकता के साथ शासन और समाज के द्वारा ही संभव है नवांकुर सखी को दिए गए पौधे यह अपने मांगलिक कार्य, त्यौहार, वैवाहिक वर्षगांठ पर, जन्मदिन , पुण्यतिथि पर रोपित कर सकती है यह पौधें भाई के स्वरूप में आपको दिए जा रहे है आने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार पर इन पौधों को राखी बांधेगी, सभी उपस्थितजनों को एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई ,कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम के सरपंच, सचिव, पैसा मोबिलाइजर, निर्मल सिंह मरकाम, नेतराम साहू, जितेंद्र परते, राजाराम धुर्वे,सहित अनेक महिलाओं की सहभागिता रही।

# रामजानकी मंदिर रनगुवां बांध से आज निकलेगी जलाभिषेक यात्रा

## मतंगेश्वर महादेव मंदिर में होगा अभिषेक, विधायक ने की शामिल होने की अपील



**जागरण, छतरपुर ।** पवित्र श्रावण माह के पावन अवसर पर राजनगर विधायक द्वारा रनगुवां बांध के रामजानकी मंदिर से पर्यटन नगरी खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव मंदिर तक विशाल जलाभिषेक यात्रा निकाली जा रही है, जिसका आयोजन आज 28 जुलाई सोमवार को किया जाएगा। भव्य यात्रा में राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने क्षेत्रवासियों से शामिल होने की अपील की है। विधायक श्री पटैरिया ने बताया कि यात्रा सुबह 10 बजे रामजानकी मंदिर, रनगुवां बांध से शुरू होगी और दुपारिया, इमलहा, बमीठा, दसईपुरा, पीरा, पथरगुवां, टिकुरी, जंगीपुरा और खजुराहो होते हुए मतंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। विधायक अरविंद पटैरिया ने सभी श्रद्धालुओं से इस पवित्र यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। विधायक श्री पटैरिया ने कहा कि यह यात्रा भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगी। सभी भक्त हर-हर महादेव और चलो मतंगेश्वर के जयघोष के साथ इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें। विधायक ने कहा कि सावन के पवित्र मास में निकाली जा रही इस यात्रा का मकसद क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि है।

# विश्व आदिवासी दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर, गरिमा और गौरव के साथ होगा आयोजन



**जागरण, डिंडोरी ।** 9 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व आदिवासी दिवस को लेकर डिंडोरी में तैयारियां ज़ोरों पर हैं। इस ऐतिहासिक दिवस को गरिमामयी, संगठित और प्रभावशाली स्वरूप देने के उद्देश्य से आज रविवार को आनंदम दीदी कैफे में सर्व आदिवासी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का आयोजन दोपहर 12ः30 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए।बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप देते हुए आयोजन की रूपरेखा तय की गई। यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस को अभूतपूर्व उत्साह, गरिमा और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक आशिक उलाडी एवं संरक्षक रवि तेकाम ने बताया कि समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर यह आयोजन एकता और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का कार्य करेगा।बैठक में विशेष रूप से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही ।

# एडीजी ने की एससी-एसटी प्रकरणों और राहत मामलों की समीक्षा

**छतरपुर ।** छतरपुर रेंज के चार जिलों में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों और राहत मामलों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों को शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अजाक, मुख्यालय) आशुतोष राय ने छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों के लंबित एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों और राहत प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित अपराधों, लंबे समय से अटके चालानों और राहत प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीआईजी छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार, एसपी छतरपुर अगम जैन, एसपी टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई, एसपी निवाड़ी राय सिंह नरवरिया, चारों जिलों के अजाक डीएसपी, अजाक थाना प्रभारी, सीसीटीएनएस प्रभारी उपनिरीक्षक ओम शंकर सिंह और डीआईजी छतरपुर रेंज कार्यालय के रीडर एएसआई शशिराज मिश्रा उपस्थित रहे।

# गाडासरई पुलिस को अवैध शराब तस्करी पर बड़ी सफलता



**जागरण, डिंडोरी।** थाना गाडासरई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद बोलेरो वाहन (MPx{C3101) में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर बेनीबारी-मझियाखार होते हुए बजाग छ.ग. की ओर ले जाया जा रहा है।सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम गन्नागुड़ा हार, मझियाखार रोड स्थित ईंट भट्ठे के पास घेराबंदी की। कुछ समय बाद संदिग्ध बोलेरो आते देख उसे रोका गया। वाहन में सवार दो व्यक्ति भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान वाहन से 10 पेटी जीनियस व्हिस्की व 2 पेटी एमडी रम (कुल 107.280 लीटर, अनुमानित मूल्य 81,780/-) बरामद की गई। साथ ही दो एंड्रॉयड मोबाइल, नगदी राशि एवं 8 लाख मूल्य की बोलेरो वाहन जप्त की गई।

**गिरफ्तार आरोपी :** महेश शिवहरे, उम्र 40 वर्ष, निवासी डबरा (ग्वालियर), हाल राजेन्द्रग्राम । प्रमोद शिवहरे, उम्र 43 वर्ष, निवासी शिवपुरी, हाल राजेन्द्रग्राम दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 245/2025, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया। अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है।

**टीम में विशेष योगदान :** निरीक्षक गिरवर सिंह उइके, उनि ध्रुव कुमार सिंह, सउनि बालमुकुंद चौरसिया, सउनि केशव रावत, प्रआर सत्यनारायण पटेल, हरनाम सिंह परते, पंकज, सिद्धु सिंह, आशीष लांजेवार, विनोद राठौर, राजा।

# सड़क के बिना जिंदगी ठप! खटिया बनी एंबुलेंस, 3 किमी तक मरीज ढोते परिजन



**डिंडोरी।** मध्यप्रदेश सरकार और प्रशासन विकास की बड़ी-बड़ी घोषणाएं भले ही करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल देती है। जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव के पोषक ग्राम मौहरी टोला में आज भी सड़क का नामोनिशान नहीं है। यहां के ग्रामीण 21वीं सदी में भी खटिया पर मरीज ढोने को मजबूर हैं।शुक्रवार को इसी गांव के लकवा पीड़ित दीप सिंह को ग्रामीणों ने खटिया पर लादकर कीचड़ भरे रास्तों से 3 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। कारण साफ है- गांव तक न सड़क है, न ही एंबुलेंस पहुंच सकती है।

**20 परिवार, लेकिन सुविधाएं शून्य :** मौहरी टोला में करीब 20 परिवार रहते हैं। गांव मुख्य सड़क से लगभग साढ़े तीन किलोमीटर अंदर है। बरसात में कीचड़ से रास्ता इतना खराब हो जाता है कि बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो जाता है। मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बन जाता है।ग्रामीण यशवंत परस्ते ने बताया, ‰छोटे भाई दीप सिंह को लकवा लग गया। वाहन गांव तक नहीं पहुंच सकते, इसलिए खटिया पर ले जाना पड़ा।‰ ग्रामीणों का कहना है कि टोला में न स्कूल है, न आंगनबाड़ी। बच्चे डेढ़ किलोमीटर दूर लपटी टोला या दो किलोमीटर दूर बम्हनी गांव जाकर पढ़ाई करते हैं। बारिश में हफ्तों तक पढ़ाई ठप हो जाती है।

**गुहार बेअसर, सर्वे के बाद भी निर्माण अधर में :** ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जनसुनवाई और कलेक्ट्रेट तक कई बार गुहार लगाई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत सचिव देव सिंह ठाकुर का कहना है कि समस्या पुरानी है। गर्मियों में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी सर्वे करने आए थे, लेकिन काम की शुरुआत अब तक नहीं हो पाई है।

# मध्यप्रदेश पुलिस का जन-जागरुकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी



**जागरण, छतरपुर ।** अभियान में सामान्य नागरिक शामिल हुए सभी को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नशा व्यक्ति ही नहीं अपितु समाज को भी खोखला कर देता है। देश में बढ़ते अपराध, बेरोजगारी, सड़क दुर्घटनाएं और आतंकवाद के पीछे नशा ही प्रमुखता से जिम्मेदार है। समाज के उत्थान के लिए व्यक्तियों को नशामुक्ति व अंगदान के लिए आगे आने की जरूरत है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है।

# बमीठा पुलिस के हाथ लगा अंतर्राज्यीय चोर गिरोह

## किराए की लग्जरी गाडियों से रैकी करने के बाद करते थे चोरी

## 35 हजार के इनामी 6 आरोपी गिरफ्तार, दो आरोपी फरार

**जागरण, छतरपुर ।** बमीठा पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को पकड़कर कई जिले में हुई कई बड़ी चोरियों का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। बताया गया है कि यह गिरोह पिछले 2-3 महीनों से क्षेत्र में सक्रिय था और किराए की लग्जरी गाडियों से रैकी करते हुए कई बड़ी चोरियों को अंजाम दे चुका था। पुलिस ने हथियारों के जखीरे के साथ गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिन पर 35 हजार का इनाम घो?षित था। साथ ही 22 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति भी बरामद की है। शनिवार की शाम को जिला मुख्यालय के पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में मामले का खुलासा करते हुए एसपी अगम जैन ने बताया कि पिछले दो महीनों में बमीठा थाना क्षेत्र के खजुराहो रोड, ग्राम टोरिया टेक, ग्राम गंज और ग्राम घूरा में हुई चोरियों की शिकायतों पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मामले दर्ज किए थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए डीआईजी और एसपी द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित कर 35,000 के इनाम की घोषणा की थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छतरपुर और पड़ोसी जिलों में दबिश दी। मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में सघन तलाश के बाद छह आरोपी इदरीश खान, सुभाष तिवारी, चेनू उर्फ चेहनू कुशवाहा, केशु कुशवाहा, ओम चौहान और मोहित उर्फ मुखिया अनुरागी सभी निवासी महोबा, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि चोरों के कब्जे से टाटा सफारी, महिंद्रा टीयूवी300, दो 315 बोर देसी कट्टे, एक 12 बोर बंदूक, 22 कारतूस, लोहे का कटर और चोरी के सोने-चांदी के आभूषणों सहित 22 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया है ।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 28 जुलाई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.52 अस्त : आज
05.29 उदय : कल

शहर का तापमान
30.0 ⁰ अधिकत
25.0 ⁰ न्यूनतम



# आउटसोर्स भर्ती के फर्जीवाड़ा की होगी जांच



जागरण फर्जीवाड़ा

## समग्र शिक्षा अभियान के तहत व्यवसायिक पाठ्यक्रम में फर्जी भर्ती का खेल

### दस्तावेज परीक्षण में चल रही थी मनमानी




जागरण, सीधी

समग्र शिक्षा अभियान के तहत व्यवसायिक पाठ्यक्रम में हो रही भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा था। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के संज्ञान में फर्जीवाड़ा की जानकारी आते ही उनके द्वारा जांच के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश के बाद व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में की गई भर्ती के फर्जीवाड़ा की जांच शुरू हो गई है। जानकारों के अनुसार दो सालों से समग्र शिक्षा अभियान के तहत व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की भर्ती में डेढ़-दो लाख रुपए सुविधा शुल्क लेकर भर्ती करने का खेल सीधी जिले में चलाया जा रहा था। आउटसोर्स के माध्यम से चल रही भर्ती प्रक्रिया में दस्तावेजों के परीक्षण में व्यापक अनियमितताएं की गई। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी को जारी पत्र में कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी सीधी के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों की भर्ती कई विद्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से करने का सिलसिला जारी था।

यह भर्ती बिना किसी विज्ञापन, मापदंड, व्यवसायिक डिग्री, अनुभव के आउटसोर्स के माध्यम से मनमानी तौर पर की जा रही थी। किसी सक्षम अधिकारी के प्रमाणीकरण के बगैर अभिलेखों का सत्यापन मनमानी तौर पर किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सत्यापन अधिकारी प्रवीण शुक्ला एवं सुधाकर मिश्रा की मिलीभगत से बिना प्रशिक्षण की सत्यता परीक्षण के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। न तो किसी संस्थान में कर्मचारियों की सूची देखी जा रही है और न ही पूर्व का भुगतान पत्रक देखा जा रहा है। जिन अभ्यर्थियों के पास पद अनुरूप शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाणपत्र, लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा इत्यादि अर्हता थी उन्हें चयनित सूची में शामिल नहीं किया जाता। आउटसोर्स के माध्यम से भर्ती करने के लिए शासकीय कार्य में कार्यकुशलता, समयबद्धता, मितव्ययिता, पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन शासकीय विभाग एवं उनके घटकों द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार भर्ती के निर्देश दिए गए हैं। बावजूद इसके जिला शिक्षा अधिकारी सीधी अंतर्गत आउटसोर्स के माध्यम से की जाने वाली भर्ती में कार्यकुशलता एवं अन्य योग्यताओं की खुले तौर पर अनदेखी की जा रही है। फर्जी अनुभव प्रमाणपत्र के आधार पर भर्ती की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि आउटसोर्स के माध्यम से अनियमित भर्ती की जांच में प्रस्तुत की गई शैक्षणिक अर्हता, व्यावसायिक परीक्षण एवं अनुभव इत्यादि दस्तावेज तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सत्यापन कर्ता अधिकारी प्रवीण शुक्ला एवं सुधाकर मिश्रा के द्वारा की जा रही अनियमितता के संबंध में अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर के उक्त आदेश के बाद आउटसोर्स के माध्यम से भारी-भरकम सुविधा शुल्क लेकर की गई भर्ती को लेकर हड़कंप मचा हुआ है।

### जांच को लेकर यह भी दिए निर्देश

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभाग द्वारा सेडमैप को आउटसोर्स मानव संसाधन की आवश्यकता से अवगत कराना है। सेडमैप द्वारा चाहे गए मानव संसाधन के लिए संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। सेडमैप के प्रस्ताव पर विभाग की स्वीकृति उपरांत सेडमैप द्वारा अनुबंध प्रेषित किया जाएगा। जिस पर संबंधित विभाग द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। कर्मचारियों की आउटसोर्स के माध्यम से पदस्थापना नियमानुसार की जाएगी। संबंधित विभाग द्वारा अपने स्तर पर उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन कर संलग्न परिशिष्ट में उल्लेखित दस्तावेज सेडमैप को उपलब्ध कराया जाएगा। सेडमैप द्वारा अभ्यर्थियों की सूची विभाग को प्रेषित की जाएगी। साक्षात्कार चयन समिति में विभाग के कम से कम एक अधिकारी का उपस्थित रहना आवश्यक होगा। कलेक्टर के निर्देश के पश्चात आउटसोर्स के माध्यम से विद्यालयों में विभिन्न ट्रेडों की हुई भर्ती के फर्जीवाड़ा को दबाने के लिए भी अब सरगर्मी तेज हो गई है। जिन अधिकारियों द्वारा भर्ती के लिए भारी-भरकम वसूली की गई थी वह अब फर्जीवाड़े को सही साबित कराने को लेकर सक्रिय हो गए हैं।

# पुराने जमीनी विवाद में भाई-बहन का अपहरण, डायल 100 ने बचाई जान





**जागरण, सीधी।** पुराने जमीन विवाद के चलते भाई-बहन पर प्राणघातक हमला करने के पश्चात आरोपियों ने कैंपर वाहन से दोनो का अपहरण कर लिया। गनीमत यह रही कि परिजनों को समय पर जानकारी मिल जाने से डायल 100 की मदद से भाई-बहन की जान बची और पुलिस ने दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत मल्देवा निवासी जीतेन्द्र कुमार चतुर्वेदी पिता विजय शंकर चतुर्वेदी उम्र 26 वर्ष 25 जुलाई 2025 की दोपहर करीब 12 बजे घर से मोटर सायकल लेकर बहन मीना चतुर्वेदी को लेने ग्राम मोहनिया टनल के पास गए थे। वहां से बहन को मोटर सायकल में लेकर अपने घर जा रहे थे। रास्ते में ग्राम ममदर जुड़ा नाला के समीप रोड़ के किनारे ग्राम ममदर में पहुंचने पर मोटर सायकल को ममदर निवासी एपिल पाण्डेय, प्राणू पाण्डेय, चेतू पाण्डेय एक स्कार्पियो तथा कैम्पर गाड़ी के साथ रोंका। मोटर सायकिल के रुकते ही जीतेन्द्र कुमार के साथ पुराने जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया गया। भाई को बचाने के प्रयास में बहन के साथ भी हांथ-घूंसा से मारपीट की गई। बाद में आरोपियों ने भाई-बहन को कैम्पर गाड़ी क्रमांक एमपी 23 जीए 3388 में बैठाकर अपने घर ले गए और वहां जबरन राजीनामा का दबाव बनाने लगे। परिजनों की सूचना पर डायल 100 ने मौके पर पहुंचकर भाई-बहन को अस्पताल पहुंचाया। आरोपियों के विरुद्ध रामपुर नैकिन थाना में धारा 126(2), 140(3), 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## हरियाली तीज लोक संस्कृति की धरोहरः जगदंबा



**जागरण, सीधी।** हरियाली तीज महोत्सव वैश्य महासम्मेलन महिला जिला इकाई द्वारा श्रावण मास में पूजा पार्क गणेश मंदिर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। हरे परिधान में महिलाओं ने सावन गीतों पर नृत्य भी किया। उमंग सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष में मनाया जाता है। हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। सावन में जब संपूर्ण प्रकृति हरि ओढ़नी से अच्छादित होती है, उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं वृक्ष की शाखों में झूले पड़ जाते हैं। कार्यक्रम में लोकगीत कजरी गीत के साथ फिल्मी धुन में आनंद मनती रही। सुरीले गीतों से पूजा पार्क गूंजाय मान रहा इस दौरान महिला पदाधिकारी ने वृक्षारोपण भी किया। महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती जगदंबा सोनी ने कहा हरियाली तीज सांस्कृतिक परंपराओं और लोक सांस्कृतिक की अमूल धरोहर है। महिलाओं बहूओ बेटियों और बहनों का त्यौहार है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री भोला गुप्ता जिला प्रभारी गोपाल गुप्ता, महिला जिला प्रभारी ओमता सोनी, जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष महिला इकाई श्रीमती जगदंबा सोनी की उपस्थिति में नगर अध्यक्ष एवं तहसील अध्यक्ष महेंद्र सराफ का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। महिला मंडली द्वारा बधाई गीतों के माध्यम से समां बांधे रक्खा। महिलाओं की हरी साड़ियो से गुलजार रहा पूजा पार्क। इस दौरान नगर अध्यक्ष सुमन गुप्ता, सविता सोनी, उमा सोनी, नम्रता सोनी, चंद्रमुखी, गुड़िया, मीनू, शंकु सोनी, रीता कचेर, सुधा नामदेव, कीर्ति गुप्ता, शांति गुप्ता, दीपमाला केसरी, अर्चना गुप्ता, विजय लक्ष्मी गुप्ता, उर्मिला, पुनीता, कमला, रोशनी गुप्ता, गायत्री, निशा, शशि गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, फ्रैजल गुप्ता, शकुंतला गुप्ता, निक्की केसरवानी आदि सैकड़ो महिलाएं हरियाली तीज महोत्सव में शामिल रही।

## कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, सीधी।** सरस्वती हाई स्कूल कोटहा सीधी में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा सीधी के पूर्व जिला महामंत्री और पूर्व सैनिक संजय सोनी ने उपस्थित होकर भारत माता के चरणों में नमन करते हुए एवं भारत माता की जयकारा के साथ शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर बच्चों को संबोधित किया। श्री सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल युद्ध भारत के तात्कालिक प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 3 मई 1999 को शुरू होकर 26 जुलाई 1999 को विजय के साथ समाप्त हुआ, जिसमें भारतीय सेना के कई वीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर भारत माता की रक्षा की थी। आज हम यहां जीवित हैं क्योंकि कई वीर जवानों ने सीमा पर अपने जीवन का बलिदान दिया है और हम सभी को उन वीर जवानों के शहादत को आजीवन याद करना चाहिए। हम लोग यहां सुकून से इसलिए सोते हैं क्योंकि सीमा पर वीर जवानों ने अपने सुकून को त्याग कर सीमा की रक्षा करते हैं, सभी बच्चों को देश की अखंडता और एकता के लिए देश प्रेम की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। देश प्रथम है उसके बाद अन्य कार्य। श्री सोनी ने बच्चों को भविष्य में सेना ज्वाइन करने के लिए भी प्रोत्साहित किए और साथ में सभी स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अम्बिका प्रसाद मिश्रा, उप समिति के सदस्य बृजमोहन योगी, सुरेश केवट, प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार तिवारीए अमर सिंह चन्देल वरिष्ठ आचार्य जमोड़ी, सतेन्द्र श्रीवास्तव, उदयनाथ योगी, अवनीत आचार्य, रविशंकर मिश्र, श्रीमती अर्चना तिवारी, आकांक्षा शुक्ला, स्मृति मिश्र, छविराम यादव कार्यालय अधीक्षक समिति सीधी, अखिलेश शुक्ल, श्रीमती सविता नामदेव के साथ-साथ समस्त स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे।

## कमर्जी पुलिस नशा मुक्ति पर कर रही जागरुकता अभियान

**जागरण, सीधी।** जनपद क्षेत्र सिहावल अंतर्गत ग्राम हटवा बरहा टोला मुख्य बाजार में सीधी एसपी डॉ. रविंद्र कुमार वर्मा के निर्देश और चुरहट एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी, थाना प्रभारी कमर्जी विवेक द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर केपी पाण्डेय और उनके सहयोगियों के द्वारा लोगों को जरूर जागरूक किया गया। बताया गया कि नशा नाश की जड़ है और लोगों को आर्थिक शारीरिक रूप से नुकसान करता है। इसीलिए नशा का सेवन न करें और लोगों को प्रेरित करें। नशा से हर साल कई लोगों की मृत्यु हो जाती है, पर लोग सुधरने को तैयार नहीं है। प्रशासन कितना भी प्रशासनिक स्तर पर पहल करें, मगर जमीनी स्तर कुछ और बयां करती है। इसका मुख्य कारण है जो अवैध रूप से नशा का व्यापार चाहे मेडिकल नशा हो या नशीली दवाई का नशा है। उसी नशे से आज के युवा लगातार शिकार हो रहे हैं। जिससे आज के युवाओं की जान खतरे में बनी हुई है।

# अतिरिक्त सीईओ द्वारा ग्राम पंचायतों का किया गया भ्रमण

## रिकार्ड संधारण तथा स्वच्छ सर्वे सिटीजन फीड बैक के संबंध में दिए गए निर्देश



जागरण, सीधी

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी तथा प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली धनंजय मिश्रा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत मझौली अशोक कुमार माथुर तथा सहायक लेखाधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत मझौली प्रदीप मांडले द्वारा ग्राम पंचायत गिजवार, जोड़ोरी, मझिगवां एवं अमहिया का दिनांक 26 जुलाई 2025 दिन शनिवार को भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा योजना के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समग्र सीडिंग, ई केवाईसी तथा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण सिटीजन फीड बैक की प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने, मनरेगा योजना के अंतर्गत पूर्व वर्षो के प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण कराने, निर्माण स्थलों पर सूचना बोर्ड लगवाने, 7 रजिस्टर संधारित करने तथा निर्माण कार्यों की विधिवत नस्ती संधारित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उक्त सभी ग्राम पंचायतों के विधवा पेंशन की हितग्राहियो से जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही मनरेगा योजना के अंतर्गत एक बगिया माँ के नाम परियोजना के संबंध मे विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों का चयन करते हुए शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा मे कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रति दिवस ग्राम पंचायत खोलने तथा प्रति सोमवार तथा गुरुवार को अनिवार्य रूप से मुख्यालय मे उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा भ्रमण के दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय गिजवार तथा हायर सेकेण्डरी गिजवार का आकस्मिक निरिक्षण किया गया एवं बच्चो से शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली गयी।

## 838.2 मि.मी. वर्षा हुई दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जुलाई को सीधी जिले में 8.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 4.0 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 3.0 मि.मी., सिहावल में 7.2 मि.मी., बहरी में 2.2 मि.मी., मझौली में 26.0 मि.मी. और कुसमी में 20.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 838.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 27 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 929.4 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 674.0, चुरहट में 710.0, गोपद बनास में 836.6, बहरी में 915.9, मझौली में 921.0 मि.मी. और कुसमी में 880.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है।

## फाइनेंस के नाम पर उपभोक्ताओं का किया जा रहा शिकार



**जागरण, सीधी।** अनिल इलेक्ट्रॉनिक रामपुर नैकिन के संचालक अनिल मिश्रा एवं उनके पुत्र सिद्धार्थ मिश्रा के द्वारा उपभोक्ताओं का फाइनेंस के नाम पर शिकार किया जा रहा है। बताते चले कि मोबाइल फाइनेंस करने के नाम पर उपभोक्ता के ऊपर मोबाइल की कीमत से ऊपर का फाइनेंस किया जाता है और मोबाइल की जगह पर कूलर और फर्नीचर फाइनेंस किया जाता है। जब उपभोक्ता मोबाइल का बिल मांगता है तो उनका बिल भी ओरिजिनल नहीं दिया जाता और जितना बिल बनता है, उससे अधिक उपभोक्ता के ऊपर फाइनेंस कर दिया जाता है। जब उपभोक्ता इन सब बातों से परेशान आकर के अनिल इलेक्ट्रॉनिक से किसी प्रकार की बात करता है तो उसके बदले में उसे गाली गलौज और जन से मारने की धमकी दी जाती है। इसी प्रकार का एक मामला सामने आया है, जिसमें ध्रुव द्विवेदी निवासी ग्राम खड्डी खुर्द को दुकान संचालक द्वारा अपना शिकार बनाया गया। 29000 की मोबाइल लिया गया 5500 डाउन पेमेंट किया गया। इसके बाद भी 29000 का फाइनेंस करवा दिया गया। दुकान संचालक के द्वारा मोबाइल का बिल मांगने पर दादागिरी करते हुए गाली-गलौज किया गया। दुकान संचालक के द्वारा उपभोक्ता द्वारा रामपुर नैकिन थाना में एवं उपभोक्ता फोरम में आवेदन देकर जांच कर संवैधानिक कार्यवाही हेतु मांग कर रहे हैं। इस प्रकार से कई ग्राहक उक्त दुकान से प्रताड़ित है।

## पं. रामराज के निधन पर व्यक्त किया शोक



**जागरण, सीधी।** शिक्षाविद एपूर्व प्राचार्य एपूर्व विकाश खंड स्त्रोत्र समन्वयक पंडित रामराज शुक्ल के उनके असामयिक निधन पर ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोशिएशन संघ के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्र द्वारा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके कार्यकाल को याद किया गया। श्री मिश्र ने बताया की अपने कार्यकाल के दौरान श्री शुक्ल द्वारा शिक्षा को नई दिशा देने का निरंतर प्रयास किया गया उन्होंने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई श्री शुक्ला विद्वान के साथ-साथ जीरो टॉलरेंस पर काम करने की बात शिक्षकों से कहा करते थे हमेशा कहा करते थे कि गलतियों पर सबसे पहले नजर जाती है। वे हमेशा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहते थे उनका योगदान स्मरणीय रहेगा। उनके असामयिक निधन पर मनोज शुक्ल पदमधर द्विवेदी, राजेश शर्मा, उमेश शुक्ल, संजय तिवारी, अमित मिश्रा, मनोज पाण्डेय, हिमांशु शुक्ल, राजेंद्र तिवारी, राकेश रतन पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, विनीत कुमार शुक्ल, त्रिगुणेश शुक्ल, भैयालाल कुशवाहा, मनोज मिश्रा, राहुल सिंह, पंकज सिंह, राजेश यादव, शारदा मिश्र, राकेश मिश्रा सहित अन्य ने शोक संवेदना व्यक्त किये हैं।

# 2 किमी चारपाई में गर्भवती महिला को लेकर एंबुलेंस तक पहुंचे परिजन

## रास्ते में महिला ने नवजात शिशु को दिया जन्म

### सेमरिया थाना अंतर्गत बरिगवां गांव का मामला



जागरण, सेमरिया

सड़क नहीं होने से गर्भवती महिला को लेने गई एंबुलेंस दो किलोमीटर पहले ही रूक गई। परिजन गर्भवती महिला को चारपाई में लेकर एंबुलेंस तक पहुंचे। बाद में महिला ने रास्ते में ही नवजात को जन्म दिया। दरअसल सेमरिया थाना अंतर्गत बरिगवां गांव में सड़क नहीं होने के कारण एक आदिवासी गर्भवती महिला को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। जानकारी के मुताबिक और रविवार की सुबह 9 बजे के आसपास एक गर्भवती महिला प्रीति रावत को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन खाट पर लादकर अस्पताल ले जाने पर मजबूर हुए। एंबुलेंस तो मुख्य रोड में आ गई थी लेकिन सड़क न होने से घर से 2 किलोमीटर पहले ही एंबुलेंस रूक गई। अस्पताल लाते वक्त बीच रास्ते में ही महिला का प्रसव हो गया। बाद में महिला और नवजात को सेमरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। ग्रामीणों की परेशानी यह है कि ग्राम बरिगवां की आबादी लगभग 70 लोगों की है, लेकिन आजादी के इतने सालों बाद भी यह गांव पक्की सड़क से वंचित है। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क की मांग अरसे से की जा रही है। किंतु ग्राम पंचायत द्वारा सड़क की मांग को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि यहां के ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए आवश्यक भूमि भी देने को तैयार हैं।

> सूचना पर एंबुलेंस समय पर गर्भवती महिला को लेने के लिए पहुंची थी लेकिन सड़क नहीं होने के कारण गांव तक नहीं जा सकी।
> **डॉ. बबीता खरे, सीएमएचओ सीधी**

## सरपंच पद का चुनाव जीतने पर जताया आभार



**सीधी।** जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत भितरी में हुए उप चुनाव में अनुपमा सिंह के सरपंच पद का चुनाव जीतने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। अवधेश सिंह चौहान ने बड़ी बेटी अनुपमा सिंह के चुनाव जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरलता और सभ्यता एवं सभी वर्गों के लोगों को एक साथ लेकर चलने के गुणों के कारण उन्होंने यह जीत हासिल की है। साथ ही अवधेश सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत भितरी के सभी बड़े बुजुर्गों का छोटे भाइयों, माताओ और बहनों का दिल से धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

# विद्यालयों के जर्जर भवनों से कभी भी हो सकता है हादसा

## शा. विद्यालय बटौली, हिनौता का भवन हो चुका है जर्जर

### नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र, मरम्मत की मांग



जागरण, सीधी

जिले में दर्जनों ऐसे शासकीय विद्यालय हैं जिनके भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। बरसात के दिनों में जान जोखिम में डालकर नौनिहाल ऐसे विद्यालयों में पठन-पाठन करने के लिए आ रहे हैं। संबंधित शिक्षक अपने वरिष्ट कार्यालय को जर्जर भवन के संबंध में कभी-कभार पत्राचार कर पावती रखे हुए हैं। जिससे कभी भी यदि बड़ा हादसा घटित हो तो वह यह बता सकें कि उनके द्वारा जर्जर विद्यालय भवनों के संबंध में वरिष्ट कार्यालय को लिखित रूप से जानकारी दी गई थी। यदि जर्जर भवन का मरम्मत कार्य समय पर नहीं किया गया तो इसके लिए वरिष्ट कार्यालय एवं अधिकारी जिम्मेदार हैं। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय के समीपी शासकीय विद्यालय बटौली एवं हिनौता का सामने आया है। यहां के जर्जर विद्यालय भवनों की फोटो मिलने के पश्चात मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ने इसको संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर सीधी को पत्र क्रमांक 776, दिनांक 26 जुलाई 2025 भेजकर ग्राम पंचायत बटौली एवं हिनौता के जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत कराने का अनुरोध किया है। नेता प्रतिपक्ष के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी बीएल विश्वकर्मा द्वारा कलेक्टर को भेजे गए पत्र में कहा है कि किसान कांग्रेस के प्रदेश संगठन मंत्री विकास चौहान द्वारा आवेदन देकर बताया गया है कि ग्राम पंचायत बटौली एवं हिनौता तहसील गोपद बनास में संचालित शासकीय विद्यालयों के भवन काफी जर्जर हो चुके हैं। बारिश के मौसम में कोई भी अप्रिय घटना इन विद्यालयों में घटित हो सकती है। ऐसे में यथाशीघ्र जर्जर शासकीय विद्यालयों के भवनों का मरम्मत कार्य कराया जाए। तत्संबंध में बटौली एवं हिनौता के कुछ ग्रामीणों का कहना था कि यहां के शासकीय विद्यालय के भवन वर्षों पुराने है। वर्तमान में स्थिति यह है कि छतों के प्लास्टर गिर रहे हैं, लोहे की जंग लगी सरिया जगह-जगह नजर आ रही है। साथ ही विद्यालय भवन की दीवारें भी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। यहां पढ़ने के लिए जो छात्र-छात्राएं आ रहे हैं वह काफी जोखिम के बीच पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं। यदि यही

## चुरहट विधायक ने जमुनिहा विद्यालय पर जताई चिंता



चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने विधानसभा क्षेत्र चुरहट अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय जमुनिहा के जर्जर भवन की फोटो सोशल मीडिया में जारी कर गहरी चिंता जताई है। सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट में चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने कहा है कि खड्डी वार्ड के जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला के गांव में संचालित शासकीय माध्यमिक विद्यालय जमुनिहा का भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। भवन की हालत अत्यंत दयनीय है। भवन की दीवारें और छतें जवाब दे चुकी हैं। फिर भी प्रशासन खामोश है। क्या ऐसे माहौल में बच्चे पढ़ पाएंगे।

> शासकीय विद्यालय बटौली, हिनौता एवं जमुनिहा का जो मामला सामने लाया जा रहा है वहां पुराने जर्जर भवन में छात्र-छात्राएं नहीं बैठते। उक्त कक्षों को कंडम घोषित किया गया है। सभी विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष अच्छे हालत में उपलब्ध हैं। बच्चों को पठन-पाठन के लिए वहां बैठाया जा रहा है। इसी आशय की जानकारी उनके द्वारा कलेक्टर के पास भी लिखित रूप से दिलाई गई है।
> **पवन कुमार सिंह, डीईओ सीधी**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील गोपद बनास जिला-सीधी म.प्र.**

क्रमांक............ /प्रवाचक/2025 सीधी दिनांक ....... /07/2025

// इश्तहार //

पुष्पराज सिंह चौहान पिता समर बहादुर सिंह चौहान

**बनाम**

(1) मु. शांति बेवा संत कुमार जाति ब्राम्हण
(2) रमाकांत पिता संत कुमार
(3) कमलाकांत पिता संत कुमार
(4) श्रीकांत पिता संत कुमार
(5) शिवाकांत पिता संत कुमार सभी निवासी ग्राम सीधी खुर्द तहसील गोपद बनास जिला सीधी मध्य प्रदेश

जरिये आम सूचना सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय ने राजस्व प्रकरण 0153/अ-27/2025-26 आवेदक पुष्पराज सिंह चौहान पिता रामर बहादुर सिंह चौहान निवासी सीधी खुर्द तहसील गोपदबनास के द्वारा ग्राम सीधी खुर्द की आराजी खसरा क्रमांक 95/1, 165, 166, 169, 170, 173/1 कुल किता 06 योग रकबा 1.7700 हे. भूमियों के बटवारा राजस्व अभिलेखों में किये जाने हेतु सह खातेदार मु. शांति बेवा संत कुमार वगैरह जाति ब्राम्हण के विरुद्ध मध्य प्रदेश भू0स0 संहिता 1959 की धारा 178 एवं सहपठित धारा 73 मध्य प्रदेश भू0रा0 संहिता 1959 के राहत प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.07.2025 को नियत है। उक्त प्रकरण में किसी भी सहखातेदार या आम जन या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी दावा आपत्ति नियत दिनांक को स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

अतः आज दिनांक 21.07.2025 को न्यायालय से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसीलदार गोपद बनास
जिला सीधी म.प्र.

# मनुष्य का हितैषी उसके माता-पिता के अलावा कोई नहीं : शरद कोल

## साथियों के बहकावे में न आयें - पुलिस अधीक्षक

**जागरण ब्यौहारी।** ब्यौहारी महिला जागरूकता कार्यक्रम पुलिस व्यवहारी द्वारा शिवालय मैरिज गार्डन में 26/07/25 को मध्यप्रदेश पुलिस के आयोजन ससक्त नारी एवं शसक्त मध्यप्रदेश आयोजित किया गया जिसमें नशे से दूरी है जरूरी इस कार्यक्रम में विधायक शरद कोल ने कहा कि माता-पिता हमारे प्रथम गुरु होते हैं और यह दुनिया अच्छे और बुरे लोगों से भरी पड़ी पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने कहा कि घर से किसी के बहकावे में ना भागे यदि कोई हमें कहता है कि चलो सूरत वहां अच्छे से खायेंगे पियेंगे ऐश करेंगे तो वह हमें बहका रहा है ऐसे लोगों से सतर्क रहें कई बार दोस्त लोग यह कह देते हैं कि इसके अंदर शराब पीने की दम नहीं है ऐसा का करके सोचते हैं कि शायद यह शराब पीने लगे इसलिए ऐसे लोगों से दूरी बनाए कार्यक्रम में वर्षा बैगा शहडोल थाना प्रभारी में अपने जीवन की कठिन परिस्थितियों के बारे में बताया की धीरे-धीरे पढ़कर के मैं यहां तक पहुंची उत्कृष्ट स्कूल की छात्रा सायरा बानो ने आया समय उठो तुम्हारी युग निर्माण तुम्हें करना है अपने गीत के माध्यम से लोगों की खूब तालियां बटोरी अथर्व पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नशे के रूप में उपयोग होने वाले पदार्थ पान तंबाकू सिगरेट ड्रग्स शराब को पत्र बनाकर बहुत ही बखूबी तरीके से मंचन किया मंच में अथर्व पैरामेडिकल के संचालक डॉ ओम चौबे को सम्मानित भी किया गया

### लोगों ने दिए सुझाव

पार्षद आशीष गुप्ता ने कहा कि हायर सेकंडरी और कॉलेज के लड़कों को टैबलेट और कोरेक्स की लत लग चुकी है इसलिए प्रार्थना के समय वहां पर जाकर पुलिस जागरूक करें समीम खान ने कहा नशे का प्रयोग करने वाले ड्राइवर स्कूल जाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों की जान ले रहे हैं सभी ड्राइवरों की अल्कोहल मीटर से जांच की जाए। छात्र धनंजय चतुर्वेदी ने कहा कि यदि सरकार नशे पर रोक लगाना चाहती है तो शराब की दुकान बंद क्यों नहीं करती पुलिस अधीक्षक ने उसको जवाब देते हुए कहा कि हमारे समाज में अच्छाई और बुराई दोनों है हमें कौन से रास्ते पर चलना है यह हमको तय करना है कार्यक्रम का सफल संचालन अरुण कुमार पाण्डेय नगर निरीक्षक एवं रवि द्विवेदी ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभिषेक दीवान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , मुकेश अविन्द्रा एस डी ओ पी ब्यौहारी, आकांछी प्रीतू सिंह जनपद अध्यक्ष, श्री कृष्ण गुप्ता राजन नगर परिषद अध्यक्ष अरुण पांडे नगर निरीक्षक, रोशनी गौतम परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास चंद्रकली पटेल नगर परिषद उपाध्यक्ष, पत्रकार ,नगरजन ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छात्र-छात्राएं सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# डॉ. अभिमन्यु प्रसाद के सान्निध्य में प्रेरक आयोजन, माँ को समर्पित वृक्ष और नशा मुक्ति का संदेश

**जागरण ब्यौहारी।** शासकीय कला, वाणिज्य एवं महाविद्यालय, ब्यौहारी में राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्स्स्) इकाई द्वारा दिनांक [26/07/2025] को एक प्रेरणादायक एवं जन-जागरूकता से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति चेतना जागृत करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं में जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के दो मुख्य विषय रहे ङ्क एक पेड़ माँ के नाम एवं नशे से दूरी है ज़रूरी जिनके अंतर्गत वृक्षारोपण और जन-जागरूकता अभियान संपन्न हुआ।

समन्वयक महोदय डॉ. अभिमन्यु प्रसाद ने अपने संबोधन में छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ह्स्स् जैसे मंच युवाओं को सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के अवसर प्रदान करते हैं। 'एक पेड़ माँ के नाम' एक ऐसा भावनात्मक और पर्यावरणीय पहल है जो विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ता है, वहीं 'नशे से दूरी है ज़रूरी' विषय आज के समय की सबसे बड़ी ज़रूरत है। हमें युवाओं को नशा मुक्त और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में सक्रिय रूप से प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजेंद्र सिंह बैस, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में सेवा, कर्तव्य और नैतिक मूल्यों का समावेश होता है। साथ ही, उन्होंने वृक्षारोपण को धरती की सेवा बताते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. तिवारी ने ह्स्स् की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना न केवल छात्रों को सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करती है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के प्रति संवेदनशील रहते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.पी. कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करना है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से पर्यावरण के प्रति जुड़ाव और सम्मान का संदेश मिलता है, वहीं 'नशे से दूरी है ज़रूरी' जैसे विषय युवाओं को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए और यह संकल्प लिया कि वे इन पेड़ों की देखभाल करेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा वातावरण छोड़ेंगे।

# जिला डिण्डौरी पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पौधरोपण व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**जागरण डिंडोरी।** जिला डिण्डौरी में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान की शुरुआत रक्षित केन्द्र डिण्डौरी में की गई, जहाँ समस्त पुलिस परिवार एवं स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी रक्षित निरीक्षक कुंवर सिंह, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं एसएफ स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**जागरूकता कार्यक्रमों की झलक :** थाना बजाग- सउनि रमेश कुड़ापे एवं अन्य स्टाफ द्वारा सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास चाडा में बच्चों को नशा से दूरी है जरूरी विषय पर जागरूक किया गया और नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। थाना करंजिया- कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में बालिकाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में 85 बालिकाएं उपस्थित रहीं। चौकी विक्रमपुर- बालक छात्रावास विक्रमपुर में नशा मुक्ति अभियान आयोजित किया गया, जिसमें छात्रावास के बच्चों को जागरूक किया गया।

---

**कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**-: अधिसूचना :-**

पत्र क्र.32 प्रवा./ भू-अर्जन / 2025 — मऊगंज दिनांक 21/07/2025

चूकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है | अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है :-

|| अनुसूची ||

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - नईगढ़ी
ग्राम - भदावल
क्षेत्रफल - 0.052 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (में .हे) |
|---|---|---|
| 1 | 816 | 0.052 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है - " बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत बूस्टर पम्प हाउस पंहुच मार्ग के निर्माण " में आने वाले निजी / शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित , संपत्तियों के अर्जन हेतु |
2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(एम.एल.वाडेकर)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 3, मनगंवा जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा )
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

जी-16325/25

---

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक FA/377/2016

Process Id: 136293/2025 — Respondent No. (a) to (c) — **Fixed for 04.08.2025**

RAKESH KUMAR TIWARI and others — अपीलार्थी
SMT. ASHA MISHRA and others — प्रत्यर्थी

सन 2016 के RCS-A क्रमांक 46 सन् 2014 में न्यायालय Addl. District Judge SHRI R.N. CHAND, High Court Bench at Gwalior ( (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश, दिनांक 15-10-2015 के विरूद्ध अपील।

प्रति,
R 1(a). Vinod Kumar Mishra S/o Late Ramadhar Mishra R-1(b). Smt. Archana Mishra D/o Shri Ramadhar Mishra R-1(c). Smt Archana Mishra D/o Shri Ramadhar Mishra, R/o Arun Nagar Rewa Tehsil Huzur, Rewa, District- Rewa, Madhya Pradesh -प्रत्यर्थी

कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 04-08-2025 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 04-08-2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :- (1) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या) (2) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें (3) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय)

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हो, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 04-08-2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक 21.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

(मुहर)
प्रधान सहायक,
न्यायिक शाखा

---

## कलाकार दिनेश शर्मा द्वारा निर्मित रामलला की प्रतिकृति अब त्रिनिदाद एंड टोबैगो में स्थापित

**जागरण, छतरपुर।** जिले के जाने-माने युवा मूर्तिकार दिनेश शर्मा द्वारा निर्मित भगवान श्री रामलला की प्रतिकृति अब त्रिनिदाद एंड टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ़ स्पेन में स्थापित की गई है। इस उपलब्धि की जानकारी स्वयं कलाकार दिनेश शर्मा ने अपनी फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा की। उन्होंने इसे न केवल अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बताया, बल्कि इसे भक्ति, श्रद्धा और भारतीय कला की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का एक दिव्य पड़ाव भी कहा।

**मूर्ति निर्माण मेरे लिए एक आध्यात्मिक अनुभव रहा :** दिनेश शर्मा ने बताया कि अयोध्या में विराजमान भगवान श्रीरामलला की यह प्रतिकृति उनके लिए सिर्फ एक कलाकृति नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक प्रक्रिया थी। उन्होंने कहा, इस मूर्ति में मैंने न केवल अपनी कला का समर्पण किया है, बल्कि अपनी श्रद्धा और भावनाओं को भी जीवंत करने का प्रयास किया है।

**कला और आस्था की नहीं होती कोई सीमा :** पोर्ट ऑफ़ स्पेन में इस मूर्ति की स्थापना यह प्रमाणित करती है कि भारतीय संस्कृति, मूर्तिकला और भक्ति की शक्ति अब वैश्विक समुदाय को भी जोड़ रही है। दिनेश शर्मा ने कहा कि कला और आस्था का यह संगम न केवल सीमाओं से परे है, बल्कि यह विभिन्न संस्कृतियों को एक दिव्य सूत्र में बाँधने का माध्यम बन रहा है।

**भविष्य की प्रेरणा बनी यह उपलब्धि :** दिनेश शर्मा ने उन सभी व्यक्तियों और संस्थानों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इस कार्य में सहयोग किया और उनके इस स्वप्न को साकार किया। उन्होंने यह भी कहा कि यह उपलब्धि उन्हें भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट कृतियाँ गढ़ने की प्रेरणा देगी। कला का यह सफर जारी है अपने भावुक संदेश में दिनेश शर्मा ने लिखा — इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनकर मैं अभिभूत हूँ। मुझे आशा है कि मेरी कलाकृतियाँ इसी तरह दुनिया भर में लोगों के हृदयों को छूती रहेंगी।

## कोटर में गौशाला बने गोवंश को मिले जीवन, किसान बने खुशहाल

**सतना।** जिले का कोटर नगर परिषद आज विधानसभा बनाने की आवाजों से जिले में राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफकोटर गांव से लेकर कोटर बस स्टैंड तक आवारा पशुओं गाय और बैल से भरा हुई सड़कें हैं। मजाल है कि कोई दोपहिया से लेकर चारपहिया और बड़ा वाहन निकल जाय। और किसान चैन की नींद सो जाएए इधर किसान उधर फसल से हांथ धोया। वहीं दूसरी तरफवाहन चालक बचते बचाते हुए वाहन चलाता है लेकिन अचानक पशुओं के रास्ते में आ जाने व उनको बचाने के चक्कर में बड़ी दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है।

---

**साहित्य अकादमी**
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, संस्कृति विभाग, भोपाल

**श्रेष्ठ कृतियों हेतु पुरस्कार**

साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, भोपाल द्वारा श्रेष्ठ कृतियों पर कैलेण्डर वर्ष 2024 पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष तेरह अखिल भारतीय (प्रत्येक 1.00 लाख) एवं पन्द्रह प्रादेशिक पुरस्कार (प्रत्येक 51 हजार) के लिए लेखकों/प्रकाशकों से हिंदी की विधाओं में उसी वर्ष की पुस्तकें आमंत्रित हैं। साथ ही प्रदेश की छः बोलियों के श्रेष्ठ कृतियों हेतु वर्ष 2024 पुरस्कार योजना के अंतर्गत पुस्तकें आमंत्रित हैं। (प्रत्येक पुरस्कार 51 हजार) प्रत्येक पुरस्कार के लिए पुस्तक की तीन प्रतियाँ प्रविष्टि के लिए भेजनी होंगी। अकादमी (कार्यालय समय) में पुस्तकें प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर, 2025 निर्धारित है। इसके बाद प्राप्त पुस्तकों पर विचार नहीं किया जाएगा। नियमावली और विवरण के लिए संपर्क-

साहित्य अकादमी, संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड़, भोपाल
दूरभाष : 0755-2554782
वेबसाईट http://mpsahityaacademy.com
ईमेल : sahityaacademy.bhopal@gmail.com
जी-16328/25

---

**आम सूचना/खंडन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यूनियन बैंक, समान शाखा, रीवा द्वारा नीलामी सूचना प्रकाशन समाचार पत्रों के माध्यम से भूमि और भवन जो कि खसरा नंबर-33/01/ख, मुदरिया कपसान, पटवारी हल्का-दुबगांवा दुबान, आर.आई. सी., तहसील-मऊगंज, जिला-रीवा, म. प्र. में स्थित है, क्षेत्रफल- 4360 वर्गफुट, (मालिकाना हक - श्री सुरेश कुमार शुक्ला एवं श्री संतोष शुक्ला) की ई नीलामी दिनांक 30.07.2025 को नियत है। उल्लेखित संपतिया विवादित है तथा यूनियन बैंक के विरुद्ध ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के समक्ष प्रकरण क्रमांक - एस.ए. न. 256/25 विचाराधीन है अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की उल्लेखित उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी संव्यवहार ना करे और ना ही उक्त नीलामी प्रक्रिया में भाग ले अन्यथा उन से उत्पन्न होने वाले समस्त विवाद, कानूनी कार्यवाही एवं कानूनी प्रक्रियाओं के हर्जे खर्चे की पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

दिनांक: 25.07.2025

Miss TUSI SAHA
(ADVOCATE)
HIGH COURT OF M.P. & D.R.T.
CHAMBER No. 6, DATT ARCADE
BESIDE NARMADA JACKSON,
SOUTH CIVIL LINES,
JABALPUR (M.P.
MOB.-9407852588,
9691677682

---

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - मऊगंज (म.प्र.)**
sunit.rajpoot@mp.gov.in

कमांक / 390 / खनिज / 2025 — मऊगंज / दिनांक. 04 / 07 / 2025

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम ,1996 के नियम ,18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि , आवेदक **भावना पांडेय पुत्री श्री एल.डी. पांडेय, जे410 ब्लॉक, जे आरोग्यम ग्रुप, हाउसिंग प्रोजेक्ट बघेरी राजपूताना, रूढ़की, हरिद्वार, (उत्तराखंड), हाल मुकाम-हिम्मतपुर, मोटाहाल्दु, सुनवालपुर, पोस्ट-गोरा पड़ाव, हल्दवानी, नैनीताल, उत्तराखंड** द्वारा उत्खनि पट्टा (जो भी लागू हो) प्राप्त करनें हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक **03/07/2025** को प्रस्तुत किया गया है। **तीस दिवस** तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति **उत्खनिपट्टा** आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं।आवेदन ईखनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय /निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मऊगंज | हनुमना | सरदमन | 513 | 12.000 | शासकीय | गिट्टी पत्थर | क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनि पट्टा |
| | | | कुल रकवा | 12.000 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा)
जिला मऊगंज (म.प्र.)

जी-16302/25

---

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - मऊगंज (म.प्र.)**
sunit.rajpoot@mp.gov.in

कमांक / 393 / खनिज / 2025 — मऊगंज / दिनांक 04 / 07 / 2025

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम ,1996 के नियम ,18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि , आवेदक **भावना पांडेय पुत्री श्री एल.डी. पांडेय, जे410 ब्लॉक, जे आरोग्यम ग्रुप, हाउसिंग प्रोजेक्ट बघेरी राजपूताना, रूढ़की, हरिद्वार, (उत्तराखंड), हाल मुकाम-हिम्मतपुर, मोटाहाल्दु, सुनवालपुर, पोस्ट-गोरा पड़ाव, हल्दवानी, नैनीताल, उत्तराखंड** द्वारा उत्खनि पट्टा (जो भी लागू हो) प्राप्त करनें हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक **02/07/2025** को प्रस्तुत किया गया है। **तीस दिवस** तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति **उत्खनिपट्टा** आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं।आवेदन ईखनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय /निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मऊगंज | हनुमना | पिपराही | 236 | 4.000 | शासकीय | गिट्टी पत्थर | क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनि पट्टा |
| | | | कुल रकवा | 4.000 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा)
जिला मऊगंज (म.प्र.)

जी-16337/25

---

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)**
**तृतीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये भवन निर्माण सामग्री क्रय करने हेतु तृतीय वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 19/08/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 06/08/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 18/08/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19/08/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 20/08/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 22/08/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |

नोट:-
1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं **निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही जेल द्वारा की जावेगी।**
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है ।

जी-16299/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

---

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)**
**तृतीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. सिस्टम के रख-रखाव (ए.एम.सी.) के लिये तृतीय वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक-19/08/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 06/08/2025 प्रातः 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा(म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 18/08/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19/08/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 20/08/2025 सायं 05:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा(म०प्र०) |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 22/08/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |

**( सी.सी.टी.व्ही. कैमरा ऑल सिस्टम )**

| क्र. | उपकरण का नाम | अनुमानित राशि | 03% अमानत राशि | ई-निविदा समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.सी.टी.व्ही. कैमरा ऑल सिस्टम | 10,00,000.00 | 30,000.00 | एक वर्ष |

जी-16336/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

---

**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)**
**तृतीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये स्वच्छता एवं विद्युत सामग्री क्रय करने हेतु तृतीय वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 19/08/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 06/08/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 18/08/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19/08/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 20/08/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 5. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 22/08/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |

नोट:-
1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं **निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही जेल द्वारा की जावेगी।**
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है ।

जी-16334/25

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

---

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**
एकेएस विश्वविद्यालय,के रीवा जिले के बैकुंठपुर क्षेत्रीय कार्यालय के लिए योग्य मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव एवं एडमिशन काउंसलर की आवश्यकता है।
योग्यता - स्नातक, अच्छी संवाद शैली हो, अपना रिज्यूमे व्हाट्सएप पर भेजें।
वेतन योग्यतानुसार।
मो. 9993181552, 8889927776
(29/7)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## मन की बात कार्यक्रम का 124वां एपिसोड जिले भर में देखा गया

**जागरण, बैढ़न।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 124वां एपिसोड आज प्रसारित हुआ। मास के प्रत्येक आखरी रविवार को देश के प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के आम नागरिकों को संबोधित करते हैं। भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली द्वारा जिले भर के 990 बूथों पर इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ तथा प्रत्येक बूथ अध्यक्ष ने इस आयोजन मे हिस्सा लिया। संगठन की ओर से प्रत्येक बूथ पर मुख्य अतिथि के रूप मे पार्टी के पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता को भेजा गया था । प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह बैढ़न मंडल के शक्ति केन्द्र क्र.40 के बूथ क्र.140 पर इस कार्यक्रम की प्रभारी जिलामंत्री पूनम गुप्ता मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता सांसद प्रतिनिधि संतोष वर्मा वार्ड संयोजक संतोष जायसवाल राजा राम केसरी कामता केसरी एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे तथा इसी प्रकार जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह जयन्त मंडल के शक्ति केन्द्र क्र. 17 के बूथ क्र. 61 मे उपस्थित रह कर मन की बात कार्यक्रम को देखा। जिलाध्यक्ष के साथ निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष आशा यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप झा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ओढ़नी सितारों की मंगा दे बलमा मैं तो झुला झूलन जाउंगी...






### स्वाति मिश्रा तीज क्वीन श्रीमती निशा चंदेल फर्स्ट रनर अप तथा श्रीमती पूजा सुंदरी सावन सुंदरी

### वनिता समाज शक्तिनगर ने हरियाली तीज का किया आयोजन

**जागरण, शक्तिनगर**

एनटीपीसी सिंगरौली के मनोरंजन केंद्र में वनिता समाज शक्तिनगर द्वारा सावन के अवसर पर हरियाली तीज का उत्सव मनाया गया। नारी सशक्तिकरण का संदेश देने वाली हरियाली तीज पर आधारित कल्चरल प्रोग्राम में तीज गीत सावन के झूले व नृत्य का आयोजन हुआ। वहीं कुछ दिन पूर्व एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित वनिता भवन में सभी वनिताओं द्वारा मेहंदी कॉम्पीटिशन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सावन के हरियाली तीज के अवसर पर एनटीपीसी के तीनों प्रोजेक्ट की महिला मण्डल की पदाधिकारी एवं सदस्याएँ शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती पद्मा अईयन्गर मुख्य अतिथि श्रीमती शिखा श्रीवास्तव अध्यक्षा वर्तिका महिला मंडल समिति रिंहद एवं श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज शक्तिनगर द्वारा श्री गणेश व शिव पार्वती जी की पूजा कर एवं दीप प्रज्वलन कर के किया गया। इस दौरान सभी प्रोजेक्ट की महिला मंडल की सदस्याएँ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अगले कड़ी में सभी महिलाओं ने सावन के झूले पर झूला झूल कर आनंद उठाया। श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथिगण का स्वागत एवं अभिनंदन कर सभी सम्मानित महिलाओं को तीज कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई दी। कल्चरल प्रोग्राम के तहत कजरी गीत.संगीत का कार्यक्रम भी चला। जिसमें महिलाओं ने श्सावन की सबको बधाई.ओ राधा रानी दुल्हन को आई एवं ओढ़नी सितारों की मंगा दे बलमा मैं तो झुला झूलन जाउंगी गाकर सभी को झूमा दिया इसके बाद पेपर गेम तथा तीज क्वीन कॉन्टेस्ट नामक प्रोग्राम हुआ। कार्यक्रम में सावन पर आधारित नये. पुराने फिल्मी गाने गाये गये। इसके साथ भगवान शिव की स्तुति पर नृत्य भी किया गया। इस मौके पर एनटीपीसी सिंगरौली की महिला कर्मचारी भी उपस्थित रहीं। जिनमें सुश्री खुशबू यादव सुश्री अंकिता एवं सुश्री निकिता ने अपने डांस से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में तीज क्वीन श्रीमती स्वाति मिश्रा श्रीमती निशा चंदेलए फ़र्स्ट रनर अप तथा श्रीमती पुजा सुंदरी सावन सुंदरी रहीं। पिछले 3 दिनों से चले आ रहे इन सावन उत्सव कार्यक्रमों का सभी ने बड़े ही उत्साह के साथ आनंद उठाया।

## शारीरिक गतिविधि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक : खिल्लारे एसपी

### फिट इंडिया इनीशिएटिव के तहत सीआईएसएफ यूनिट अमलोरी परियोजना द्वारा साइकिलिंग अभियान का आयोजन



**जागरण, बैढ़न।** प्रदेश की ऊर्जा नगरी सिंगरौली में स्थित अमलोरी परियोजना में आज केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ यूनिट अमलोरी परियोजना के अधिकारियों और जवानों ने खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया इनीशिएटिव के अंतर्गत एक विशाल साइकिलिंग अभियान का आयोजन किया। यह अभियान अमलोरी टाउनशिप और आस.पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रेरणादायक अभियान में सीआईएसएफयूनिट के प्रमुख अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया जिनमें कमांडेंट खिल्लारे एस पी डिप्टी कमांडेंट सुशांत गायकवाड असिस्टेंट कमांडेंट देवेन्द्र सिंह असिस्टेंट कमांडेंट अनिल कुमार सिंह असिस्टेंट कमांडेंट रूपेंद्र सिंह इन्स्पेक्टर सुमन कुमारी रामबाबू उप.निरीक्षक अमित कुमार यू के तिवारी राजेश सिंह वीरमणि कुमार सहित अन्य अधिकारी स्कूली बच्चे और जवान शामिल थे। इस साइकिलिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति व्यापक जागरूकता बढ़ाना था साथ ही स्थानीय समुदाय को फि ट इंडिया आंदोलन से जुड़ने के लिए प्रेरित करना भी था। सीआईएसएफ यूनिट अमलोरी परियोजना सिंगरौली के अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अमलोरी टाउनशिप और आस.पास के गाँवों में साइकिल चलाकर लोगों को स्वास्थ्य और शारीरिक गतिविधियों के महत्व का संदेश दिया। इस अवसर पर कमांडेंट खिल्लारे एस पी ने विशेष रूप से बच्चों को खेलने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा आज के समय में जब अधिकांश बच्चे वीडियो गेम में व्यस्त रहते हैं ऐसे माहौल में शारीरिक गतिविधि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। भारत की ऊर्जा नगरी के रूप में विख्यात सिंगरौली में इस प्रकार के अभियान स्थानीय समुदाय को फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सीआईएसएफ यूनिट अमलोरी परियोजना सिंगरौली ने फि ट इंडिया आंदोलन को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदाय के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में यह एक और सराहनीय कदम उठाया है। सीआईएसएफ यूनिट अमलोरी परियोजना को सुरक्षा प्रदान करने के अलावा आसपास के स्थानीय क्षेत्र में सामुदायिक कल्याण गतिविधियों में सदैव सक्रिय रहती है।

## उज्ज्वला योजना के नाम पर लूट, निगरी गैस एजेंसी पर सवाल




**जागरण, निवास।** जिले के आदिवासी बहुल अंतिम गांव निगरी में इंडियन गैस एजेंसी के कारनामे उजागर हो रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोहन सरकार ने गरीब ग्रामीण महिलाओं को धुआँ मुक्त जीवन देने के लिए उज्ज्वला योजना लागू कीए मगर निगरी गैस एजेंसी के संचालक इस योजना को कमाई का जरिया बना बैठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एजेंसी वालों ने उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा तो थमा दिया मगर गैस टंकी देने के बजाय टोकन पकड़ा दिया। अब महिलाएँ महीनों से टोकन लेकर दर.दर भटक रही हैं लेकिन गैस सिलेंडर का अता.पता नहीं। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि योजना का लाभ उठाने वाली गरीब आदिवासी महिलाएँ आज भी चूल्हे के धुएँ में ही घुट रही हैं। स्थानीय लोग यह भी कहते हैं कि इस एजेंसी में एक ही समुदाय का दबदबा है। सभी कर्मचारी एक ही जाति के हैं और वही मनमानी कर रहे हैं। ग्रामीणों की सुनवाई नहीं होती, शिकायतें अनसुनी कर दी जाती हैं। ग्रामीण अंचल की भोली.भाली महिलाएँ एजेंसी के सामने बार.बार गिड़गिड़ा रही हैंए पर उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता है। यह मामला सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि गरीबों की मेहनत और सरकारी योजना का सीधा शोषण है। जिला कलेक्टर सिंगरौली व प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल इस पूरे मामले की जांच कराएए एजेंसी पर कार्रवाई करे और जिन महिलाओं को टोकन देकर भटकाया जा रहा हैए उन्हें तुरंत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए। नहीं तो उज्ज्वला योजना का सपना ग्रामीणों के लिए एक छलावा ही बन कर रह जाएगा।

## नावंकुर सखियों द्वारा बड़ी धूमधाम से निकाली गई हरियाली यात्रा

### नवांकुर सखी हरियाली यात्रा पड़री खुर्द में




**जागरण, चितरंगी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश मे प्रत्येक ब्लाको मे चयनित आदर्श ग्राम मे नावंकुर सखी हरियाली यात्रा महोत्सव के रूप मे कार्यक्रम कराया जा रहा है उसी के तहत चितरंगी विकास खंड के बगदरा सेक्टर के अंतर्गत चयनित आदर्श ग्राम पड़री खुर्द मे आज विकास खंड समन्वयक विश्वनाथ रैदास के मार्गदर्शन मे नवांकुर संस्था केपी बैस सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति पड़री खुर्द के सयुक्त तत्वाधान मे कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रुप मे भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगा सागर बैस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि मुन्नर सिंह कार्यक्रम मे विशिष्ट अथिति के रूप मे पिछड़ा वर्ग भाजपा बगदरा के अध्यक्ष फूल सिंह ब्लाक समन्वयक विश्वनाथ रैदास दिलीप सिंह रोजगार सहायक रमाकांत प्रसाद बैस के उपस्थिति मे हुआ जिसमे नावंकुर सखियो को परिचय पत्र प्रदान करते हुए पौधा भी वितरण किया गया साथ हि साथ मंच पर मौजूद ब्लाक समन्ववक ने जन अभियान और नावंकुर सखी अभियान का पुरा बिस्तृत रूप रेखा रखते हुए सखियो को सम्बोधित किया कार्यक्रम के बाद पंचायत मे स्थिति शांति धाम मे नावंकुर सखीओ के माध्यम से दो सौ पौधों का रोपण एक पेड़ माँ के नाम के तहत कराया गया इस पूरे कार्यक्रम मे केपी बैस सेवा समिति के अध्यक्ष उमा शंकर सिंह बैस प्रस्फूटन अध्यक्ष सावित्री सिंह दिलीप गुप्ता सामाजिक कार्यकर्ता राम रहिस बैस अजय बैस महात्मा सिंह हुब्बलाल बैस सरोज रेखा बिन्दु सविता राजपति देवी बैस कमलावती सुधा देवी शांति बैस सहित सैकड़ो के संख्या मे नावंकुर सखिया और ग्रामीण जन मौजूद होकर कार्यक्रम के साक्षी बने साथी ही साथ सभी को वृक्षारोपण प्रकित सुरक्षा को लेकर उन्हे संकल्प भी दिलाया गया वही कार्यक्रम में अतिथिओं का रोजगार सहायक द्वारा आभार ब्यक्त किया गया।

## आधुनिक खतरों से निपटने के लिए बैटल रेडी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

### सीआईएसएफ बैटल रेडी भारतीय सेना के साथ गहन प्रशिक्षण हो रहा है शुरू



**जागरण, विंध्यनगर।** सीआईएसएफ बैटल रेडी भारतीय सेना के साथ गहन प्रशिक्षण शुरू हो रहा है सीआईएसएफ इकाई विन्ध्यानगर के इकाई प्रभारी वरिष्ट कमांडेंट मनीष कुमार राय ने बताया है कि बदलते सुरक्षा खतरों के बीच अपनी तैयारियों को मज़बूत करने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने भारतीय सेना के साथ मिलकर गहन संयुक्त प्रशिक्षण शुरू किया है। यह कदम केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को असामान्य और आधुनिक खतरों से निपटने के लिए बैटल रेडी् बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल् के लिए बैटल रेडी् का मतलब है कि उसके जवान देश के अहम और संवेदनशील ठिकानों जैसे हवाई अड्डे परमाणु संयंत्र सरकारी इमारतें और संसद में किसी भी आपात स्थिति में तेज़ और असरदार प्रतिक्रिया दे सकें। इसमें ड्रोन हमला आतंकी हमला अंदरूनी खतरा और तोड़फोड़ जैसी घटनाओं से सटीक ढंग से निपटना शामिल है।

### कश्मीर घाटी में सेना के साथ विशेष प्रशिक्षण

पहली बार केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल् के पूरे बैच को कश्मीर घाटी में सेना की विशेष यूनिट्स से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले सिर्फ कुछ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल्॰ जवानों को सेना में प्रशिक्षण का अवसर मिलता था। अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल् और सेना के बीच बेहतर तालमेल और राष्ट्रीय हित को देखते हुए बड़ी संख्या में जवानों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल मुख्य विषय में रात में ऑपरेशन नाइट ऑपरेशन जंगल युद्ध जंगल वॉरफेयर नज़दीकी मुकाबला क्लोज कॉम्बैट सहनशक्ति बढ़ाने के अभ्यास एंड्योरेंस ट्रेनिंग ये ट्रेनिंग औद्योगिक सुरक्षा बल् के शहरी सुरक्षा अनुभव को और मज़बूत करते हुए जवानों को जटिल इलाकों और उच्च खतरे वाले क्षेत्रों में भी काम करने के लिए तैयार करेगी।

### चुने गए सबसे योग्य जवान

इस कठिन प्रशिक्षण के लिए केवल औद्योगिक सुरक्षा बल् की क्विक रिएक्शन टीम के जवानों को चुना गया है जो किसी भी आपात स्थिति में सबसे पहले प्रतिक्रिया देते हैं। चयन के लिए उम्र 35 साल से कम होनी चाहिए और एनएसजी मानकों के अनुसार बैटल फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट पास करना अनिवार्य था। ये सभी जवान पहले ही छह महीने की सघन इन.हाउस ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं।

### भविष्य की योजना

भविष्य में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल् इस तरह के एडवांस युद्ध प्रशिक्षण को अन्य यूनिट्स तक भी विस्तार देगा खासकर उन स्थानों से शुरू करते हुए जो सबसे अधिक संवेदनशील हैं। उद्देश्य है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल् का हर जवान शारीरिक मानसिक और रणनीतिक रूप से इतना सक्षम हो कि किसी भी नए खतरे का डटकर सामना कर सके और देश के महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा हमेशा सुनिश्चित की जा सके।

## ज्योत्सना महिला समिति ने बच्चों के लिए आयोजित किया श्लोक पाठ प्रतियोगिता



**जागरण, सिंगरौली।** एनसीएल मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली ज्योत्सना महिला समिति ने आज बच्चों के लिए सीईटीआई परिसर में एक लोक पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण अंग श्लोकों का पाठ किया। सभी उम्र के छोटे व बड़े बच्चों ने विभिन्न श्लोकों को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हुएए जिन्होंने ज्योत्सना महिला समिति के इस पहल की सराहना भी की। इस कार्यक्रम का आयोजन समिति की अध्यक्षा श्रीमती बी. के.दुर्गा के मार्गदर्शन में किया गया । इस अवसर पर उपाध्यक्षा श्रीमती वीणा सिंह व समिति की अन्य सदस्याएँ भी मौजूद रहीं और बच्चों को प्रोत्साहित किया। श्लोक पाठ भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है जो न केवल आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाता है बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। यह आयोजन बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों व भारतीय परंपराओं से जोड़ने का एक प्रयास था।

## महुआ गांव चौराहे पर जायसवाल होटल की गंदगी से त्रस्त आमजन



**जागरण, निवास।** महुआ गांव के सी एम राइज स्कूल से सटा मैन चौराहे पर स्थित जायसवाल होटल द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से स्थानीय लोग बुरी तरह परेशान हैं। होटल से निकला गंदा पानी और कचरा सीधे मुख्य सड़क पर बहाया जाता है। इतना ही नहींए शौचालय का पानी भी मोटर पंप लगाकर खुलेआम सड़क पर छोड़ा जा रहा है। यह गंदा पानी राहगीरों पर छिटकता है और आसपास बदबू का साम्राज्य फैला देता है। राहगीरों व स्कूली बच्चों को गुजरते समय गाड़ियों के छींटों से भीगना पड़ता हैए जिससे खाज–खुजली जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। सड़क पर जमा कचरे व कीचड़ के कारण वाहन चलाना भी किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। आश्चर्य की बात है कि यह सब प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं। आमजन में आक्रोश है कि आखिर कब तक वे इस गंदगी और अव्यवस्था को झेलते रहेंगे। जिम्मेदारों की यह लापरवाही जन स्वास्थ्य के लिए सीधा खतरा बन चुकी है।

## दो दिन तक बंद रही खाद की दुकान, फिर भी पीछे के रास्तों से जारी रहा गोरखधंधा

**जागरण, निवास।** कुछ दिन पहले ही उजागर हुआ था कि डीएपी और यूरिया खाद को खुलेआम महंगे दामों पर लुटाया जा रहा है। इस खुलासे के बाद जिले भर में हलचल मच गई। जैसे ही किसानों की चीख पब्लिक मंच पर गूंजी वैसे ही दुकानदारों के चेहरे की हवाइयाँ उड़ गईं। खबर के बाद दिखावटी ईमानदारी का नाटक शुरू हो गया। दो दिनों तक दुकानें बंद रहीं मानो गुनाह की मूरत पर किसी ने ताला डाल दिया हो। पर यह तो केवल आवरण था सच तो यह है कि ये चालाक दुकानदार सामने से दुकान बंद कर पीछे के रास्तों से किसानों के सपनों की खाद को फिर महंगे दामों में बेचते रहे। आश्चर्य यह कि अधिकारी जब भी आते हैं इन्हें पहले से भनक कैसे मिल जाती है कहीं न कहीं मिलीभगत की सड़ी हुई गंध हवा में घुली हुई है। किसानों की पीड़ा पर चल रही यह काली कमाई अब रोकने का वक्त है।

## बीपीएस भाटिया अध्यक्ष तथा मुकेश चंद्र श्रीवास्तव महासचिव, डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव संगठन सचिव बनें

### एनटीपीसीएंस क्रॉसिंग फेमिली ग्रुप का जीबीएम संपन्न




**जागरण, सिंगरौली।** क्रॉसिंग रिपब्लिक में संचालित कल्याणकारी संस्था एनटीपीसीएंस क्रॉसिंग फेमिली ग्रुप की सामान्य निकाय बैठक आज शिवाली रेस्टोरेंट हॉल में ए एन गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें लगभग तीन दर्जन सदस्य शामिल हुए। उक्त बैठक में बीपीएस भाटिया द्वारा सदस्यों के स्वागत उपरांत कमल नाथ ठाकुर द्वारा ग्रुप के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया तथा पूर्व में आयोजित वार्षिकोत्सव तथा महिलाओं की तीज महोत्सव कार्यक्रम का फीडबैक लिया गया जिसमें सभी सदस्यों ने खुलकर सराहना की। संस्था द्वारा प्रकाशित वार्षिक मैगजीन क्रॉसिंग दर्पण की भी तारीफकी गई तथा निर्णय हुआ कि अब महिलाओं के परिचय के लिए भी अलग पेज होंगे। यू के श्रीवास्तव ने जन्मदिन एवं अन्य अवसरों पर जरूरतमंदों की सेवा का सुझाव दिया तो मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने संस्था के यूट्यूब संचालन की जिम्मेदारी ली। सदस्यों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव एवं समर्थन के पश्चात कार्यकारिणी समिति के चुनाव में बीपीएस भाटिया को अध्यक्ष कमल नाथ ठाकुर को उपाध्यक्ष मुकेश चंद्र श्रीवास्तव को महासचिव एवं ए के छाबड़ा को सचिव के पद पर चुना गया। इसी प्रकार डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव को संगठन सचिव अनमोल अग्रवाल को सांस्कृतिक सचिव बी एम गुप्ता को कोषाध्यक्ष राकेश पुंज को सह कोषाध्यक्ष तथा एस सी गुप्ता एवं मनोज कुमार गर्ग को संयुक्त सचिव के पद पर चुना गया। सभी सदस्यों ने एक स्वर से एवं तालियों की गड़गड़ाहट से निर्वाचित सदस्यों के प्रति अपनी सहमति दर्ज की। निर्वाचन प्रक्रिया में यू के श्रीवास्तव ए एन गोयल राकेश पुंज मुकेश चंद्र श्रीवास्तव राजेश्वर उपाध्याय एच एस बाबा कमल नाथ ठाकुर हुकुम सिंह ए एम नाहर एवं विद्यानंद झा के प्रस्ताव पर क्रमशः आर के पंडा डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव बी पी एस भाटिया अजय गोपालिया वी के शर्मा नेकी राम एम पी सिंह एम एस चौहान दर्शन सिंह एवं वी के सिंघल ने सभी के प्रस्तावों का समर्थन किया। कुलविंदर सिंह महेश प्रसाद अंकुश गुप्ता एवं मुरली मनोहर ने भावी नीति को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।संचालन कमल नाथ ठाकुर ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन मुकेश चंद्र श्रीवास्तव ने की।

# इंदिरा गांधी और देश में बदलाव लाने वाले वर्षों की दास्तान



श्रीनाथ राघवन की पुस्तक 'इंदिरा गांधी एंड द इयर्स दैट ट्रांसफार्म्ड इंडिया' में वर्णित भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन के विश्लेषण पर स्वर्णा राजगोपालन का नजरिया....

अपने शोध और बारीकियों पर गहन ध्यान देने के बावजूद, श्रीनाथ राघवन की पुस्तक 'इंदिरा गांधी एंड द इयर्स दैट ट्रांसफार्म्ड इंडिया' अपने नायक की आवाज़ को पकड़ने में विफल रही है। मैं इंदिरा गांधी युग की संतान हूँ। मेरे बचपन के दिनों में वह प्रधानमंत्री थीं। 1977 तक, मेरे मन में कभी यह विचार तक नहीं आया कि पुरुष इस पद की आकांक्षा भी कर सकते हैं, क्योंकि तब तक मैने एक महिला को ही देश का नेतृत्व करते देखा था। ज़रा सोचिए, एक पितृसत्तात्मक, स्त्री-द्वेषी समाज में यह कितनी आश्चर्यजनक बात है, कि एक छोटी बच्ची यह सोचती थी कि केवल महिलाएँ ही अपने देश का नेतृत्व कर सकती हैं। उस दौर में भी भारतीय पुरुष उपहासपूर्वक कहते थे, वह महिला... महिला ड्राइवर, महिला प्रबंधक, महिला उद्यमी और, ज़ाहिर है, महिला प्रधान मंत्री। उस छोटी बच्ची की उम्र में, मैं भी 'वह औरत' बनना चाहती थी। लेकिन यह किताब 'उस औरत' के बारे में नहीं है। किताब का शीर्षक, 'इंदिरा गांधी एंड द इयर्स दैट ट्रांसफार्म्ड इंडिया' कुछ भ्रामक है। यह वास्तव में 1966-84 तक के भारत का इतिहास है। इंदिरा गांधी की जीवनी और आज़ादी के बाद के पहले डेढ़ दशकों के संक्षिप्त इतिहास के बीच, मंच तैयार करती है। पहले अध्याय में, श्रीनाथ राघवन कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के पतन और गांधी द्वारा अपनी स्थिति मज़बूत करने के प्रयासों का एक साथ पता लगाते हैं। यह 1960 के दशक के मध्य के आर्थिक संकटों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है और कांग्रेस के भीतर पर्दे के पीछे की साजिशों का वर्णन करती है, जब गांधी इतनी 'गूंगी गुड़िया' ( जैसा कि समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया उन्हें कहते थे) साबित नहीं हुई थीं। राघवन 1967 का खंडित जनादेश, कांग्रेस पार्टी में विभाजन और 1972 के चुनाव की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। इससे जुड़ी तमाम साज़िशों और विवादों का विस्तृत वर्णन काफ़ी उल्लेखनीय है।

## 1971 का युद्ध

इस पुस्तक का सबसे उत्कृष्ट अध्याय 1971 के युद्ध पर है। क्योंकि राघवन स्वयं एक सैन्य इतिहासकार हैं। अगर आपने भारतीय इतिहास के इस महत्वपूर्ण वर्ष के बारे में नहीं पढ़ा है, तो ये पन्ने शुरुआत करने के लिए सबसे उपयुक्त होंगे। यह युद्ध की समाप्ति से लेकर प्रधानमंत्री की बढ़ती शक्ति और 1977 में पारित हुए महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन- 42वें संशोधन के लिए दिए गए तर्कों तक जाता है, जो आज भी विवादास्पद बना हुआ है। इस संशोधन ने प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़े; नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों पर एक भाग जोड़ा; राज्य सूची की कीमत पर समवर्ती सूची को मज़बूत किया; कानूनों की न्यायिक समीक्षा को सीमित किया; राष्ट्रपति शासन की अवधि को एक वर्ष और लोकसभा की अवधि को छह वर्ष तक बढ़ा दिया। बाद के संशोधनों में इनमें से कुछ को वापस ले लिया गया। राघवन इस अवधि की आर्थिक नीति पर काफ़ी ध्यान देते हैं, जिसमें बैंकों का राष्ट्रीयकरण और संपत्ति के अधिकारों पर संवैधानिक बहसें शामिल हैं। यह दिलचस्प है कि किताब में 1974 में पोखरण में भारत के पहले परमाणु परीक्षण का बस इतना ही उल्लेख किया गया ...प्रधानमंत्री ने ज़ोरदार तालियों के साथ एक परमाणु उपकरण का परीक्षण करके अपनी सीज़रवादी साख को भी चमकाया। हालांकि राघवन की शैली में इस बारे और अधिक पढ़ना दिलचस्प होता।

## जेपी आंदोलन

अगला अध्याय जयप्रकाश नारायण के आंदोलन पर केंद्रित है, जिसकी परिणति जनता पार्टी के प्रयोग के रूप में हुई। जिसे जेपी आंदोलन के रूप में जाना गया, वह कुछ विपक्षी दलों के समर्थन से छात्र विरोधों का एक लामबंद आंदोलन था। इसने सरकार को विराम देने के लिए पर्याप्त गति पकड़ी और यही आपातकाल लगाने का बहाना बन गया।

## आखिरी अध्याय

राघवन मोरारजी देसाई और चरण सिंह के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल के बारे में उतनी ही बेबाकी से लिखते हैं, और हर हठधर्मिता, कमज़ोरी और अहंकारी बयानबाज़ी का जिक्र करते हैं। आखिरी अध्याय हमें जनवरी 1980 में गांधी की सत्ता में वापसी से लेकर अक्टूबर 1984 में उनकी हत्या तक ले जाता है।

## आपातकाल की ध्रुवीय रात

राघवन ने अपने सबसे रंगीन वर्णन इसी दौर के लिए रखे हैं। 'आपातकाल की ध्रुवीय रात' और इस फ़ैसले तक पहुँचने वाला अंधकारमय और जटिल दौर। इस अध्याय में राघवन ने लगभग किसी की भी आलोचना नहीं की है। इंदिरा गांधी से लेकर नानी पालकीवाला और जस्टिस वाई.वी. चंद्रचूड़ और पी.एन. भगवती तक। यहां एकजुट विपक्ष की चालबाजियों और संजय गांधी की युवा कांग्रेस की ज्यादतियों का भी जिक्र है जिन्हें सरकार ने ज़ोर-शोर से बढ़ावा दिया।

## किताब की खास बातें

- वह दौर जब भारत तीन क्षेत्रों में बढ़ती अशांति का गवाह बना-असम, नागरिकता को लेकर; पंजाब, एक अलग सिख राज्य की माँग को लेकर; और कश्मीर, जहाँ केंद्र-राज्य संबंधों के बीच खींचतान आने वाले उग्रवाद के लिए परिस्थितियों को भड़का रही थी।
- उस दौर का वर्णन, जिसमें गांधी राजनीतिक रूप से परिपक्व हुईं। एक जानबूझकर विकसित किया गया आभामंडल-जो जाहिर तौर पर लैंगिक आचार-विचार से ओतप्रोत राजनीति के क्षेत्र में उनकी ढाल था।
- राघवन गांधी के प्रशंसक नहीं हैं, यह बात किताब में पूरी तरह स्पष्ट कर दी गई है। प्रधानमंत्री पद पर उनके पहले कार्यकाल के बारे में लिखते हुए, हमें उनके कच्चे अनुभव के बारे में बताया गया है और फिर 'सीज़रिस्ट' शब्द बार-बार आता है, कभी विवरण के रूप में तो कभी अन्य बातों की व्याख्या के रूप में।
- राघवन अपनी प्रस्तावना में लिखते हैं, ...यह पुस्तक ऐसे समय में लिखी गई थी जब भारतीय लोकतंत्र में एक नया राजनीतिक स्वरूप उभर रहा था। वे ऐसे समय में भी लिख रहे हैं जब भारतीय इतिहास के कुछ अंश हमारी पाठ्यपुस्तकों से सचमुच मिटा दिए जा रहे हैं। यह उन लोगों के लिए एक अच्छी पुस्तक है जो उस काल के बारे में रिक्त स्थान भरने का प्रयास कर रहे हैं जिसका उल्लेख अब हर कोई करता है, लेकिन बहुत कम लोग उसे प्रत्यक्ष रूप से याद करते हैं।
- राघवन की पुस्तक कई नीतियों पर निर्णय लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से लिखकर एक महत्वपूर्ण योगदान देती है। इससे हमें यह समझने में मदद मिलती है कि सरकार के लिए कुछ भी आसान नहीं है, यहाँ तक कि 'सीज़रवादी' प्रधानमंत्रियों के लिए भी!
- राघवन हमें एक ऐसे व्यक्ति से रूबरू कराते हैं जो सभी से राय लेती है, आर्थिक और विदेश नीति पर और यहाँ तक कि संविधान संशोधन के प्रश्न पर भी, अपनी स्वयं की असहमति के बावजूद, और उन पर सोच-समझकर विचार करती है, भले ही वह अंततः अपनी प्रवृत्ति का अनुसरण करती हो।
- कुल मिलाकर, मुझे यकीन नहीं है कि यह किताब आम पाठक के लिए सुलभ होगी। अध्यायों के भीतर, कथा कभी-कभी इधर-उधर भटकती है, लगभग आपको उस युग को जानने की ज़रूरत महसूस होती है। भाषा कभी कठिन और कभी बातूनी होती है। हालांकि इन वर्षों के बारे में पढ़ना मेरे लिए हमेशा व्यक्तिगत रहा है। फिर भी इस व्यक्तिगत जुड़ाव के बावजूद, यह किताब मुझे आकर्षित नहीं कर पाई।
- मुझे जो कमी खली, वह थी गांधी के अपने पत्रों और नोटों के उद्धरण। 'इंदिरा गांधी' के नाम पर लिखी गई किताब में, मुझे उनकी आवाज़ की कमी खली। क्योंकि लेखक की नायक के बारे में इतनी गहरी राय है (जो है ही नहीं) फिर भी, यह एक पाठ्यपुस्तक की तरह अवैयक्तिक (निष्पक्ष नहीं) है। यह आपके पढ़ने के स्वाद के अनुकूल हो सकता है या नहीं भी।
- इससे न तो ऐतिहासिक शोध कम होता है और न ही उस आश्चर्यजनक विस्तार का महत्व, जिन ऐतिहासिक घटनाओं का किताब में वर्णन किया गया है।

# एग्रो टैररिज्मः बीज-फसलों से आतंकवाद फैलाने की आशंका



आने वाले समय में फंगस जैविक युद्ध का मौन हथियार बन सकता है। अमेरिका में फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम फंगस तस्करी की घटना ने वैश्विक कृषि सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं। यह चेतावनी है कि बीज-फसलें भी आतंकवाद के हथियार बन सकते हैं। वैज्ञानिक इसे 'एग्रो टैररिज्म ' बता रहे हैं। फसलों को बर्बाद करने की खातिर जैविक एजेंट का इस्तेमाल कृषि आतंकवाद कहलाता है। जिसका मकसद अर्थव्यवस्था बर्बाद करना और समाज में भय-बिखराव का माहौल बनाना है।

● ज्ञानेन्द्र रावत ●



फंगस केवल फसलों का ही दुश्मन नहीं, वह इंसानों की जान के लिए भी ख़तरनाक है। एक साइंस जर्नल के मुताबिक, फंगस कृषि आतंकवाद का ख़तरनाक हथियार हो सकता है। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम नामक एक फंगस विभिन्न अनाजों के विकास को प्रभावित करता है। इससे उपज भी कम हो जाती है। संक्रमित करने के बाद यह फंगस फसल के परिपक्व होने के साथ फैलता जाता है। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम छोटे अनाज के पौधों के तने और जड़ों के ऊतकों, अवशेषों में जीवित रहने और नये पौधों को संक्रमित करने के लिए जाना जाता है। यह माइकोटाक्सिन पैदा करता है जिसका सेवन हानिकर होता है। बीते दिनों अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने मिशिगन यूनिवर्सिटी में शोधरत चीनी शोध वैज्ञानिक युनकिंग जियांग को गिरफ्तार किया जो अमेरिका में ख़तरनाक जैविक फंगस फ्यूजेरियम ग्रेमिनिअरम लेकर आई। वैसे फंगस विभिन्न तरह के रोग जैसे हेड ब्लाइट, रूट रौट व सीडलिंग ब्लाइट पैदा करता है। इसकी अधिकांश प्रजातियां मृदाकवक हैं। जबकि फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम फंगस गेहूं, धान, मक्का और जौ में हेड ब्लाइट रोग फैलाता है। इससे मुख्यतः वोमिटोक्सिन पदार्थ पैदा होता है जो अनाज दूषित करता है। इससे निकले विषाक्त द्रव्य से हर साल अरबों डॉलर की फसल बर्बाद होती है व उपज कम होती है।

## तस्करी में पकड़ाया चीनी वैज्ञानिक

गौरतलब है कि एफबीआई ने पिछले साल जुलाई में चीनी शोध वैज्ञानिक जियान के ब्वायफ्रेंड लियू को उसके बैग में मिले लाल पौधे के पदार्थ के बारे में गोलमोल जवाब देने के बाद डेट्रायट हवाई अड्डे से वापस चीन भेज दिया था। लियू के मुताबिक, उसकी योजना मिशिगन यूनिवर्सिटी की लैब में अनुसंधान के लिए इस सामग्री का उपयोग करने की थी। इसके बाद उसने अपनी गर्लफ्रेंड जियान के जरिये छिपाकर इस ख़तरनाक फंगस को मिशिगन यूनिवर्सिटी की लैब तक पहुंचाया। लियू पहले इस लैब में काम करता था। फिलहाल वह चीनी यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं।

## भारत की कृषि व्यवस्था निशाने पर

यह खतरनाक फंगस भारत में भी पाया जाता है। अमेरिकी नेशनल लाइब्रेरी आफ मेडिसिन की 2022 की रिपोर्ट की मानें तो उत्तर भारत में गेहूं की फसल में कई बार हेड ब्लास्ट के लक्षण देखे गये। गेहूं की फसल के लिए इसे बड़ा खतरा माना जाता है। 2021 और 2022 के बीच रबी सीजन में कर्नाटक कृषि विवि द्वारा किए एक सर्वे में कर्नाटक में हेड ब्लाइट की समस्या देखी गयी। असल में अमेरिका में चीनी वैज्ञानिक द्वारा फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम की तस्करी की घटना ने जहां वैश्विक कृषि सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं चेतावनी भी दी है कि इस तरह मिट्टी, बीज और फसलें भी आतंकवाद के हथियार बन सकते हैं। फ्यूजेरियम ग्रेमिनीअरम फंगस अनाज को सड़ा भी सकता है जिससे इंसान व मवेशियों की जान के लाले पड़ सकते हैं। बेहद सूक्ष्म होने के चलते यह आसानी से पकड़ में नहीं आता और हवा, मिट्टी और बीज के जरिये अपना विस्तार करता है। इसके शुरुआत में लक्षण फसली रोग जैसे होते हैं। इंसानों में जब तक इसका पता चलता है तब तक बहुत देर हो जाती है। यह जैविक युद्ध का मौन हथियार साबित हो सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान लगभग 17 फीसदी से ज्यादा है और आधी से ज्यादा आबादी खेती से जुड़ी है, इसलिए भारत भी चीन के निशाने पर है। पंजाब, राजस्थान और हिमाचल राज्य चीन और पाकिस्तान से सटे हुए हैं और दोनों ही देश दुश्मन देश हैं। अब बांग्लादेश भी चीन-पाक की राह पर है। गौरतलब है कि 2016 में बांग्लादेश से ही भेजे गये जहरीले फंगस मैग्नपार्थ ओराइजा पाथोटायप ट्रिटिकम ने पश्चिम बंगाल के दो जिलों में तबाही मचाई थी। इस फंगस का जहर काफी ख़तरनाक है। यह मनुष्य के शरीर में दूषित भोजन ( रोटी, अनाज, पास्ता, बीयर) से या प्रसंस्करण के दौरान, दूषित अनाज से धूल को सांस के माध्यम से त्वचा के संपर्क से प्रवेश करता है। मुख्यतः जठरांत्र और प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करता है। इसके शिकार शिशु, बच्चे और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग होते हैं। इसके असर से इंसान को उल्टी, दस्त, बुखार, हार्मोनल असंतुलन, प्रजनन संकट, त्वचा में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं पशुओं का विकास बाधित हो सकता है। भारत में कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि विश्वविद्यालयों में फफूंदरोधी गेहूं की उन्नत किस्मों पर अध्ययन जारी है,रोग प्रतिरोधक बीजों का ट्रायल किया जा रहा है लेकिन इसके साथ-साथ जैविक सुरक्षा मानकों व दिशा-निर्देशों को सख्त बनाना, अंतर्राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं से निरंतर सहयोग-परामर्श, मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और फफूंद का निगरानी तंत्र विकसित किया जाना बेहद जरूरी है तभी कुछ सीमा तक इस पर नियंत्रण संभव है।

# बाहर इंतजार करते रहे सचिन, बेडरूम में पड़ा था संजीव कुमार का शव



हिंदी सिनेमा जगत में कई सितारे आए और गए, मगर उनमें से कुछ ऐसे रहे जो याद रह गए। उन्हीं में से एक संजीव कुमार भी हैं, जिन्होंने महज 47 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। संजीव कुमार का पूरा नाम हरीभाई जरीवाला था। वे मूल रूप से गुजराती थे। इस महान कलाकार का नाम फिल्मजगत की आकाशगंगा में एक ऐसे धुव्रतारे की तरह याद किया जाता है जिनके बेमिसाल अभिनय से सुसज्जित फिल्मों की रोशनी से बॉलीवुड हमेशा जगमगाता रहेगा। संजीव कुमार हिंदी सिनेमा के बेहतरीन सितारों में से एक हैं, जिन्हें आज भी फैंस याद करते हैं। उनकी प्रोफेशनल लाइफ काफी अच्छी थी, लेकिन पर्सनल लाइफ में उन्होंने कई उतार चढ़ाव देखे। बड़ी बात ये है कि वो जानते थे कि वो कितने साल जिएंगे। जी हां! संजीव कुमार ने खुद के बारे भविष्यवाणी कर ली थी और यही वजह थी कि उन्होंने शादी नहीं की थी। संजीव कुमार के इंडस्ट्री में अच्छे दोस्त बने, उन्हीं में से एक सचिन पिलगांवकर भी रहे और उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि अभिनेता की मौत कैसे हुई थी। उन्होंने बताया था कि जिस वक्त संजीव कुमार का निधन हुआ तब वो उनके घर पर थे। एक इंटरव्यू में सचिन ने कहा था, दरअसल वो चाहते थे मैं सुबह ही जाऊं, उन्होंने कहा कि मैं कल मिलना चाहता हूं, वो बोले- सुबह आजा। मैंने कहा नहीं मैं 2 और 2.30 बजे के बीच में आता हूं। उन्होंने कहा, 'थोड़ा जल्दी नहीं आ सकता?' मैंने कहा थोड़ा सा काम है वो कर के आ जाता हूं। मैं बिल्कुल 2 और 2.30 के बीच में 2.20 को उनके घर पहुंचा तो मैंने पूछा कहा हैं तो बताया गया कि नहा रहे हैं, अंदर बेडरूम में हैं। आधा घंटा मैं रुका रहा, मैंने कहा क्या हुआ? तबीयत ठीक नहीं है क्या उनकी? सचिन ने बताया कि तभी वहां डॉक्टर आए, जिन्हें देख उन्होंने पूछा कि क्या हुआ? उन्हें बताया गया कि संजीव कुमार को उल्टी हुई थी। सचिन ने कहा, मैं आधा घंटा और रुका, मुझे थोड़ा सा अब शक हुआ, मैंने कहा क्या गड़बड़ है भाई, इतनी देर तो कभी लगाते नहीं। कोई भी अंदर जाने से.. मतलब सब लोग डर रहे थे। तो मैं उनके बेडरूम की तरफ पहुंचा और उनका दरवाजा (स्लाइड डोर था) खोलकर देखा। खोला तो सामने मुझे कोई नजर नहीं आया, नीचे मुझे कार्पेट पर दो पांव नजर आए। वो दरवाजे की तरफ हाथ किए कार्पेट पर पड़े हुए थे। मैं भागकर आया, उनका टर्न किया, हाथ देखा तो डॉक्टर ने कहा ये तो बहुत देर पहले गुजर गए। बहुत देर हो चुकी हैं उनको, नहीं रहे। संजीव कुमार का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ था। उनके परिवार में उनके दादा, उनके पिता और भाई, सभी की मृत्यु 50 साल की उम्र से पहले हो गई थी। इसलिए संजीव कुमार भी जानते थे कि उनकी उम्र ज्यादा नहीं है और उन्होंने इस कारण अपना घर नहीं बसाया। हनीफ जाफरी की किताब 'एन एक्टर्स एक्टर- द ऑथराइज्ड बायोग्राफी ऑफ संजीव कुमार' में उनके परिवार के मर्दों की मौत के बारे में लिखा है। उनके परिवार में दादा से लेकर, पिता, भाई और संजीव कुमार की मौत 50 साल की उम्र से पहले हुई और सभी की जान हार्ट अटैक के कारण गई।

बॉलीवुड अभिनेता संजीव कुमार के निधन को लेकर सचिन पिलगांवकर ने बताया था कि वो उनसे मिलने उनके घर गए थे। घंटों इंतजार करने के बाद जब उन्होंने उनके रूम में जाकर देखा तो वो कार्पेट पर पड़े हुए थे।

**असफल रही लव लाइफ :** भले ही हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के साथ लव मैरिज की थी, लेकिन उनसे पहले वो संजीव कुमार के प्यार में थीं। दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। ऑनस्क्रीन उनकी जोड़ी जितनी हिट थी, उतनी ही रियल लाइफ में भी थी। दोनों की लव स्टोरी फिल्म 'सीता और गीता' (1972) के सेट पर शुरू हुई थी और वो एक दूसरे से शादी भी करना चाहते थे। लेकिन संजीव कुमार की मां नहीं चाहती थीं कि हेमा मालिनी शादी के बाद एक्टिंग करें और हेमा की मां को ये बात मंजूर नहीं थी। संजीव कुमार पर लिखी गई किताब में लिखा है, जरीवाल परिवार ने मद्रास में हेमा के परिवार से मिलने और उसका हाथ मांगने का फैसला किया।

# दुख की भाषा- जीवन के कुछ ऐसे पल, जब शब्द पूरी तरह विफल हो जाते हैं....

● शशि थरूर ●

जब मैं लिख रहा हूँ, मैं एयर-इंडिया से लंदन में उतरा हूँ - उसी एयरलाइन से, उसी गंतव्य पर और उसी तारीख और समय पर, जिस दिन अहमदाबाद में मारे गए दुर्भाग्यपूर्ण यात्री थे। मैं जयपुर लिटरेरी फेस्टिवल के तत्वावधान में ब्रिटिश लाइब्रेरी में बोलने के लिए गया था। मेरी पहली बातचीत भाषा और शब्दों की शक्ति के बारे में थी। फिर भी विमान में खोए 241 लोगों और जमीन पर मरने वाले 5 और लोगों की खबर सुनकर मेरे शब्द विफल हो गए। दुख, पीड़ा और नुकसान की भाषा छायाओं का एक परिदृश्य है, जो अक्सर उस गहन वीरानी को व्यक्त करने के लिए अपर्याप्त होती है जिसे वह व्यक्त करने का प्रयास करती है। भाषा का निर्माण यह वर्णन करने के लिए किया जाता है कि क्या है या क्या हो सकता है; यह अनुपस्थिति के सामने लड़खड़ाती है, एक अकल्पनीय शून्य के सामने एक हकलाती हुई फुसफुसाहट।

साहित्य ने लंबे समय से मृत्यु के गहन मानवीय अनुभव से जूझते हुए, इसकी अथाह गहराई में झलकियाँ पेश की हैं। फिर भी इसने शब्दों की अंतर्निहित सीमाओं की पुष्टि ही की है। कोई व्यक्ति ऐसे किसी अपने के अभाव के आंतरिक दर्द का सही वर्णन कैसे कर सकता है, जो किसी के अस्तित्व के हर रेशे में व्याप्त है? 'दिल टूटना', 'तबाह होना' या 'संवेदनाएँ' जैसे वाक्यांश आम हो गए हैं, फिर भी व्यक्तिगत दुःख की विशाल भयावह वास्तविकता के सामने खोखले लगते हैं। शोक की सामुदायिक रस्में अक्सर साझा, लगभग अनुष्ठानिक भाषा पर निर्भर करती हैं, लेकिन सामूहिक सहानुभूति के इस आवरण के नीचे, व्यक्ति एक अवर्णनीय पीड़ा से जूझता है। सी.एस. लुईस ने ए ग्रिफ़ ऑब्जर्व्ड में इसे तब पकड़ा जब उन्होंने लिखा, किसी ने मुझे कभी नहीं बताया कि दुःख डर की तरह महसूस होता है। अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद अपने शोक के लिए एक नया शब्द खोजने का उनका संघर्ष भाषा की अपर्याप्तता को रेखांकित करता है। वह ठंडे, धूसर, संतुलित और ... सभी को गले लगाने वाले दर्द से जूझता है, यह दर्शाता है कि कैसे दुःख अक्सर किसी की भावनात्मक शब्दावली की एक क्रांतिकारी पुनर्परिभाषा की मांग करता है।



दुःख की भाषा भी बहुत व्यक्तिगत होती है, जो अक्सर अलग-थलग कर देती है। भाषा दुःख की गहराई, तीव्रता या विशिष्टता को नहीं पकड़ सकती। यह अंतर्निहित व्यक्तिपरकता अकेलेपन की गहरी भावना को जन्म दे सकती है। 'दिल टूटना', 'तबाह होना' या 'संवेदनाएँ' जैसे वाक्यांश आम हो गए हैं, फिर भी व्यक्तिगत दुःख की विशाल भयावह वास्तविकता के सामने खोखले लगते हैं।

दुःख की भाषा भी बहुत व्यक्तिगत होती है, जो अक्सर अलग-थलग कर देती है। भाषा दुःख की गहराई, तीव्रता या विशिष्टता को नहीं पकड़ सकती। यह अंतर्निहित व्यक्तिपरकता अकेलेपन की गहरी भावना को जन्म दे सकती है, क्योंकि शोकग्रस्त व्यक्ति को लगता है कि उनके अनोखे दुख को गलत समझा गया है, उसे हल्के में लिया गया है या इससे भी बदतर, उसे नज़रअंदाज़ किया गया है। दूसरे लोग अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं और शोकग्रस्त व्यक्ति यह नहीं समझ पाता कि कैसे। डब्ल्यू.एच. ऑडेन की कविता 'स्टॉप ऑल द क्लॉक्स' शोक करने वाले की भावना को अच्छी तरह से पकड़ती है कि पृथ्वी ने घूमना बंद कर दिया है और यह अविश्वसनीय है कि मौत ने उसे पूरी तरह से खा लिया है, और दूसरों को उदासीन छोड़ दिया है।

शेक्सपियर के हेमलेट के बारे में सोचें, जिसका 'स्याही लबादा' और गंभीर काले रंग के पारंपरिक सूट, एक ऐसे दुःख के बाहरी संकेत मात्र हैं जो दिखावे से परे है। दुख के हज़ारों प्राकृतिक झटकों को व्यक्त करने का उनका संघर्ष आंतरिक पीड़ा को बाहरी कथन में अनुवाद करने की कठिनाई को दर्शाता है। यहाँ तक कि शेक्सपियर भी ऐसी भाषा की तलाश में हैं जो उनकी निराशा की गहराई को पूरी तरह से व्यक्त कर सके, लेकिन उन्हें केवल अपर्याप्तता ही मिलती है।

कुछ कवियों ने पीड़ा की भाषा का पता लगाया है। जब प्रत्यक्ष वर्णन विफल हो जाता है, तो रूपक और उपमा आंतरिक अनुभव और बाहरी अभिव्यक्ति के बीच की खाई को पाटने के लिए आगे आते हैं। दुःख एक 'भारी आवरण', 'आँसुओं का सागर', 'दिल को खरोंचने वाला खालीपन' है। ये निराकार को आकार देने के हताश प्रयास हैं। वे लगभग कभी काम नहीं करते। टेनिसन के इन मेमोरियम ए.एच.एच. में, जो उनके प्रिय मित्र आर्थर हेनरी हॉलम की मृत्यु के बाद लिखा गया था, कवि इसी संघर्ष से जूझता है। वह अपने दुख को व्यक्त करने के लिए कई तरह की कल्पनाओं का इस्तेमाल करता है- एक बड़ी विपत्ति की छाया / चीजों के चेहरे पर चली गई, समुद्र की धीमी उदास बड़बड़ाहट जैसे उनके भावों की विशाल मात्रा और विविधता एक सर्वव्यापी दुःख के लिए शब्द खोजने के निरर्थक प्रयास को उजागर करती है। मुझे नहीं लगता कि यह काम करता है - लेकिन फिर आप अपने दर्द को काव्यात्मक रूप की साहित्यिक मांगों में कैसे शामिल कर सकते हैं?

मेरे लिए, नुकसान की असली भाषा सिर्फ मौन है। दुख में कुछ ऐसे क्षण होते हैं जब शब्द पूरी तरह से विफल हो जाते हैं, जब दुःख की तीव्रता बोलने को असंभव बना देती है। यह मौन भावना की गहराई का प्रमाण हो सकता है, एक स्वीकृति कि कुछ अनुभव भाषाई अभिव्यक्ति से परे होते हैं। यह एक मौन है जो अनकही पीड़ा से भरा हुआ है, एक ऐसा स्थान जहाँ शोक संतप्त लोग बस अपने दुख के साथ होते हैं। जोन डिडियन की द ईयर ऑफ़ मैजिकल थिंकिंग में, उनकी कथा ऐसे मौन से युक्त है, ऐसे क्षण जब उनके पति की मृत्यु का कच्चा सदमा उन्हें अवाक कर देता है। वह अपने जीवन के सांसारिक विवरणों, नौकरशाही आवश्यकताओं को दर्ज करती है, लेकिन इन सबके नीचे एक अनकहा, अवर्णनीय दुःख छिपा है जिसे कोई भी वाक्पटु गद्य पूरी तरह से व्यक्त नहीं कर सकता। इसलिए दुःख, पीड़ा और हानि की भाषा प्रयास और अपर्याप्तता की भाषा है। साहित्य, मानवीय स्थिति को उजागर करने की अपनी अंतहीन खोज में, लगातार इस कठिन क्षेत्र में लौटता है, जरूरी नहीं कि उत्तर प्रदान करने के लिए, बल्कि अवर्णनीय को व्यक्त करने के स्थायी मानवीय संघर्ष का गवाह बनने के लिए।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएफएस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने हरिशंकर मोहंता

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) हरिशंकर मोहंता को आईएफएस एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया है। शुक्रवार रात को हुए चुनाव में ये



पैसला लिया गया। अब तक वीएस अन्नागिरी आईएफएस एसो. अध्यक्ष का पद संभाल रहे थे। अध्यक्ष के साथ ही एसो. ने कार्यकारिणी का भी गठन कर लिया है। एसोसिएशन की उपाध्यक्ष सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की संचालक राखी नंदा होंगी जबकि वन विहार भोपाल के निदेशक विजय कुमार को सचिव बनाया गया है। इसके अलावा विदिशा डीएफओ हेमंत यादव को एसोसिएशन में सह सचिव बनाया है। एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष अन्नागिरी का अध्यक्ष पद का तय कार्यकाल अभी पूरा नहीं हुआ था लेकिन शुक्रवार रात हुए चुनाव में मोहंता को नया अध्यक्ष चुन लिया गया। मोहंता वन विभाग के सचिव भी रहे हैं और वे ही अगली आईएफएस मीट की कमान भी संभालेंगे।

### भोज विवि की बीएड की मान्यता हुई बहाल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने दो माह पूर्व भोज मुक्त विश्वविद्यालय की बीएड और बीएलएड की मान्यता को निरस्त कर दिया था। क्योंकि भोज विवि ने परफारमेंस अप्रेजल रिपोर्ट (पीएआर) एनसीटीई को नहीं भेजी गई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक अगले माह से एडमिशन के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक भोज विवि की बीएड और डीएलएड कोर्स की कुल दो हजार सीटों के लिए करीब नौ हजार 600 से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किए थे। प्रवेश के लिए उक्त विद्यार्थियों का एंट्रेंस एग्जाम भी हो चुका है। लेकिन अब तक रिजल्ट जारी नहीं हुए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन में एक दो दिन में परीक्षा के रिजल्ट जारी होने की संभावना है। हालांकि मान्यता निरस्त होने पर विभाग की समन्वयक डॉ. हेमलता दिनकर को निलंबित किया गया है। वहीं प्रो एलपी झारिया को नोटिस दिए गए हैं। रजिस्ट्रार भोज मुक्त विश्वविद्यालय सुनील मंडेरिया ने कहा एनसीटीई ने बीएड कोर्स की मान्यता बहाल कर दी है। परीक्षा का रिजल्ट तैयार हो चुका है। एक दो दिन में रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा। इसके लिए अगले माह प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### प्रो. उमा इग्नू की पहली महिला कुलपति नियुक्त

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में प्रो उमा कांजीलाल को कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रो कांजीलाल इग्नू की पहली महिला कुलपति बनी हैं। प्रो. कंजीलाल 25 जुलाई 2024 से कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यरत



थीं। प्रो. कंजीलाल शैक्षणिक नेतृत्व, डिजिटल नवाचार और संस्थागत विशेषज्ञता का अद्वितीय संगम लेकर विश्व के सबसे बड़े मुक्त विश्वविद्यालयों में से एक का नेतृत्व करेंगी। कुलपति कांजीलाल पद ग्रहण करने के पहले मार्च 2021 से जुलाई 2024 तक प्रो-वाइस चांसलर के रूप में कार्य किया। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र भोपाल के सभी सदस्य प्रो. कांजीलाल के कुलपति नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई दी है। विश्वविद्यालय को अकादमिक उत्कृष्टता, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर करने के लिए उनके दूरदर्शी नेतृत्व की प्रतीक्षा करते हैं।

# बहन-बेटियों के लिए सम्मान का प्रतीक है लाडली बहना योजना : मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव ने सतना में मातृशक्ति उत्सव के अंतर्गत महिला सम्मेलन को किया संबोधित

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं की आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक समरसता और सभी की अधिकार सम्पन्नता के लिए सामाजिक रचना के ताने-बाने में सभी स्तर पर आवश्यक योगदान दे रही है। इसी का परिणाम है कि किसान, युवा, गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम संचालित हैं। हमारी संस्कृति में देश के लिए मातृत्व भाव विद्यमान है, हम सब भारत माता पर सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए सदैव तत्पर हैं। आज का मातृशक्ति सम्मेलन-माताओं-बहनों के प्रति सनातन संस्कृति के अनुरूप अनन्य श्रद्धा-स्नेह-प्रेम और सम्मान का प्रकटीकरण है। भारत की कुटुम्ब या परिवार परम्परा हमारी संस्कृति को समृद्ध और सशक्त बनाती है। परिवार परम्परा का आधार मातृशक्ति ही है। बेटियां एक ही नहीं दो परिवारों का उद्धार करती हैं। बहन-बेटियों के प्रति इस सम्मान के परिणामस्वरूप ही प्रदेश में लाडली बहना योजना'' आरंभ की गई। सावन के महीने में लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए के साथ 250 रुपए अतिरिक्त रूप से आने वाले हैं। यह बहन-बेटियों प्रति हमारी सरकार का आदर और स्नेह है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सतना जिले के सिंहपुर में आयोजित मातृशक्ति उत्सव के अंतर्गत आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### प्रदेश की सभी बहनें हमारा मान हैं, अभिमान हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहना योजना के अंतर्गत बहनों को जारी की जाने वाली राशि में चरणबद्ध रूप से वृद्धि होगी और वर्ष 2028 तक बहनों को तीन हजार रुपए प्रतिमाह उपलब्ध कराए जाएंगे। योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए 1500 करोड़ रुपए से अधिक प्रतिमाह अंतरित किए जा रहे हैं। प्रदेश की सभी बहनें हमारा मान हैं, अभिमान हैं। इनके मान-सम्मान और कल्याण के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे। दीपावली के बाद आने वाली भाईदूज तक राज्य सरकार सभी लाड़ली बहनों को 1250 रुपए से बढ़ाकर हर माह 1500 रुपए सहायता राशि देगी। बहन-बेटियों के सशक्तिकरण के लिए स्व-सहायता समूहों का संचालन, नौकरियों और स्थानीय व नगरीय निकायों और पंचायतों में आरक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

### विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री ने मातृ शक्ति उत्सव कार्यक्रम में 93 करोड़ से अधिक राशि के 232 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। इन विकास कार्यों में 44 करोड़ 7 लाख की लागत के 135 कार्यों का लोकार्पण और 49 करोड़ 11 लाख की लागत के 97 कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रैगाव विधानसभा क्षेत्र में सिंहपुर में प्रस्तावित सोलर प्लांट स्थापित करने की पहल की जाएगी। सरकार अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने सोलर पावर के लिए अनुदान भी दे रही है। किसानों के पंपों को ऊर्जीकृत करने सोलर ऊर्जा के लिए अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गांव और हर खेत में सिंचाई का पानी पहुंचाने का संकल्प सरकार ने लिया है। सतना जिले में नर्मदा जल शीघ्र पहुंचाया जाएगा।

# पीजी की प्रदेशभर में एक लाख 15 हजार सीटें रह गईं खाली

## वर्तमान सत्र में 35 हजार प्रवेश कम हुए

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के 1200 निजी और सरकारी कालेजों की स्नातकोत्तर (पीजी) की दो केंद्रीय काउंसलिंग और सीएलसी में महज 80 हजार प्रवेश ही हुए हैं। जबकि वर्ष एक लाख 15 हजार 265 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए थे। गत वर्ष की अपेक्षा वर्तमान सत्र में 35 हजार कम प्रवेश हुए हैं। प्रदेश में पीजी की एक लाख 95 हजार सीटें हैं। अभी तक करीब एक लाख 15 हजार सीटें रिक्त बनी हुई हैं। विभाग ने 78 हजार पीजी की सीटों पर आवंटन किया गया था। प्रदेश के 1200 निजी और सरकारी कालेजों में 35 हजार विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिए हैं। महज पचास फीसदी विद्यार्थी ही अंतिम तिथि तक प्रवेश लेने के लिए पहुंच सके हैं। शेष पचास फीसदी विद्यार्थियों को पीजी का अलाटमेंट रास नहीं आया है, जिसके विद्यार्थियों ने प्रवेश लेने से सीट को छोड़ना बेहतर समझा है। विभाग अब पीजी में प्रवेश नहीं देगा। एक लाख 15 हजार सीटें अब पूरे सत्र में रिक्त ही बनी रहेंगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है गत वर्ष काउंसलिंग सितंबर तक आयोजित हुई थी, जिसके कारण प्रवेश का ग्राफ बढ़ा हुआ था। वर्तमान में प्रवेश 25 जुलाई को रोक दिए गए, जिसके कारण विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले पाए हैं। अभी तक पचास हजार से ज्यादा पंजीकृत और सत्यापित विद्यार्थी प्रवेश से वंचित बने हुए हैं।

### यूजी कालेजों में तीन लाख से ज्यादा सीटें खाली

प्रदेश के यूजी कालेजों में पांच लाख 55 हजार सीटें हैं। इसमें से अभी भी तीन लाख से ज्यादा सीटें रिक्त हैं। उक्त सीटों पर प्रवेश देने के लिए विभाग 31 जुलाई तक ओपन सीएलसी से प्रवेश करा रहा है। हर दिन रिक्त सीटों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। 31 जुलाई तक विद्यार्थी सीधे कालेजों में उपस्थित होकर प्रवेश ले पाएंगे। हर दिन विद्यार्थी तीन बजे तक पंजीयन कर पाएंगे और चार बजे तक हेल्प सेंटर पर पहुंचकर सत्यापन कराएंगे। शाम पांच बजे मेरिट जारी की जाएगी। मेरिट जारी करने के बाद विद्यार्थी को 24 घंटे में फीस जमा करना होगी। फीस जमा नहीं करने की दशा में प्रवेश अमान्य मानते हुए निरस्त कर दिया जाएगा। प्रवेश निरस्त होने की दशा में विद्यार्थी को दोबारा से पंजीयन कराकर प्रवेश प्रक्रिया में भागीदारी कर प्रवेश लेना होगा।

**यूजी-पीजी में प्रवेश की स्थिति**

| | |
|---|---|
| यूजी सीटें | 5,54,901 |
| यूजी में प्रवेश | 2,40,150 |
| पीजी सीटें | 1,94,825 |
| पीजी में प्रवेश | 80,000 |

# फर्टिलिटी पर कार्यशाला, नई तकनीक से कराया रूबरू

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के बायो केमिस्ट्री विभाग द्वारा एसीसीएल एमपी-मध्यप्रदेश चेप्टर के सहयोग से शनिवार को सीएमई जीएमसी बायोकॉन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय एडवांस फर्टिलिटी केयरः ए मल्टी डिसीप्लनरी एप्रोच पर केंद्रित रहा। आयोजन सचिव अनुराधा राठौर जैन ने बताया कि बायोकॉन का उद्देश्य बांझपन की जांच और इलाज से जुड़ी नवीनतम तकनीक पर चर्चा करना था। उपस्थित विशेषज्ञ वक्ताओं जीएमसी डीन डॉ कविता एन सिंह, बायो केमिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष डॉ तृप्ति सक्सेना, डॉ मोहम्मद खालिक शेख (खंडवा), डॉ शुरुत सेन ( कोलकाता), डॉ आशीष जैन, डॉ सुनीत टंडन, डॉ शबाना सुल्तान, डॉ जूही अग्रवाल, डॉ अर्चना शर्मा, डॉ जमील अहमद (उदयपुर), डॉ आशीष जाधव एम्स भोपाल ने बांझपन से संबंधित आधुनिक जांच पद्धतियों, उपचार तकनीकों तथा जैव रासायनिक विश्लेषणों में प्रयुक्त नवीनतम उपकरणों एवं विधियों से अवगत कराया। उपस्थित सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बांझपन से जुड़ी बहुआयामी समस्याओं, उनके निदान और उपचार में प्रयोग हो रही नवीनतम तकनीकों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए तकनीकी दक्षता, नैदानिक समन्वय और नवाचार की दिशा में बेहद उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता हैंड्स ऑन ट्रेनिंग, सजीव उपकरण प्रदर्शन और इंटरडिसिप्लिनरी केस डिस्कशन रही। कार्यशाला में गांधी मेडिकल कॉलेज के बायोकेमिस्ट्री विभाग एवं अन्य विभागों के डॉक्टरों, फैकल्टी सदस्यों तथा बायोकेमिस्ट्री विभाग के स्नाकोत्तर छात्रों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग में सबसे ज्यादा प्रवेश

## एआई में प्लेसमेंट की संभावनाएं, आज से इंजीनियरिंग कालेजों में शुरू होगी इंटरनल स्लाइडिंग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे के 142 इंजीनियरिंग कॉलेजों की 61 ब्रांच में कम्प्यूटर साइंस और कम्प्यूटर साइंस आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग (एआईएमएल) में तेजी से प्रवेश हुए हैं। क्योंकि सीएस के साथ 15 विषयों को जोड़कर नयी-नयी ब्रांच तैयार की गई है। प्रदेशभर में ब्रांच की संख्या बढ़कर 61 पहुंच गई है। सीएस के बाद सिर्फ सीएस एआईएमएल में ही रफ्तार से प्रवेश हुए हैं। शेष एक दर्जन ब्रांच में कम प्रवेश हुए हैं। अभी भी सीएस और सीएस से जुड़े विषयों की ब्रांच में करीब 15 हजार सीटें रिक्त हैं। हालांकि इनके भी भरने की पूरी संभावना है, क्योंकि आने वाले समय में एआई का स्कोप बढ़ रहा है। एआई में प्लेसमेंट की काफी संभावनाएं हैं। इसके चलते विद्यार्थी सीएस के बाद एआईएमएल में प्रवेश ले रहे हैं। कुल प्रवेश में से दोनों ब्रांच में 15 हजार 536 (38 फीसदी) विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इसमें सीएस में 11 हजार 65 और एआईएमएल में चार हजार 471 विद्यार्थी शामिल हैं। शेष 59 ब्रांच में 25 हजार 133 विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं।

### दो राउंड में हो सके 32,743 प्रवेश

तकनीकी शिक्षा विभाग प्रदेश के 124 इंजीनियरिंग कॉलेजों की 73 हजार 412 कालेजों की सीटों पर प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग करा रहा है। दोनों राउंड की काउंसलिंग में 32 हजार 743 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। प्रथम राउंड में 15 हजार और दूसरे राउंड में 17 हजार 864 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। दूसरे राउंड की काउंसलिंग में 17 हजार 7864 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। अभी प्रदेश में 40 हजार 669 सीटें रिक्त हैं। करीब 55 फीसदी सीटों रिक्त हैं। उक्त सीटें अब कालेज लेवन काउंसलिंग (सीएलसी) से भरी जाएंगी। विभाग दो अगस्त से सीएलसी शुरू करेगा। सीएलसी तीन राउंउ में पूरी होगी। पहली सीएलसी दो से छह अगस्त तक चलेगी। दूसरी सीएलसी सात से 11 अगस्त तक चलेगी और अंतिम सीएलसी 12 से 14 अगस्त तक संचालित की जाएगी।

### 27 और 28 जुलाई को च्वाइस फिलिंग

विभाग रविवार से दो राउंड की काउंसलिंग में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की इंटरनल स्लाइडिंग कराएगा। इसके लिए 27 और 28 जुलाई की दोहपर तीन बजे तक च्वाइस फिलिंग कराई जाएगी। 31 जुलाई को विभाग विद्यार्थियों की च्वाइस के मुताबिक परिवर्तित आवंटित सीटों की सूची जारी करेगा।

**सीएस की 15 ब्रांच में प्रवेश की स्थिति**

| ब्रांच | सीट | प्रवेश |
|---|---|---|
| सीएस एंड इंजीनियरिंग | 21,344 | 11,065 |
| सीएस एआईएमएल | 6,053 | 4,471 |
| सीएस डाटा साइंस | 2,098 | 1,144 |
| सीएस आईटी | 1,050 | 521 |
| सीएस साइबर सियूक्योरिटी | 936 | 558 |
| सीएस एआई एंड डाटा साइंस | 825 | 575 |
| सीएस इंटरनेट आफ थिंग्स | 622 | 325 |
| सीएस एंड एआई | 450 | 194 |
| सीएस बिजनेस सिस्टम | 412 | 265 |
| सीएस आईओटी | 262 | 144 |
| सीएस एंड डिजायन | 150 | 138 |
| सीएस इंडियन लैंग्वेज | 112 | 75 |
| सीएस टेक्नालाजी | 75 | 66 |
| सीएस ब्लॉक चैन | 75 | 64 |
| सीएस रीजनल कोर्स | 75 | 4 |
| सीएस | 37 | 29 |
| **कुल** | **34,576** | **19,638** |

# एनसीटीई कोर्स में 60 हजार से ज्यादा छात्रों ने लिया प्रवेश

## लिंक एनिशिएट कराने के बाद भी नहीं हुआ भुगतान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश में एनसीटीई कोर्स बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड, बीएडएमएड, आईटीईपी, बीएलएड, अंशकालीन बीएड और राज्य शिक्षा केंद्र के बीएड की सीटों पर प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग पर शनिवार को विराम लगा दिया है। इस दौरान 60 हजार से ज्यादा छात्रों ने प्रवेश लिया है। एनसीटीई कोर्स में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को 23 से 25 जुलाई तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टीसी, माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर लिंक एनिशिएट करा लिया था, लेकिन शनिवार को कई विद्यार्थियों की लिंक ओपन नहीं होने के कारण प्रवेश नहीं ले सके। उन्हें इस संबंध में हेल्प सेंटर पर संपर्क करना पड़ा। काफी कड़ी मशक्कत के बाद उनकी फीस जमा कर प्रवेश कराए गए हैं। विभाग ने बेंगलुरु की एसआरआईटी को काउंसलिंग कराने का टेंडर दिया हुआ है। कंपनी विभाग की कसौटी पर खरी नहीं उतर पा रही है। इसके चलते विद्यार्थियों को परेशानी तक उठाना पड़ रही है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अभी भी कालेजों में करीब सात हजार सीटें रिक्त बनी हुई। सभी कालेजों में एक से दस तक की सीटें रिक्त होने की कारण यह स्थिति बनी है।

**एनसीटीई कॉलेजों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| कालेज | 775 |
| कुल सीट | 67 हजार |
| कुल प्रवेश | 60 हजार |

### प्रदेश सरकार लेगी 4300 करोड़ का कर्ज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार एक माह में दूसरी बार कर्ज लेने जा रही है। इस बार प्रदेश सरकार 4300 करोड़ का लोन 30 जुलाई को आरबीआई के जरिये लेगी। इससे पहले इसी माह 8 जुलाई को सरकार 4800 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। जुलाई माह में ही सरकार 9100 करोड़ रुपए का कर्ज ले लेगी। सरकार पर कुल कर्ज का आंकड़ा बढ़कर 4 लाख 40 हजार 340 करोड़ हो जाएगा। शनिवार को वित्त विभाग की अधिसूचना अनुसार सरकार 29 जुलाई को 4300 करोड़ रुपए के दो कर्ज लेने के लिए ऑक्शन करने जा रही है। ये कर्ज 2000 और 2300 खरीद के होंगे। एक अप्रैल से चालू हुए नए वित्त वर्ष में लिए जा रहे दोनों कर्ज सातवें और आठवें कर्ज के रूप में होंगे।

### अनावरण से पहले आंबेडकर की मूति क्षतिग्रस्त की

**जागरण, निवाड़ी।** जिले के जेरा खास गांव में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति अनावरण से पहले ही लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दी। प्रतिमा का एक हाथ तोड़ा गया है। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है, जिसका पता ग्रामीणों को शनिवार सुबह 11 बजे चला। जानकारी लगते ही गांव में आक्रोश पनप गया। बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होकर विरोध दर्ज कराने पहुंचे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति को खंडित करना दलित समाज की भावनाओं पर सीधी चोट है।

# नोट प्रेस की सुरक्षा में सेंध : तीन वर्ष से फर्जी कर्मचारी कर रहा था काम

## मामला उजागर होने के बाद बीएनपी प्रबंधन ने पुलिस में दर्ज कराया प्रकरण

**देवास।** देश की प्रतिष्ठित एवं हाई सिक्युरिटी संस्थान बैंक नोट प्रेस इन दिनों भर्ती घोटालों के कारण सवालों के घेरे में आ गई है। जिसके बाद बीएनपी प्रबंधन की शिकायत पर बीएनपी थाना पुलिस ने एक कर्मचारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2021 में आयोजित हुई आधारभूत प्रशिक्षण परीक्षा (बी.पी.टी.) देने वाले दीपक कुमार की जगह तीन साल तक श्रवण कुमार नामक युवक बैंक नोट प्रेस देवास में नौकरी करता रहा। यह मामला जब उजागर हुआ तो बीएनपी में न सिर्फ हड़कंप मच गया, बल्कि मामले थाने तक जा पहुंचा। जांच में यह पता चला कि दीपक कुमार को नौकरी नहीं मिली और दीपक की जगह श्रवण कुमार ने फर्जी दस्तावेजों के जरिये नौकरी हासिल कर ली थी। इतना ही नहीं वह हाई सिक्युरिटी क्षेत्र में काम करते हुए कई संवेदनशील विभागों तक अपनी पहुंच बना चुका था। इसके बाद बीएनपी प्रबंधन की शिकायत पर बीएनपी थाना पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार के खिलाफ धारा 319 (2), 318 (4), 338, 336, 340 के तहत प्रकरण दर्ज किया और जांच प्रारंभ कर दी है।



" **बैंक नोट प्रेस** देवास में मामला प्रकाश में आने के बाद जांच प्रारंभ कर दी गई है। जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सेवा से पृथक करने के साथ ही पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी। अभी जांच पूर्ण नहीं हुई है, इसीलिए इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता है। जांच पूर्ण होने के बाद हम स्वयं मामले की जानकारी मीडिया को देंगे।

● **देवेंद्र तिवारी, पीआरओ, बीएनपी**

### भर्ती के लिए नासिक प्रेस बनी नोडल एजेंसी, तब से हो रही धांधली

बीएनपी की भर्तियों को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। बीएनपी से जुड़े सूत्रों के अनुसार आईबीपीएस की भर्ती प्रक्रिया पहले बैंक नोट प्रेस देवास व नासिक इकाई में होती थी, किंतु अब दोनों इकाईयों की भर्ती के लिए नासिक प्रेस को नोडल एजेंसी बना दिया गया है। इस कारण वहां पर क्षेत्रवाद को बढ़ावा मिल रहा है। यही वजह है कि भर्ती प्रक्रिया में धांधली भी हो रही है। धांधली का यह मामला तब सामने आया, जब हाल ही में हुई एक जांच में लगभग 10 ऐसे उम्मीदवारों की पहचान हुई, जो परीक्षा में स्वयं उपस्थित नहीं हुए थे और उनकी जगह किसी ओर को भेजकर फर्जी तरीके से परीक्षा दिलवाई और चयन भी हो गया। इसके बाद विभिन्न संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज हुए है और मामले की छानबीन भी शुरु हुई है। इसी के बाद ही देवास का मामला भी उजागर हुआ है। बताया तो यहां तक जा रहा है कि नासिक महाराष्ट्र के कई युवक भोपाल के एक कालेज से आईटीआई और डिप्लोमा की डिग्री हासिल कर रहे है और उनका दावा है कि वे नासिक नोडल एजेंसी के माध्यम से परीक्षा भी पास कर लेंगे।

**सख्ती** | 28 जुलाई से 8 अगस्त तक प्रस्तावित है विधानसभा सत्र, सुरक्षा की गई सख्त

# विस के 5 किमी दायरे में प्रदर्शन व भारी वाहनों पर रोक

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 28 जुलाई से 8 अगस्त तक प्रस्तावित विधानसभा सत्र के दौरान पुलिस ने विधानसभा भवन के पांच किमी के दायरे में कई प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस अवधि में धरना, जुलूस, प्रदर्शन और सभा पर रोक रहेगी और कोई भी व्यक्ति धारदार हथियार या बंदूक लेकर नहीं चल सकेगा। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार परिसर के 5 किलोमीटर के दायरे में ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर, तांगा और बैल-गाड़ी जैसे वाहनों का प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। आदेश के मुताबिक प्रतिबंधित क्षेत्रों में एक स्थान पर पांच या इससे ज्यादा लोगों के जमा होने, पुतला दहन या आंदोलन की भी अनुमति नहीं होगी। विवाह समारोह, बारात और शव यात्रा को इन प्रतिबंधों से छूट दी गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर बीएनएस की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 500 पुलिसकर्मियों के जिम्मे सुरक्षा की कमान

शनिवार को विधानसभा की बाहरी सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही पुलिस ने परिसर के लिए सुरक्षा घेरा तैयार कर लिया। विधानसभा के मुख्य द्वार से पहले दो जगह- बैरिकेट्स लगाकर वहां रेत की बोरियों से सुरक्षा चौकी तैयार कर दी गई है। शनिवार को नियमित अवकाश होने के कारण केवल सुरक्षा से जुड़े अफसर और कर्मचारी ही विधानसभा



परिसर में दाखिल हो सके। विधानसभा के पांच गेट में से 4 गेट (1,2,4 और 5 नंबर) को बंद कर दिया गया, जिन्हे सोमवार को खोला जाएगा। परिसर के बाहर सुरक्षा के लिए अलग-अलग जिलों से 500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। विधानसभा में प्रवेश करने को लेकर भी नियमों में सख्ती की गई है। इस बार सत्र के दौरान विधानसभा में हूटर और फ्लैश लाइट (लाल, पीली बत्ती) लगे वाहन भी प्रवेश नहीं कर पाएंगे। इसके अलावा अब विधानसभा के सामने से गुजरने वाले हर वाहन की रोककर तलाशी भी ली जा रही है। परिसर में आरटीओ से परमिट वाले एलपीजी और सीएनजी वाहनों को ही प्रवेश मिलेगा और प्राइवेट ऑटो रिक्शा भी परिसर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। सत्र के दौरान मंत्री गेट नंबर 1 या 3 से प्रवेश करेंगे और यहीं से बाहर निकलेंगे जबकि विधानसभा अध्यक्ष, विधायक और अधिकारी गेट नंबर 1 से प्रवेश करेंगे और गेट नंबर 3 से बाहर जाएंगे।

### इन इलाकों में रहेगा प्रतिबंध

- लिली टॉकीज से 7वीं बटालियन के सामने वाला रोड
- एमवीएम कॉलेज और एयरटेल तिराहे से रोशनपुरा तक का रोड
- बाणगंगा चौराहा से जनसंपर्क कार्यालय रोड
- राजभवन से ओल्ड विधानसभा रोड
- जिंसी चौराहा से पुरानी जेल रोड
- जहांगीराबाद से शब्बन चौराहा
- स्लाटर हाउस रोड से बोर्ड ऑफिस चौराहा
- झरनेश्वर मंदिर से ठंडी सड़क
- 74 बंगले से रोशनपुरा
- पॉलिटेक्निक से मुख्यमंत्री निवास
- रोशनपुरा से पत्रकार भवन एवं राजभवन रोड
- विधायक विश्राम गृह रोड
- ओमनगर, वल्लभ नगर, सतपुड़ा, विंध्याचल और मंत्रालय रोड
- नीलम पार्क, शाहजहांनी पार्क, अंबेडकर पार्क, चिनार पार्क

### सर्जरी तकनीकों पर हुई कार्यशाला

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** एम्स भोपाल ने स्वर चिकित्सा और शल्यक्रिया (सर्जरी) के क्षेत्र में नई तकनीकों और विचारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लैरिंगोलाजी समिट 2025 का आयोजन किया। यह सम्मेलन ईएनटी और हेड एंड नेक सर्जरी विभाग द्वारा लैरिंगोलाजी एंड वायस एसोसिएशन (एलवीए) और ओटोलैरिंगोलॉजिस्ट्स एसोसिएशन भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए 140 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में लखनऊ के प्रसिद्ध फोनो सर्जन डा. राकेश श्रीवास्तव द्वारा लाइव फोनो सर्जरी शामिल रही, जिससे डाक्टरों को जटिल स्वर सर्जरी की बारीकियों को देखने का अवसर मिला। इसके अलावा कैडेवरिक डिसेक्शन, थायरोप्लास्टी, नर्व मानिटरिंग, लेजर सर्जरी, स्टोबोस्कोपी, डिस्फैगिया रिहैबिलिटेशन और ट्रांसओरल रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों पर कार्यशालाएं आयोजित की गई।

# मप्र में भारी डिस्काउंट का प्रचार कर कोई नहीं बेच सकेगा दवा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र में अब दवा दुकानदार भारी छूट या बिग डिस्काउंट का बोर्ड लगाकर दवा नहीं बेच सकेंगे। इस संबंध में मप्र फार्मेसी काउंसिल ने आदेश जारी कर दिया है। काउंसिल ने राज्यभर के पंजीकृत फार्मासिस्टों और मेडिकल स्टोर मालिकों को चेतावनी दी है कि ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छूट और रियायतों का प्रचार करने रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया जाएगा। काउंसिल ने नोटिस जारी कर कहा कि कई मेडिकल स्टोर बोर्ड और सोशल मीडिया के जरिए डिस्काउंट का लालच देकर उपभोक्ताओं को खींच रहे हैं, जो फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अनुसार अनैतिक और अवैध है। ऐसी गतिविधियों में पकड़े जाने पर फार्मासिस्ट का पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जा सकता है। मेडिकल स्टोर पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। नोटिस में यह भी कहा गया है कि बड़े कारोबारी अपनी आर्थिक ताकत के दम पर इस तरह के विज्ञापन कर छोटे मेडिकल दुकानदारों के साथ अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहे हैं। यह प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 की धारा 4 का उल्लंघन है। काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन और रजिस्ट्रार भाव्या त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी मेडिकल स्टोर्स से कानून का पालन करने व अनैतिक प्रतिस्पर्धा से बचने की अपील की।

**फार्मेसी काउंसिल ने जारी किया आदेश**

### आदेश का किया स्वागत

एमपीसीडीए केमिस्ट और ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने मप्र फार्मेसी काउंसिल के आदेश का स्वागत किया है। संगठन ने बताया कि महाराष्ट्र, पंजाब, गोवा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर की तरह मप्र में भी दवा दुकानों पर डिस्काउंट बोर्ड लगाने वाले फार्मासिस्टों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसे केमिस्टों के हित में ऐतिहासिक निर्णय बताया गया है। भोपाल केमिस्ट एसो. के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र धाकड़ ने कहा कि कई मेडिकल स्टोर संचालक भारी छूट देकर नकली दवाओं की सप्लाई कर रहे थे, जो मरीजों की जान से खिलवाड़ था।



# गिल, जडेजा व सुंदर के शतक, भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ

## इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज 2-1 से आगे, आखिरी टेस्ट 31 से

**जेएनएन, मैनचेस्टर**

कप्तान शुभमन गिल की साहसिक शतकीय पारी के बाद रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की शतकीय पारियों से इंग्लैंड के खिलाफ भारत पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट में रविवार को यहां ड्रॉ कराने में सफल रहा। पहली पारी में 311 रन के बड़े अंतर से पिछड़ने वाली भारतीय टीम ने दूसरी पारी में बिना खाता खोले दो विकेट गंवाने के बावजूद चार विकेट पर 425 रन बनाए। इससे पहले सुंदर और जडेजा ने चौथे टेस्ट के पांचवें दिन दृढ़ अर्धशतकीय पारियों के साथ भारतीय टीम की संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए चाय के विश्राम तक 11 रन की मामूली बढ़त के साथ मनोबल बढ़ाने वाले ड्रॉ की उम्मीदें जगा दीं।

जडेजा और वॉशिंगटन ने पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के दौरान मजबूत इरादे से बल्लेबाजी की, जिससे इंग्लैंड के गेंदबाजों पर थकान हावी होने लगी और उनकी चेहरे पर निराशा बढ़ गई। भारत ने दिन के दूसरे सत्र में बिना कोई विकेट गंवाये 99 रन बनाये, जिससे टीम का स्कोर चार विकेट पर 322 रन हो गया। दिन की शुरुआती सत्र में अपने आठ ओवर के स्पैल में खतरनाक दिखे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स दूसरे सत्र में तीन ओवर के स्पैल में प्रभावित नहीं कर सके। सुंदर ने स्टोक्स के ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया इसके तुरंत बाद जडेजा ने भी चौके के साथ छह पारियों में पांचवां अर्धशतक पूरा करने के साथ इंग्लैंड के कप्तान के ओवर में 15 रन बटोरे। रिषभ पंत के चोटिल होने के कारण जडेजा और सुंदर के बाद भारतीय बल्लेबाजी में दमखम नहीं है ऐसे में इन दोनों को अपनी बल्लेबाजी इसी तरह से जारी रखनी होगी। इंग्लैंड के लिए मुश्किल यह रही कि बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन (39 ओवर में बिना किसी सफलता के 70 रन) भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों को पर्याप्त चुनौती नहीं दे पाए। जोफ्रा आर्चर भी लंच के बाद कोई सफलता हासिल नहीं कर पाए। दूसरी नयी गेंद अब 38 ओवर पुरानी हो चुकी है, जिससे बल्लेबाजी करना आसान हो गया है।

इससे पहले सुबह के सत्र में शुभमन गिल ने एक साहसी शतक पूरा किया। इस दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कंधे में दर्द के बावजूद गेंदबाजी करने का फैसला किया और राहुल (90) को आउट कर गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी को तोड़ा। राहुल के आउट होने के बाद गिल ने धैर्य से बल्लेबाजी की लेकिन शतक पूरा करने के बाद लंच से पहले जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बल्ला अड़ाकर विकेटकीपर जैमी स्मिथ को कैच दे बैठे। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 174 रन से की। टीम इस समय इंग्लैंड की पहली पारी के रनों को बराबरी करने के लिए और 137 रन की जरूरत थी। बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज गिल और राहुल ने उस अंदाज में बल्लेबाजी शुरू की जैसी उन्होंने मैच के चौथे दिन के आखिरी दो सत्र में की थी। भारतीय टीम अगर दिन के आखिरी सत्र में डट कर बल्लेबाजी करने में सफल रही तो मौजूदा दौरे पर गिल की इस चौथे शतकीय पारी का महत्व और बढ़ जायेगा।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी: 358**
**इंग्लैंड पहली पारी : 669**
**भारत दूसरी पारी : 425/4 (143 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. रूट बो. वोक्स | 0 | 4 | 1 | 0 |
| राहुल पगबाधा बो. स्टोक्स | 90 | 230 | 8 | 0 |
| सुदर्शन का. ब्रूक बो. वोक्स | 0 | 1 | 0 | 0 |
| गिल का. स्मिथ बो. आर्चर | 103 | 238 | 12 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 101 | 206 | 9 | 1 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 107 | 185 | 13 | 1 |

अतिरिक्त : 24, कुल : 143 ओवर में चार विकेट पर 425 रन, विकेट पतन : 1-0, 2-0, 3-188, 4-222, गेंदबाजी : क्रिस वोक्स 23-4-67-2, जोफ्रा आर्चर 23-3-78-1, ब्राइडन कार्स 17-3-44-0, लियाम डॉसन 47-11-95-0, जो रूट 19-2-68-0, बेन स्टोक्स 11-2-33-1, हैरी ब्रूक 3-0-24-0.

**मैदान से हटकर**

## महवश ने दिया चहल को फिल्मी सरप्राइज



भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने हाल ही में अपना 35वां जन्म दिन मनाया है। चहल को इस बर्थडे पर उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड आरजे महावश ने स्पेशल गिफ्ट दिया है, जिसे वो पूरी उम्र नहीं भूल पाएंगे। चहल ने स्पेशल गिफ्ट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के आने से 4 घंटे पहले ही चहल की पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा ने भी अपनी एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वो दुल्हन की तरह नजर आ रही है। अब सवाल ये है कि चहल को इंग्लैंड में सरप्राइज क्या





मिल गया? दरअसल, सरप्राइज कर देने वाले इस वीडियो के तार उनके 35वें जन्मदिन से जुड़े रहे। सामने आए वीडियो में चहल के यार दोस्त बॉलीवुड के गाने पर लंदन की सड़कों पर डांस करते दिख रहे हैं। उस डांस का आयोजन खास तौर पर चहल के बर्थडे सेलिब्रेशन के लिए किया गया है। खुद को मिले इस सरप्राइज से चहल काफी खुश और हैरान भी दिखे, उन्होंने कहा कि उन्हें पहली बार ऐसा सरप्राइज मिला है। चहल का 35वां बर्थडे 23 जुलाई को ही था, लेकिन इस वीडियो को उन्होंने 26 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपलोड किया। वो भी ठीक ऐसे वक्त पर जब 4 घंटे पहले ही धनश्री ने नई दुल्हन वाले लुक में अपनी तस्वीरें शेयर की थीं। धनश्री ने अपनी शेयर की तस्वीरें फोटो शूट कराई हैं। चहल और धनश्री का इसी साल आईपीएल से पहले तलाक हुआ था। (**जेएनएन**)

# ग्रीन-इंग्लिस के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने लगातार 7वीं बार वेस्टइंडीज को हराया

## ऑस्ट्रेलिया ने चौथा टी-20 तीन विकेट से जीता, पांच मैचों की सीरीज में 4-0 से आगे




**जेएनएन, बासेटेरे (सेंट किट्स)**

कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली। यह लगातार सातवां मैच है जब कंगारू टीम ने वेस्टइंडीज को हराया है, जिसमें टेस्ट और टी-20आई दोनों फॉर्मेट शामिल हैं।


### प्लेयर ऑफ द मैच, ग्लेन मैक्सवेल, 18 गेंद में 47 रन

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। वेस्टइंडीज के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ग्रीन (नाबाद 55, 35 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) और इंग्लिस (51 रन, 30 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) की पारियों की बदौलत 19.2 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की ओर से जेडिया ब्लेड्स ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज ने इससे पहले नौ विकेट पर 205 रन बनाए लेकिन उसकी तरफ से कोई बल्लेबाज टिककर बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मेजबान टीम के चार बल्लेबाजों ने 20 रन के आंकड़े को पार किया, जिसमें शेरफेन रदरफोर्ड 31 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट, और सीन एबट ने दो-दो, जबकि एडम जंपा ने तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पारी की दूसरी ही गेंद पर मिचेल मार्श (00) का विकेट गंवा दिया, जिन्हें ब्लेड्स ने पगबाधा किया। इंग्लिस ने इसके बाद सलामी बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल (47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 और ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी। ग्रीन ने आरोन हार्डी (23) के साथ भी छठे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की।

■ वेस्टइंडीज टी-20 इतिहास में बिना किसी खिलाड़ी के 34 से अधिक रन बनाए 200 रन बनाने वाली पहली टीम बन गई, जिसमें शेरफेन रदरफोर्ड 31 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

# भारतीय टेबल टेनिस को लगातार चैंपियन देने एक व्यवस्था की जरूरत : कमल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का मानना है कि भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है। हालांकि हाल के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं, लेकिन 43 वर्षीय शरत का कहना है कि दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणाली के बिना केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है। शरत ने बताया, हम एक-दो सितारों पर निर्भर नहीं रह सकते, हमें एक ऐसी संरचना की आवश्यकता है जो लगातार चैंपियन तैयार करे। उन्होंने कहा, युवा प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन मुख्य समस्या बदलाव के दौर की हैज जब तक हम सही व्यवस्था नहीं अपनाते, हम जूनियर चैंपियन को सीनियर चैंपियन बनते नहीं देख पाएंगे। भारत ने 2024 एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते जिसमें आयहिका और सुतीर्था मुखर्जी ने महिला युगल में ऐतिहासिक पहला पदक जीता जबकि महिला टीम स्पर्धा में भी पहली बार कांस्य पदक मिला। पेरिस ओलंपिक में महिला टीम पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची और प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की रोमानियाई टीम को हराया। एकल मुकाबलों में मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला दोनों ही प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। शरत ने कहा, असली चुनौती निरंतरता की है। एक पदक को दो होना



चाहिए और उसे पांच या छह तक बढ़ाना होगा। शरत के अनुसार यह निरंतरता एक व्यवस्थित योजना से आएगी जिसकी शुरुआत 11 साल की उम्र के बच्चों से होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 2036 को देखते हुए हमें उन बच्चों से शुरुआत करनी होगी जो अभी 11 या 12 साल के हैं। हम सभी इसी दिशा में प्रयास कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही एक व्यवस्थित बदलाव देखेंगे। भारतीय ओलंपिक संघ के खिलाड़ी आयोग के उपाध्यक्ष शरत ने नए खेल विधेयक की भी प्रशंसा की जिसमें खिलाड़ियों को तवज्जो देने वाला ढांचा है। विधेयक के डोपिंग रोधी प्रावधानों पर शरत ने एक बेहद जरूरी बदलाव की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, इस बार सिर्फ खिलाड़ियों को ही सजा नहीं मिलेगी बल्कि कोच और अन्य संलिप्त लोगों को भी सजा मिलेगी।

**भारतीय हॉकी के 100 साल**

# हॉकी इंडिया ने अनुदानों की घोषणा की, सात नवंबर को देश में महोत्सव


**महाबलीपुरम, जेएनएन।** हॉकी इंडिया ने अपनी 15वीं कांग्रेस के दौरान राष्ट्रीय और जमीनी स्तर के टूर्नामेंट के समर्थन के लिए अपने वित्तीय अनुदान में पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की है। अब से सीनियर पुरुष और सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए 70-70 लाख रुपए, जूनियर पुरुष, जूनियर महिला, सब जूनियर पुरुष और सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए 30-30 लाख रुपए आवंटित किए जाएंगे। इसके अलावा जिला और राच्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के समर्थन के लिए प्रत्येक राच्य को 25 लाख रुपए दिए जाएंगे।

हॉकी इंडिया ने कहा कि इन बढ़े हुए अनुदानों का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, आयोजन की गुणवत्ता में सुधार करना और स्थानीय स्तर पर वित्तीय बाधाओं को कम करके व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस सहयोग से हजारों उभरते खिलाड़ियों, कोचों और जमीनी स्तर के अधिकारियों को लाभ होने की उम्मीद है, जो भारतीय हॉकी के भविष्य की रीढ़ हैं। भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कांग्रेस में कई ऐतिहासिक घोषणाएं हुईं जिनमें सात नवंबर को एक राष्ट्रव्यापी उत्सव का आयोजन भी शामिल है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में हॉकी इंडिया एक राष्ट्रव्यापी उत्सव का आयोजन करेगा, जिसमें एक साथ 1,000 मैच होंगे (देश के प्रत्येक जिले में एक पुरुष और एक महिला मैच) जिसमें 36,000 से च्यादा खिलाड़ी (18,000 पुरुष और 18,000 महिलाएं) भाग लेंगे। यह पहल देश के कोने-कोने से खिलाड़ियों को एक साथ लाएगी।

# डीसी ओपन: लेलाह और अन्ना के बीच होगा खिताबी मुकाबला




**वाशिंगटन, जेएनएन।** लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी, जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी। अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में एम्मा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं। पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत चौथे वरीय बेन शेल्टन और 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी।



**सिटी स्पोर्ट्स**

# सेंट जोसेफ कान्वेंट और मदर टेरेसा की टीम जीती

## सीबीएसई वेस्ट जोन बालिका फुटबाल



**भोपाल, खेप्र।** सेंट जोसेफ कान्वेंट और मदर टेरेसा स्कूल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सीबीएसई वेस्ट जोन बालिका फुटबाल के दूसरे दिन के अगले दौर में प्रवेश किया।

सेंट जोसेफ कान्वेंट ईदगाह हिल्स ने कार्मल कान्वेंट भेल को 7-0 से रौंदकर अगले दौर में स्थान बनाया। वहीं अंडर-17 में डिवाइन स्कूल गुजरात ने लॉर्डेस कान्वेंट सुरत को 2-0 शिकस्त दी। अंडर-14 आयु वर्ग में नवरचना वड़ोदरा ने सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर को 3-0 से और श्री सत्य साईं विद्या विहार इंदौर ने देव विद्यालय राजस्थान को 6-1 से हराया। अंडर-19 वर्ष आयु वर्ग में डीपीएस सुरत ने आर्मी पब्लिक कोटा को 3-0 से, मदर टेरेसा भोपाल ने जानकी देवी स्कूल जयपुर को 3-0 से पराजित कर अपने-अपने वर्ग के अगले दौर मे प्रवेश किया। इससे पहले स्कूल शिक्षा विभाग खेल अधिकारी डीएस ध्रूवे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

# मध्यप्रदेश सीनियर चेस चैंपियंशिप एक अगस्त से

**भोपाल, खेप्र।** एक लाख रुपए इनामी राशि वाली मध्य प्रदेश राच्य सीनियर फीडे रेटेड चेस चैंपियंशिप-2025 एक अगस्त से खेली जाएग। शहर के कोलार रोड स्थित प्राइड होटल में होने वाली चैंपियनशिप के फाइनल 3 अगस्त को होंगे। इस रेटिंग स्पर्धा में कुल 8 राउंड खेले जाएंगे और स्पर्धा में चयनित टॉप 4 खिलाड़ी 62वीं नेशनल चेस चैंपियनशिप-2025 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। नेशनल चैंपियनशिप आंध्र प्रदेश के गुंटूर में 21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेली जाएगी। समय नियंत्रण 60 मिनट 30 सेकंड प्रति चाल निर्धारित किया गया है। यह स्पर्धा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं निर्णायक कपिल सक्सेना और आईए अनुराग सिंह के निर्देशन में होगी। प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार और तीसरा पुरस्कार 10 हजार रुपए के साथ आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों के विभिन्न आयु वर्गों के केटेगरी पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं इनमें बेस्ट वीमेन, बेस्ट वेटरन, दिव्यांग वर्ग के साथ ही कुल 46 पुरस्कार रखे गए हैं। अभी तक मध्य प्रदेश के 35 जिलों से 230 खिलाड़ियों की एंट्री प्राप्त हो चुकी है। स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि आगे बढ़ा कर 30 जुलाई की गई है। खिलाड़ी पंजीयन करा सकते हैं।



**230 खिलाड़ियों ने कराए रजिस्ट्रेशन**

# वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप: मैकिन्टोश महिला और मार्टेंस पुरुष वर्ग में चैंपियन

**जेएनएन, सिंगापुर**

वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की तैराकी प्रतियोगिता में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा के फाइनल में कनाडाई सुपरस्टार सुमर मैकिन्टोश ने लंबी दूरी की तैराकी की क्वीन केटी लेडेकी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जर्मनी के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक लुकास मार्टेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। कनाडाई सुपरस्टार समर मैकिन्टोश ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 3:56.26 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक रजत पदक विजेता मैकिन्टोश शुरू



से आखिरी तक दौड़ में आगे रही और केटी लेडेकी को इस स्पर्धा में अपना पांचवां खिताब जीतने से रोक दिया। चीन की ली बिंगजी 3:58.21 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि लेडेकी ने 3:58.49 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

### आर्यन और लिखित आगे बढ़ने में नाकाम

भारतीय तैराक आर्यन नेहरा वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में फाइनल के लिए क्वालिफाई करने से चूक गए, जबकि एसपी लिखित भी अपनी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पुरुषों के 400 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे नेहरा चार मिनट 00.39 सेकंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) में सातवें और कुल मिलाकर 37वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ तैराक फाइनल में पहुंचे। ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल शॉर्ट ने तीन मिनट 42.07 सेकंड के सबसे कम समय के साथ हीट में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# ऐतिहासिक पोखना तालाब को फिर से संजीवनी मिलने की शुरुआत, वर्षों बाद नहरों की सफाई से बहा पानी



## विवाद के बीच प्रशासन की तत्परता से शुरू हुआ सुधार कार्य, ग्रामीणों में जगी उम्मीद

**जागरण, टीकमगढ़/बड़ागांव धसान।** वर्षों से सूखा पड़ा ऐतिहासिक चंदेल कालीन पोखना तालाब आखिरकार फिर से जीवनदायिनी जलधारा से जुड़ गया है। तालाब के प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई और मरम्मत कार्य रविवार को शुरू हुआ, जिसे देखकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों की लंबे समय से की जा रही मांग और शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आया और जल संसाधन विभाग ने नहरों की दुरुस्तीकरण प्रक्रिया शुरू की।

### तालाब नहीं भरने से थी नाराजगी

इस वर्ष बारिश अच्छी होने के बावजूद पोखना तालाब में पानी नहीं भर पा रहा था। वजह थी - ग्राम डूडा की तलैया से आने वाली प्रमुख नहर का वर्षों से बंद और क्षतिग्रस्त होना। पानी का बहाव बाधित था, जिससे पोखना तालाब सूखा पड़ा था। ग्रामीणों ने इसको लेकर कई बार शिकायत की और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे।

### एसडीएम लोकेन्द्र के निरीक्षण के बाद प्रशासन हुआ सक्रिय

लगातार शिकायतों के बाद टीकमगढ़ एसडीएम लोकेंद्र सिंह ने दो दिन पहले खुद बड़ागांव पहुंचकर नहरों का निरीक्षण किया और जल संसाधन विभाग को तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद रविवार को जल संसाधन विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह और उपयंत्री डीआर कुम्हार की टीम मौके पर पहुंची। उनके साथ नगर परिषद के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### जेसीबी से नहरों की सफाई शुरू, रुका पानी बहा तालाब की ओर

अधिकारियों ने मौके पर जेसीबी मंगवाकर बंद पड़ी नहरों की खुदाई शुरू करवाई। यह नहर डूडा की तलैया से पोखना तालाब तक पानी लाने का प्रमुख मार्ग है, लेकिन वर्षों से इसमें मलबा भर गया था और कई स्थानों पर इसकी संरचना टूट चुकी थी। जैसे ही खुदाई शुरू हुई, रुका हुआ पानी तेज़ी से तालाब की ओर बहने लगा। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

### पेट्रोल पंप और क्रेशर संचालकों ने किया विरोध, थाने में शिकायत

हालांकि कार्य के दौरान एक विवाद भी सामने आया। जब खुदाई करते हुए जेसीबी नहर के उस हिस्से तक पहुंची, जो एक पेट्रोल पंप और क्रेशर प्लांट के पास था, तो वहां मौजूद जिनेश हटैया और मुकेश हटैया ने विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने काम रुकवाने की कोशिश की और ग्रामीणों से बहस कर गाली-गलौज भी की। स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीण सीधे थाने पहुंचे और दोनों के खिलाफ नहर की खुदाई में बाधा डालने की शिकायत दर्ज करवाई।

### हमारा तालाब को भरने हरसंभव रहेगा प्रयास- एसडीओ वीरेंद्र सिंह

एसडीओ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पोखना तालाब के ऐतिहासिक और पर्यावरणीय महत्व को देखते हुए नहरों की सफाई, मरम्मत और गहरीकरण का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। उपयंत्री डीआर कुम्हार ने भी बताया कि आगे अन्य अवरुद्ध जलमार्गों की पहचान कर उन्हें भी चालू किया जाएगा।

### सभी को मिलेगा लाभ- नपरि अध्यक्ष

नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रजापति ने जानकारी दी कि यह कार्य जिला कलेक्टर के निर्देश पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि तालाब में इस वर्ष भरपूर पानी आए, जिससे न केवल ग्रामीणों को लाभ होगा बल्कि क्षेत्रीय जलस्तर भी बेहतर होगा। यह तालाब सिंचाई, पशुपालन और जैव विविधता के लिए बेहद जरूरी है।

### ग्रामीणों ने जताया संतोष, दौड़ी खुशी की लहर

तालाब की ओर बहते पानी को देखकर ग्रामीणों ने तालियां बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। वर्षों से सूखा पड़ा पोखना तालाब अब फिर से लबालब होने की उम्मीद जगा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस कार्य को समय पर पूर्ण कर नहरों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

# जेवर गांव से विकास की पोल खोलती तस्वीर

## सड़क के अभाव में मरीज को चारपाई पर लाना पड़ा मुख्य सड़क तक



**जागरण, टीकमगढ़।** जिला अंतर्गत जतारा विधानसभा क्षेत्र के जेवर गांव से एक मार्मिक और आंखें खोल देने वाली तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की पोल खोल कर रख दी है। गांव में सड़क नहीं होने के कारण एक बीमार व्यक्ति को परिजन चारपाई पर लादकर काफी दूर तक पैदल चलकर मुख्य सड़क तक लाए, ताकि उसे किसी वाहन से अस्पताल पहुंचाया जा सके। यह घटना सिर्फ एक मरीज की नहीं, बल्कि उस पूरे क्षेत्र की उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन चुकी है। गौर करने वाली बात यह है कि एक तरफ शासन और प्रशासन शहरों में सीमेंट-कंक्रीट की सड़कें बनाने और सीसी पर सीसी डालने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर जेवर जैसे गांव आज भी कच्ची पगडंडियों पर चलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सड़क निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। बारिश के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जहां कीचड़ और जलभराव से मरीजों को ले जाना किसी जंग से कम नहीं होता।

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तसवीरें

जेवर गांव की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और लोगों का आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन इस तस्वीर को देखकर चेतता है या फिर यह दृश्य भी अन्य ग्रामीण इलाकों की तरह सिर्फ खबरों तक सिमटकर रह जाएगा।

### जनता ने प्रशासन से की मांग

गांव में जल्द से जल्द पक्की सड़क बनाई जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में किसी भी व्यक्ति को सुरक्षित और समय पर अस्पताल तक पहुंचाया जा सके।

# हरियाली तीज पर महिला मंडल ने किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**जागरण, टीकमगढ़।** हरियाली तीज के पावन अवसर पर डोंगा रोड स्थित चंदा प्रभु मंदिर परिसर में महिला मंडल द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना रहा। महिला मंडल की सक्रिय मंत्री श्रीमती रश्मि जैन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख रूप से अंकित जैन, वर्षा जैन, प्रीति जैन, ममता जैन, वर्षा जैन (पारोन), सुनीता जैन और सोनाली जैन की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण जागरूकता और महिला सहभागिता का संदेश दिया गया, जिसे सभी ने सराहा।

# पुलिस ने अज्ञात चोरी का सफलतापूर्वक किया खुलासा

**जागरण, पन्ना।** थाना रैपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जरगवा में घटित दो चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा थाना रैपुरा पुलिस द्वारा किया गया है। प्रथम घटना दिनांक 18/07/2025 को फरियादी फग्गू दुबे निवासी जरगवा के घर पर घटित हुई थी, जिसमें अज्ञात चोर चोरी के उद्देश्य से घर में घुसा, किंतु फरियादी के जाग जाने पर कोई भी वस्तु चुराए बिना ही भाग निकला। इस संबंध में थाना रैपुरा में अपराध क्रमांक 174/25, धारा 331(4) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। द्वितीय घटना दिनांक 22-23/07/2025 की रात्रि में ग्राम जरगवा निवासी फरियादी खिलान सिंह के घर में अज्ञात चोर ने प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़ते हुए एक जोड़ी चांदी की पायल (वजन लगभग 150 ग्राम, अनुमानित कीमत ?15,000/-) तथा ?40,000/- नगद चोरी कर लिया। इस संबंध में थाना रैपुरा में अपराध क्रमांक 179/25, धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित उक्त चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान, तथा एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

### मुखबिर सूचना पर आरोपी गिरफ्तार

टीम द्वारा सतत प्रयास कर मुखबिर की सूचना पर संदेही पुस्सु उर्फ पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर निवासी जरगवा को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया, जिसके पास से चोरी गया मशरूका एक जोड़ी चांदी की पायल (वजन लगभग 150 ग्राम, कीमत ?15,000/-) नगद ?25,000/- कुल मशरूका ?40,000/- बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय जेएमएफसी पवई में पेश किया गया।

### संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उप निरीक्षक संतोष सिंह यादव के नेतृत्व में,सउनि यशवंत सिंह,प्रआर धीरेंद्र सिंह ,बाबू सिंह, रवि खरे, आरक्षक अतुल मेहरा, राजेश पटेल, राहुल,म.आर भारती लोधीका विशेष योगदान रहा, जिनकी तत्परता एवं टीम भावना के चलते यह सफलता संभव हो सकी। थाना रैपुरा पुलिस नागरिकों की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के लिए कटिबद्ध है। आम जनता से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना पर दे।

# अवैध शराब के परिवहन का इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल, राहुल और कैरी ने प्रशासन का उड़ाया माखौल

### खुद बनाए वीडियो, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले में अवैध शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे खुद ही अपनी गैरकानूनी गतिविधियों के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां राहुल लाला सेन और कैरी यादव नामक युवकों के इंस्टाग्राम अकाउंट्स से ऐसे वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें वे अवैध रूप से शराब का परिवहन करते नजर आ रहे हैं। इन वीडियो में आरोपी 4 पहिया वाहनों पर शराब की पेटिया खुलेआम ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं, और उन्होंने खुद ही इनका वीडियो बना कर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पूरे जिले में हड़कंप मच गया है।

### पुलिस और सायबर सेल की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

अब यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब अवैध कार्य करने वाले खुद ही वीडियो डाल रहे हैं, तो फिर पुलिस और साइबर सेल क्यों मौन है? क्या इन युवकों पर अब तक कोई कार्रवाई हुई है? और यदि नहीं हुई है, तो क्यों?

### क्या पुलिस अधीक्षक लगाएंगे अंकुश?

टीकमगढ़ जिले में पहले भी अवैध शराब की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में कार्रवाई न के बराबर होती रही है। अब जनता यह जानना चाहती है कि क्या पुलिस अधीक्षक ऐसे मामलों पर सख्त कदम उठाएंगे? या फिर यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा? यदि समय रहते इन सोशल मीडिया एक्टिव अपराधियों पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह कानून व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। साथ ही युवा वर्ग के बीच गलत संदेश भी जाएगा कि सोशल मीडिया पर ऐसे अपराध करना भी एक स्टाइल बनता जा रहा है।

# पन्ना पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरुकता अभियान के तहत कोतवाली थाना क्षेत्र मे आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रम






**जागरण, पन्ना ।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संपूर्ण प्रदेश में संचालित नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पन्ना जिले में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में यह अभियान सतत रूप से प्रभावी एवं व्यापक रूप से संचालित किया जा रहा है। आज कोतवाली क्षेत्र में इस अभियान के अंतर्गत अनेक जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य समाज में नशे के विरुद्ध चेतना का विस्तार करना तथा नागरिकों को नशामुक्ति की ओर प्रेरित करना रहा।

लवकुश वाटिका में प्रमुख आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों एवं शहर में सक्रिय विभिन्न एन.जी.ओ. के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी साझा की गई तथा माननीय पुलिस महानिदेशक महोदय का वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया। उपस्थितजनों ने नशामुक्त रहने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

यहां जागरूकता अभियान के अंतर्गत लाउडस्पीकर के माध्यम से कर्मचारियों एवं खरीदारी हेतु आए नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत लोगों ने हस्ताक्षर कर नशे से दूर रहने एवं अभियान का समर्थन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

शासकीय पिछड़ावर्ग बालक छात्रावास, सिविल लाइन चौकी क्षेत्र छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को नशामुक्त रहने और इस सामाजिक मुहिम में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पन्ना पुलिस ने समाज के विभिन्न वर्गों में नशामुक्ति को लेकर संवाद स्थापित किया तथा नशे के खिलाफ जन-सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में सार्थक पहल की।

## पांच दिन से लापता बेटे का नहीं लगा सुराग

**जागरण, पवई।** पवई थाना अंतर्गत ग्राम मुराछ से एक 30 वर्षीय युवक का 5 दिनों से अपने घर से गायब होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार राजकुमार चौधरी पिता राम प्यारे चौधरी उम्र 30 वर्ष बीते पांच दिन पहले अपने घर मुराछ से एमपी 35 एम जे 1429 एचएफ डीलक्स हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल के साथ लगभग दो लाख रुपए नगद लेकर अपनी बड़ी मम्मी मुलिया बाई से गुनौर जाने को कह कर गया था,जो अभी तक घर वापस नहीं आया। बेटे की कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों के द्वारा लगातार फोन पर संपर्क किया गया,सभी संबंधियों में पूछताछ की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली जिसके बाद रविवार को परिजन पवई पुलिस थाने पहुंचे,जहां उन्होंने आवेदन दिया। पुलिस ने गुमइंशा कायम कर गुम शुदा व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।परिजनों ने बताया कि वह बाहर राजस्थान में अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहता था और काम करता था,उसकी किसी से किसी तरह की कोई बुराई नहीं थी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान के तहत होगी खेल प्रतियोगिता

**जागरण, पन्ना।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा स्वस्थ्य एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए विगत 15 जुलाई से नशे से दूरी है जरूरी नाम से नशा जनजागृति अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 30 जुलाई तक चलेगा। इस क्रम में युवाओं को खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तथा खेल प्रशिक्षकों के साथ युवा एवं खिलाड़ियों के मध्य जनजागरूकता अभियान आयोजित करने के लिए मंगलवार, 29 जुलाई को छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में कबड्डी एवं मलखम्ब खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर नशामुक्ति की शपथ भी होगी। इसके अलावा शाम 5 बजे छत्रसाल स्टेडियम से पैदल मार्च भी निकाला जाएगा।

## पन्ना जिले में 801.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**जागरण, पवई।** जिले में इस वर्ष एक जून से 27 जुलाई की अवधि में 801.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 855.6 मिमी, देवेन्द्रनगर में 847.3 मिमी, गुनौर में 849.1 मिमी, अमानगंज में 922.2 मिमी, पवई में 715 मिमी, सिमरिया में 522.4 मिमी, शाहनगर में 773.5 मिमी, रैपुरा में 766.9 मिमी तथा अजयगढ़ में 961.2 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

## छतरपुर पुलिस द्वारा जिले के होटल एवं ढाबों में की गई चैकिंग, जानकारी एकत्र कर रजिस्टर में की गई प्रविष्टि

**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी होटल एवं ढाबों में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान ढाबा/होटल का नाम, समय, संबंधित पुलिस बीट क्षेत्र, ढाबा संचालक का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ संकलित की गईं। चैकिंग में यह भी देखा गया कि ढाबा संचालन के लिए वैध लाइसेंस उपलब्ध है या नहीं, वहाँ कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है, उनके नाम, पते व मोबाइल नंबर दर्ज हैं या नहीं तथा उनका पुलिस सत्यापन हुआ है या नहीं। इसके अतिरिक्त, परिसर में ष्टष्टञ्ज कैमरे लगे हैं अथवा नहीं, वे क्रियाशील स्थिति में हैं या नहीं, और उनकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रूप से संग्रहीत की जा रही है या नहीं ङ्क इन बिंदुओं की भी गहन जांच की गई। अभियान के दौरान किसी संदिग्ध व्यक्ति की मौजूदगी, शराब, गांजा या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री अथवा सेवन, जुआ या अन्य किसी आपराधिक गतिविधि की संभावित सूचना तथा संदिग्ध वस्तु की मौजूदगी की भी जांच की गई। चैकिंग की पूरी जानकारी संबंधित थानों के रोजनामचे, निर्धारित रजिस्टर एवं बीट पुस्तिका में विधिवत दर्ज की गई है।

# प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में बुंदेलखण्ड के ऐतिहासिक किलों का किया उल्लेख

**जागरण, पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मासिक मन की बात कार्यक्रम के 124वें संस्करण में अजयगढ़ सहित बुंदेलखण्ड के ऐतिहासिक किलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये किले सिर्फ ईंट पत्थर के नहीं हैं, बल्कि ये हमारी संस्कृति के प्रतीक भी हैं। आज भी इन किलों की दीवारों से संस्कार और स्वाभिमान की झलक मिलती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि इन किलों की यात्रा करें और अपने इतिहास को जानकर गौरव महसूस करें।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 से 11.30 बजे तक मन की बात रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण किया जाता है। यह कार्यक्रम देशवासियों से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए राष्ट्र निर्माण के मार्ग में महत्वपूर्ण योगदान से संबंधित देशभर की प्रेरणादायक जानकारियां प्राप्त होती हैं।



## रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सुकन्या रक्षा अभियान 30 सितम्बर तक

**जागरण, पन्ना।** डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने हेतु 25 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक सुकन्या रक्षा अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सुकन्या समृद्धि योजना के वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ समाज में बालिकाओं के भविष्य के प्रति जागरूकता बढाना है। अधीक्षक डाकघर ने बताया कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर इस अभियान की शुरूआत की जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक शाखा डाकघर में संबंधित क्षेत्र की योग्य बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता, बचत बैंक खाता, आवर्ती जमा (आरडी) एवं सावधि जमा (टीडी) खाता खोले जाएंगे। यह अभियान न केवल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करेगा।

# यातायात पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाने वाले एवं शराब के नशे की हालत में वाहन चालकों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही

**जागरण, पन्ना।** प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाने वालों एवं यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने वालों के विरुद्ध की गई चालानी कार्यवाई घटित सड़क दुर्घटनाओं व उनमें होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विशेष अभियान संचालित किये जा रहे है । जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चौहान व अनुविभागीय अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार द्वारा शहर के अन्दर प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाने पर से ट्रक क्रमांक क्क71झ9448 चालक के विरूद्ध चलानी कार्यवाही कर 5000 / - रूपये जुर्माना बसूल किया साथ ही दौरान वाहन चैकिंग दो पहिया में हेलमेट धारण न करने वाले , चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट न धारण करने वाले एंव मोटर अधिनियम का उल्लंघन करने वाले कुल 25 वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही की जाकर 12500 /- रूपये जुर्माना बसूल किया गया साथ शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 02 ट्रक चालको विरूद्ध कार्यवाही की गयी । तथा आमजन को हेलमेट धारण करने व चार पहिया में सीट बेल्ट धारण कर एंव नशे की हालत में वाहन न चलाने की समझाईश दी ।



### समाधान ऑनलाइन 30 जुलाई को


**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 30 जुलाई को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। कार्यक्रम शाम 4 बजे एनआईसी केन्द्र में आरंभ होगा। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### मैहर जिले में अब तक 677 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 27 जुलाई 2025 तक 677 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 713 मि.मी., मैहर में 606.4 मि.मी. एवं रामनगर में 711.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है।

# अधिक शराब के सेवन से बढ़ जाता है हेपेटाइटिस का खतरा

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस आज, पांच प्रकार के होते है हेपेटाइटिस वायरस




**जागरण सतना**

28 जुलाई को हर साल दुनियाभर में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है ताकि हेपेटाइटिस की बीमारी से बचा जा सके। हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी बीमारी है। लिवर हमारे शरीर का एक जरूरी अंग है जो खून में से टॉक्सिन्स को साफकरने के साथ ही भोजन पचाने की प्रक्रिया में मदद करता है। हालांकि हेपेटाइटिस होने पर संक्रमण के कारण लीवर में सूजन आ जाती है। इसके कारण लीवर पर असर पड़ता है। ये गंभीर और जानलेवा बीमारी हैए जिसका इलाज भी आम मरीजों के लिए काफी महंगा होता है। ऐसे में हेपेटाइटिस होने के कारणों को जानकर बचाव के उपाय कर सकते हैं। वहीं हेपेटाइटिस के लक्षणों के बारे में भी जान लें ताकि समय रहते सही इलाज अपना सकें।

### हेपेटाइटिस क्या है

हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी बीमारी है जो संक्रमण के कारण होती है। इस बीमारी में लिवर में सूजन आ जाती है। हेपेटाइटिस एक महामारी बनती जा रही है जिसके कारण हर साल मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। हेपेटाइटिस के सभी प्रकारों को गंभीरता से लेना चाहिए। इस बीमारी को लेकर जागरूकता पैदा करके और जन्म के बाद शिशु को वैक्सीन देकर हेपेटाइटिस के खतरे से बचाया जा सकता है।

### हेपेटाइटिस के प्रकार

हेपेटाइटिस वायरस पांच प्रकार के होते हैं। इसमें हेपेटाइटिस एए बीए सीए डी ई शामिल है। पांचों प्रकार के हेपेटाइटिस खतरनाक है। गंभीरता के आधार पर भी हेपेटाइटिस को पहचाना जाता है। एक्यूट हेपेटाइटिस में अचानक लीवर में सूजन आती है जिसके लक्षण 6 महीने तक रहते हैं। इलाज होने पर रोग धीरे धीरे ठीक होने लगता है। एक्यूट हेपेटाइटिस आमतौर पर एचएवी इंफेक्शन के कारण होता है। दूसरा क्रॉनिक हेपेटाइटिस हैए जिसमें एचइवी इंफेक्शन रोगी के इम्यून सिस्टम को बुरी तरह प्रभावित करता है। लीवर कैंसर और लिवर की बीमारी के कारण ज्यादा लोगों की मौत हो रही है। एचडीवी वायरस के कारण हेपेटाइटिस डी से ग्रसित हो सकते हैं। जो लोग पहले से एचबीवी वायरस से संक्रमित होते हैं वह इस वायरस से भी संक्रमित हो सकते हैं। हालांकि एचडीवी और एचबीवी दोनो ही वायरस के एक साथ एक ही रोगी में होने से स्थिति गंभीर हो जाती है।

### अधिक शराब के सेवन से बढ़ जाता है हेपेटाइटिस का खतरा

हेपेटाइटिस ई एचईवी वायरस के कारण होता है। ज्यादातर देशों में विषाक्त पानी और खाने के कारण हेपेटाइटिस का यह वायरस फैला हुआ है। इसके अलावा ज्यादा दवाइयों के सेवन से भी लिवर सेल्स में सूजन आने लगती है और हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। अधिक शराब का सेवन करने से हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ता है। एल्कोहल हमारे लिवर को सीधे प्रभावित करती है और शरीर के दूसरे भागों में भी इसका सर्कुलेशन होने लगता है जो खतरा बन सकता है।

### ये है लक्षण

हमेशा थकान महसूस होना , त्वचा की रंगत पीली होना, आंखों के सफेद हिस्से का रंग पीला पड़ जाना, भूख न लगना या कम लगना, उल्टी आना या जी मिचलाना , पेट दर्द और सूजन होना, सिर दर्द व चक्कर आना, यूरिन का रंग बदलना, अचानक वजन कम होने लगता, पीलिया होना या कई सप्ताह तक बुखार बना रहना।



हेपेटाइटीस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जेल में निरुद्ध कैदी हाई रिस्क ग्रुप ट्रक चालक नशे के आदी एच आई वी रोगी तंबाकू के सेवन वाले टी बी रोगी एवं समस्त गर्भवती महिलाओ की प्रतिवर्ष लगभग पचास हज़ार व्यक्तिओ की प्रतिवर्ष जाँच की जा रही है । सुरक्षित रक्ताधान को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक रक्त दाता का हेपेटाइटिस जांच अनिवार्य किया गया है । यदि कोई गर्भवती महिला हेपेटाइटिस पाजिटिव होती है ऐसी स्थिति में गर्भवती महिला का प्रसव जिला अस्पताल सिविल अस्पताल मैहर अमरपाटन नागौद में से किसी एक अस्पताल में करवा कर नवजात को हेपेटाइटिस इम्युनोग्लोबुलिन लगाया जाता है जिससे नवजात को संक्रमण से बचाया जा सके । इस वर्ष ऐसे 26 बच्चो को यह इंजेक्शन लगाया गया है । प्रसव उपरांत गर्भवती महिला का वायरल लोड की जांच उपरांत उपचार योग्य पाये जाने पर उपचार किया जाता है वर्तमान में सतना जिले के 88 मरीजो को जिला अस्पताल में उपचार प्रदान किया जा रहा है।

**डॉ एल.के.तिवारी**
**सीएमएचओ जिला सतना**

# धान रोपकर कांग्रेस ने जताया विरोध, सितपुरा-छीन्दा मार्ग की दुर्दशा पर भाजपा सरकार और प्रशासन को घेरा



**जागरण सतना।** रैगांव विधान सभा क्षेत्र के सोहावल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन एवं सितपुरा मंडलम के नेतृत्व में रविवार को सितपुरा. छिंदा मार्ग पर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया। खराब सड़क और प्रशासन की लापरवाही के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर धान की रोपाई कर सरकार को जगाने का प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं ने इसे मध्य प्रदेश की गूंगी और बहरी भाजपा सरकारष् के खिलाफ जनआक्रोश की आवाज बताया। प्रदर्शन के दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजभान सिंह राज,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती गीता सिंह,सोहावल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सिंह,महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रभा जित्तू बागरी एवं प्रदेश सचिव वंदना देवराज बागरीए युवक कांग्रेस रैगांव विधानसभा अध्यक्ष शिवम् सिंह परिहार सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि सितपुरा. छिंदा मार्ग की हालत इतनी खराब है कि राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन चुप बैठा है। जगह.जगह गड्ढों और कीचड़ से भरे इस मार्ग पर अब आवाजाही खतरे से खाली नहीं है क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से लगातार आवाज उठाई जा रही है आज न तो क्षेत्र की विधायक ने कोई सुध ली न जिला प्रशासन कोई भी कारगर कदम नहीं उठाया जो कि बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है विरोध प्रदर्शन में सितपुरा मंडलम अध्यक्ष बिटलु सिंह, राजीव सिंह,आरवेन्द्र सिंह गांधी , प्रवीण बागरी बेटा, भोलू सिंह भूलनी, लकी सिंह, धर्मेंद्र रजक, अनुराग गर्ग, सुशील चौधरी, रानी बुनकर, कुमारे चौधरी, राजबहादुर बागरी, रवेंद्र मिश्रा,धनु सिंह,गुड्डू सिंह, सोहन बारी,बालमहेद्र अहिरवार,छोटू बागरी समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# वृक्ष हमारे जीवन की धरोहर : प्रतिमा बागरी

## अनुभूति फाउंडेशन ने रोपे 1100 पौधे



**जागरण सतना।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्यरत अनुभूति फाउंडेशन द्वारा रविवार को सतना.रीवा बायपास मार्ग पर पौधरोपण के प्रथम चरण में 1100 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों एवं सेवा मित्रों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी रहीं। विशिष्ट अतिथियों में महापौर योगेश ताम्रकार पूर्व जनपद अध्यक्ष गेंदलाल पटेल प्रदीप यादव वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ डी के तिवारी तथा अध्यक्ष संजय बड़ेरिया मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव पीयूष गुप्ता ने किया। पौधरोपण करते हुए राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि श्पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षों को सुरक्षित रखना नितांत आवश्यक है। धरती को हरा.भरा बनाए रखने के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा उनकी देखरेख के लिए भी सजग रहना चाहिए।

### प्रदूषण निवारण मंडल के सर्वे के आधार पर मिला पुरस्कार : महापौर

महापौर योगेश ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सतना नगर निगम को जो पर्यावरण संरक्षण हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है उसमें सबसे बड़ा योगदान अनुभूति फाउंडेशन का रहा है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार प्रदूषण निवारण मंडल के सर्वे के आधार पर मिला जिसमें तीन मुख्य बिंदु शामिल थे कृ तालाबों का संरक्षणए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और वृक्षारोपण। नगर निगम ने तीन वर्षों में सात तालाबों का निर्माण करायाए तीन एसटीपी लगाए गए जिनमें से धवारी का प्लांट कार्यशील है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह संबंधी बैठक आज

**जागरण सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में 28 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे टीएल मीटिंग के पूर्व बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्रशासनिक, पुलिस और विभाग प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे।

# नशे से स्वास्थ्य ही नही आर्थिक नुकसान भी : रेनू मिश्रा

## उप जेल मैहर एवं ग्रामीण अंचलों में नशे के विरुद्ध जागरुकता अभियान



**जागरण सतना।** नशे के गंभीर परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त जिलों में विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में मैहर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रांतर्गत लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 27 जुलाई को उप जेल मैहर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह द्वारा कैदियों को यह बताया गया कि आप में से कई लोग नशे की हालत में कोई गंभीर अपराध कारित कर यहां तक पहुंचे हैं। कार्यक्रम में नशा न करने की शपथ दिलाई गई एवम हस्ताक्षर कराए गए। इस दौरान उप जेल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।कार्यक्रम में अभियोजन अधिकारी नरेंद्र उपाध्याय यातायात प्रभारी नृपेंद सिंह उपजेल मैहर के जेलर रामजी त्रिपाठी उप निरीक्षक अशोक सेंगर व मैहर थाने का अन्य स्टाफ एवं जेल विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम ओबरा कठहा एवम भीशमपुर में ग्रामीणों को नशे से होने वाली बीमारियों व नशे से उत्पन्न पारिवारिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर ओबरा गांव में मेहमान के रूप में आए एक व्यक्ति ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि तंबाकू सेवन के कारण उन्हें मुँह का कैंसर हो गया था जिसके चलते उनका ऑपरेशन हुआ। अब उन्होंने तंबाकू से पूरी तरह दूरी बना ली है।

### हो सकती है गंभीर बीमारियॉ : टीआई अमदरा

अमदरा टीआई रेनू मिश्रा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर अमदरा थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार द्वारा ग्राम विष्णुपुर उपनिरीक्षक आकाश बागड़े व स्टाफ द्वारा रामनगर कस्बा में एवम थाना ताला स्टाफ द्वारा ग्राम ताला क्षेत्रांतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को समझाया गया कि नशा केवल स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि पारिवारिक सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी बेहद नुकसानदायक है। इससे गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं साथ ही पारिवारिक कलह आर्थिक तंगी और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न होती है। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है ताकि आने वाली पीढ़ियाँ एक स्वस्थ जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण कर सकें।

# दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में 1193 मरीज हुये लाभान्वित



**जागरण सतना।** गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन समारोह विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता बिरला विकास हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि अजय अग्रवाल , प्रदीप ताम्रकार रहे एवं सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र ने सर्वप्रथम भारत माता व सेवा न्यास के मार्गदर्शन व प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दा एवं बाई के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन किया व उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। डॉ राकेश मिश्र जी ने सेवा न्यास के द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक्शन बालाजी कैंसर हॉस्पिटल के 20 डॉक्टरों की ट ीम द्वारा आज 627 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सेवा न्यास की मातृ शक्ति की टीम के द्वारा महिला स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। शैलेंद्र प्रताप सिंह ने आगे कहा की मैं सेवा न्यास कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं जो कि दिन.रात एक करके जरूरतमंदों की सेवा कर रहे हैं। शैलेंद्र प्रताप सिंह ने आगे कहा की चिकित्सा के क्षेत्र में मेरी बेटी दामाद डॉक्टर हैं मैं समझ सकता हूं डॉक्टर की व्यस्तता क्या होती है।

# चोरहटा के समस्त फीडरों की सप्लाई आज बंद रहेगी

**जागरण सतना।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सतना के कार्यपालन अभियंता पंकज द्विवेदी ने बताया कि 28 जुलाई को 132 केव्ही उपकेन्द्र अमरपाटन में 63 एमव्हीए बीबीएल एक्समर कन्डक्टर बदलने के लिए मेंटीनेंस किये जाने का प्रावधान बनाया गया है। जिसमें 33 केव्ही सतना फीडर को ऊर्जित करने वाले 33/11 केव्ही उपकेन्द्र चोरहटा से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडरों की सप्लाई प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी।

# जिले में अब तक 631.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**जागरण सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 27 जुलाई तक 631.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 786.7 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 563.7 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 739.8 मि.मी, बिरसिंहपुर में 536.4 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 547.3 मि.मी., नागौद में 785.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 300 मि.मी. एवं उचेहरा में 790.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 270.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# 1376 बूथ केंद्र पर सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात



**जागरण सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम 27 जुलाई को लाइव प्रसारण के माध्यम से राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अनुकरणीय विचारों के जन.जन तकए कार्यकर्ता सर्व समाज को एकत्रित करते हुए श्री मोदी के विचारों को सुनीगई । भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने श्मन की बात कार्यक्रम को वार्ड 22 में बूथ नंबर 267 में कार्यकर्ताओं के साथ सुना इस अवसर पर भाजपा मन की बात कार्यक्रमए जिले के सभी 26 मंडलों के 1376 बूथ केंद्र पर स्क्रीन लगाकर सर्व समाज को कार्यकर्ता जागरूक होकर के साथ सुनवाया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बातए के विचार युवाओं किसानों गरीबों और मजदूर महिलाओं योग शिक्षा स्वच्छता एवं खेल तथा निर्धारित विषयों के साथ अपना मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा श्री मोदी के इस कार्यक्रम के माध्यम से हर समाज में जागरूकता आई है।सभी कार्यकर्ताओं ने अपने.अपने बूथ पर 11 बजे बड़ी स्क्रीन लगाकर सर्व समाज के लोगों को एकत्रित करते हुए इस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से संपन्न करते हुए मोदी जी के मन की बात के विचारों को लोगों को सुनवाया। श्री मोदी के विचारों के साथ हर समाज जागृत होकर आत्मनिर्भर बने। कार्यक्रम के फोटो के उपरांत संगठन अप मोदी एप पर भेजे गए कार्यक्रम के जिला मंडल के मन की बात के प्रभारीए मंडल अध्यक्षों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ कार्य किया। शहर के वार्ड क्रमांक 06 के बूथ नंबर 120 पार्टी जिला कार्यालय में मध्य प्रदेश शासन कि मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सांसद गणेश सिंह महापौर योगेश ताम्रकार पूर्व महापौर ममता पांडेय की उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के उपरांत सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि श्मन की बातश् न केवल प्रधानमंत्री और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैए बल्कि यह कार्यक्रम हमें राष्ट्र सेवा के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा भी देता है।

# खरीफ फसल पर खतरा, खाद की किल्लत से परेशान किसान

**जागरण सतना।** खरीफफसल की शुरुआत के साथ ही किसानों की परेशानियाँ बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र में धान की रोपाई शुरू हो चुकी है लेकिन खाद की भारी किल्लत किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है स्थानीय सहकारी सोसाइटियों पर अभी तक यूरिया और डीएपी जैसी जरूरी खाद उपलब्ध नहीं हो पाई है जिससे समय पर फसल की बुआई और देखरेख में बाधा आ रही हैकिसानों का कहना है कि वे पहले ही मानसून की अनियमितता से जूझ रहे हैं और अब खाद की अनुपलब्धता से फसल की लागत बढ़ती जा रही है खुले बाजार में खाद ऊंचे दामों पर बिक रही है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर किसान और अधिक संकट में हैं कृषि विभाग और प्रशासन की उदासीनता से किसानों में रोष है कोटर के किसान मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि फसलों की बर्बादी रोकी जा सके यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में खाद संकट के चलते उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका है प्रशासन से शीघ्र किसानों तक खाद पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।



















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com